

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 317 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 26 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**



बलिया : जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने ग्राम पंचायत गोपालपुर में बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी अत्रेय मिश्रा को निर्देश दिया कि विस्थापित लोगों के रहने की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही उनके भोजन, पानी, बिजली और स्वास्थ्य की भी देखभाल की जाए।

जिलाधिकारी ने इस संबंध में आसपास के लोगों से भी जानकारी ली। लोगों ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि प्रशासन की तरफ से उन्हें सारी सुविधाएं मिल रही है। साथ ही कुछ एनजीओ भी विस्थापित लोगों की मदद कर रहे हैं । जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से कहा कि आश्रय स्थलों में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। विस्थापित लोगों को प्रशासन की तरफ से हर सुविधा उपलब्ध कराई जाए साथ में सोलर लाइट की व्यवस्था की जाए, जिससे रात में सांप बिच्छू या अन्य जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा हो सके।

### भाखड़ नाला की सफाई की प्रगति जानी

बाढ़ क्षेत्र के बाद जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल भाखड़ नाला देखने गई। उन्होंने इस नाले की सफाई का कार्य अति शीघ्र कराने का निर्देश भूमि संरक्षण अधिकारी संजय यादव को दिया। भूमि संरक्षण अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि कुछ काश्तकारों की जमीने नाले के रास्ते में आती हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि काश्तकारों और ग्राम प्रधानों से उप जिला अधिकारी बैरिया की उपस्थिति में बैठकर बात की जाए और किसानों को समझाया जाए कि यदि नाले की सफाई हो जाएगी तो बारिश के मौसम में उन्हें अपनी जमीन में कम से कम दो फसलें उगाने का मौका मिलेगा। साथ ही जमीन भी बेकार नहीं जाएगी। यदि किसी किसान की जमीन नाले की सफाई के दौरान अधिक मात्रा में आती है तो उसे पट्टे की जमीन उपलब्ध कराई जाए।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्साह के साथ मनाया गया भगवान श्री कृष्ण का छठिहार

### समूह में बैठ महिलाओं ने गाया पारंपरिक जन्म गीत सोहर

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण।**



रतसर (बलिया) : नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपरान्त छठिहार मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पूजन-अर्चन के साथ ही भण्डारे का आयोजन करते हुए प्रसाद का भी वितरण किया गया। साथ ही साथ अलग-अलग स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी आयोजन की भी धूम रही।

भगवान के छठिहार में महिलाओं ने ढोलक की थाप एवं मंजीरे पर गोकुल में बजत है बधैया, नन्द के घर जन्में कन्हैया, एक बंशी बाजे दुसर बंशी अवरु न हो ललना जन्में ल कृष्ण कन्हैया ... आदि सोहर गीत गाया। साथ ही आए हुए श्रद्धालुओं को हलवा एवं पूड़ी का वितरण किया। क्षेत्र के जनऊपुर, नूरपुर, मसहां, बाराबांध, अरईपुर सहित विभिन्न इलाकों में भगवान श्री कृष्ण के छठिहार पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व भण्डारे का आयोजन किया गया। वहीं स्थानीय पुलिस चौकी पर चौकी इंचार्ज गिरिजेश सिंह की देख-रेख में पूजन-अर्चन के बाद विशेष भण्डारे का आयोजन करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया।

## नोएडा सीईओ ने किया ट्विन टॉवर का निरीक्षण

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**





नोएडा के सेक्टर 93 बी में सुपरटेक द्वारा ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से बनाए गए ट्विन टावर को ध्वस्त करने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 28 अगस्त को दोनों टॉवरों के ध्वस्तीकरण की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दिशा में आजे नोएडा विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्य पालक अधिकारी (सीईओ) ऋतू माहेश्वरी ने ट्विन टावर की ध्वस्तीकरण और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ प्राधिकरण और अन्य विभागों के आलाधिकारी भी उपस्थित रहे। बता दें कि इस सिलसिले में एमरोल्ड सोसायटी में एक बैठक में नोएडा विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, एनडीआरएफ के अधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल थे।

निरीक्षण के दौरान नोएडा सीईओ ऋतू माहेश्वरी ने बताया कि सीबीआरआई की स्ट्रेंथनिंग की जो रिपोर्ट है वह आज शाम तक आएगी। इसके बाद हम फाइनल फैसला लेंगे कि हम 28 को डिमोलिश (ध्वस्त) करेंगे या एक हफ्ते का जो कुशन पीरियड मिला है उसका इस्तेमाल करेंगे। लेकिन अब तक की तैयारियों के हिसाब से 28 अगस्त को ध्वस्तीकरण के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एयर पॉल्यूशन (प्रदूषण) के लिए मीटर लगा दिया गया है। हालांकि इसका कोई साइंटिफिक डेटा जुटा पाना मुश्किल है। ध्वस्तीकरण के बादे थोड़ी देर के लिए डस्ट होगा। उसे नष्ट करने के लिए स्मॉग गन और मैकेनिकल स्विपिंग की व्यवस्था की गई है।साथ ही एयर क्वालिटी की लगातार मॉनिटरिंग होती रहेगी ताकि वापस आने वाले रेजिडेंट को किसी प्रकार का भय और आशंका न रहे।

उन्होंने कहा कि ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण से 80 हजार टन मलबा निकलने का अनुमान है। इनमें 50 हजार टन यही पर रहेगा। शेष मलबे को सीएनडी वेस्ट प्लांट में भेज देंगे। यही नहीं क्रैक गाज 27 अगस्त तक लगा दिया जाएगा। टावरों के पिलर में विस्फोटक लगाने का काम पूरा हो चुका है। ध्वस्तीकरण के दौरान एहतियात के तौर पर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे दोपहर दो बजे से तीन बजे तक बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी तरह की हादसे की आशंका के मद्देनगर घायलों के इलाज के लिए दो हॉस्पिटल आरक्षित (रिजर्व) किए गए हैं। इनमें फेलिक्स और यथार्थ हॉस्पिटल शामिल हैं।

## नोएडा: तिरंगा को सम्मानपूर्वक उतरवाने को लेकर जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**समाज जागरण नोएडा**

हर घर तिरंगा के अपार सफलता के बाद अब तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारने और सम्मानपूर्व सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबका है, ताकि हमारे राष्टवाद के गौरव को क्षति न पहुँचे

हर घर तिरंगा के अपार सफलता के बाद अब शिकायते मिल रही है कि तिरंगा सड़क पर गिरा हुआ है कचरे के बाक्स में भी मिलने की शिकायत है। जाहिर है कि इस बात से भारतीयो के गौरव को ठेस पहुँचता है। इस बात को जिलाधिकारी के संज्ञान लाने के प्रयास उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन ने किया है। रेहड़ी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया है जिसमे सड़क तथा गलियों या दूसरी जगह लगाये गए तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतरवाने की मांग की है। ताकि यह सड़क पर गिरकर रौंदा न जाय।

रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव व टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य अपर्णा शर्मा, प्रखर गुप्ता ने जिलाधिकारी को उनके आवास पर मिलकर यह ज्ञापन सौपा। अपर्णा शर्मा ने इस आशय की जानकारी मिडिया को दी है, साथ ही उन्होने कहा कि जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि यह काम जल्द से जल्द शुरू की जायेगी।

बताते चले कि भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान को लोगों ने हाथों हाथ लिया और 11 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक देश के तमाम शहर और गाँव में आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। 15 अगस्त को पूरा देश ही तिरंगामड्ट हो गया।

# भारत-अमेरिका के इस कदम से चीन को लगी मिर्ची, अब सीमा समझौते की आई याद

**जॉइंट मिलिट्री ड्रिल का विरोध करते हुए चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता तान ने कहा कि चीन-भारत का सीमा मुद्दा दोनों देशों के बीच का मसला है. उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सभी स्तर पर डायलॉग को कायम रखा है और द्विपक्षीय डायलॉग के जरिए हालात से सही से निपटने पर सहमत हुए हैं.**



भारत और चीन के बीच 16 दौर की वार्ता के बाद भी सीमा विवाद का कोई स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है. ऐसे में अपनी विस्तारवादी नीति के तहत चीन अब भारत-अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास को लेकर परेशान हो गया है. चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के साथ सीमा के मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की दखल का का पूरी तरह से विरोध करता है और उम्मीद करता है कि भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) के पास सैन्य अभ्यास नहीं करने के द्विपक्षीय समझौते का पालन करेगा. चीन पर पूर्वी लद्दाख में इन्हीं समझौतों के उल्लंघन का आरोप लगता रहा है जिसके कारण इलाके में तनाव के हालात हैं.

### इस कदम से बौखलाया चीन

चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल तान केफेई ने हिमालय की दक्षिणी तलहटी में हाल में अमेरिका और भारत के विशेष बलों के संयुक्त अभ्यास करने और 'युद्धाभ्यास' कोड नाम वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास की उनकी योजना की खबरों के संबंध में पूछे गये सवाल पर यह टिप्पणी की. दोनों देश अक्टूबर में एलएसी के पास जॉइंट मिलिट्री ड्रिल करने का प्लान कर रहे हैं. इस पर कर्नल तान ने कहा कि हम चीन-भारत सीमा मुद्दे पर किसी भी तरह किसी तीसरे पक्ष की दखल का पुरजोर विरोध करते हैं. उन्होंने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के, विशेष रूप से सैन्य अभ्यासों और प्रशिक्षण गतिविधियों पर सैन्य सहयोग में किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाये रखने में मदद करनी चाहिए.

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता तान ने कहा कि चीन-भारत का सीमा मुद्दा दोनों देशों के बीच का मसला है. उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सभी स्तर पर डायलॉग को कायम रखा है और द्विपक्षीय डायलॉग के जरिए हालात से सही से निपटने पर सहमत हुए हैं. उन्होंने चीन के रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि चीन और भारत द्वारा 1993 व 1996 में किये गये संबंधित समझौतों के मद्देनजर किसी भी पक्ष को छअउ के पास के क्षेत्रों में दूसरे के खिलाफ सैन्य अभ्यास करने की इजाजत नहीं है.

### अब आई सीमा समझौते की याद

कर्नल तान केफेई ने कहा, ह्यउम्मीद की जाती है कि भारतीय पक्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई आम-सहमति का और संबंधित समझौतों का कड़ाई से पालन करेगा, द्विपक्षीय माध्यमों से सीमा मुद्दों के समाधान की अपनी प्रतिबद्धता कायम रखेगा और व्यावहारिक कार्रवाइयों के साथ सीमा क्षेत्र में शांति और अमन-चैन बनाकर रखेगा.ह्व चीन के रक्षा मंत्रालय का 1993 और 1996 के समझौतों का संदर्भ देना इस मायने में दिलचस्प है कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में छअउ के विवादित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सैनिकों को पहुंचाने की कोशिश से दोनों के बीच बड़ा सैन्य गतिरोध पैदा हो गया था जो अब तक जारी है.

भारत ने कहा है कि ढछअ की कार्रवाइयां द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन हैं. दोनों पक्षों ने फेस वाइज मिलिट्री और डिप्लोमेटिक डायलॉग के जरिए पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तरी व दक्षिणी इलाके के साथ गोगरा इलाके से सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी की थी. अभी तक दोनों पक्षों ने गतिरोध के समाधान के लिए 16 दौर की कमांडर स्तर की वार्ता की है. भारत लगातार कहता रहा है कि एलएसी पर शांति और अमन-चैन द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए अहम है.

### विदेश मंत्री जयशंकर ने लगाई लताड़

लैटिन अमेरिका देशों की यात्रा पर गये विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले सप्ताह कहा था कि चीन ने भारत के साथ सीमा संबंधी समझौतों को तोड़ा है और इससे द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि स्थायी संबंध एकतरफा नहीं हो सकते हैं और इसमें परस्पर सम्मान होना चाहिए. जयशंकर ने शनिवार को ब्राजील के साओ पाउलो में कहा कि चीन ने इसकी अवहेलना की है. कुछ साल पहले गलवान घाटी में क्या हुआ था, आप जानते हैं. उस समस्या का समाधान नहीं हुआ है और यह साफ रूप से असर डाल रहा है.

भारत और अमेरिका तेजी से बदल रहे क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच अक्टूबर में उत्तराखंड के औली में दो सप्ताह से अधिक अवधि का बड़ा सैन्याभ्यास शुरू करेंगे. रक्षा और सैन्य प्रतिष्ठान के सूत्रों ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि ह्ययुद्ध अभ्यासह्व का 18वां एडिशन 14 से 31 अक्टूबर तक चलेगा. उन्होंने कहा कि बीते साल अमेरिका के अलास्का में इसका पिछला एडिशन पूरा हुआ था.

## भूपेंद्र सिंह चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरों को मुंह मीठा करवाया

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा**




वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी जाहिर की।

शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का समाचार आते ही जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशियां मनाई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा नए कीर्तिमान को स्थापित करेगी और संगठन अत्यधिक शक्तिशाली होकर उभरेगा। इस अवसर पर शैलेंद्र जायसवाल, योगेश जैन, किसान मोर्चा जिला मंत्री ठाकुर सत्येंद्र प्रताप सिंह, गुलाम साबिर, मुकेश जैन, नरेश शुक्ला, अतुल खटीक, प्रांजल मिश्रा, मनीष साहू, दिलीप तिवारी, धीरेंद्र धीरू आदि भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## टाऊन वेंडिग कमेटी ने लाटरी के माध्यम से 30 दुकानो का किया आंवटन*

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट**



प्रयागराज, नवाब युसुफ रोड स्थित बी.एस.एन एल वेन्डिग जोन के लिए सुभाष चौराहे से हाईकोर्ट डा०अम्बेडर की मूर्ती बालमीकी चोराहा से खाबन्दा चौराहे के आस-पास मुख्य मार्ग के पटरी दुकानदारों को चिंहित वेन्डर जोन में 107 पटरी दुकानदारों को दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शहरी पथ विक्रेताओ के सहायतार्थ योजना के अन्तर्गत बी एस एन एल आकिस के पास निर्मित वेंडिग जोन में अस्थाई विस्थापन हेतु लॉटरी के माध्यम से फूड हब के लिए 30 पंजिकृत पटरी दुकानदारो को अपर नगर आयुक्त अविनाश राय की अध्यक्षता में ताऊन वेन्डिग कमेटी के सदस्यो की उपस्थिती में करायी गयी। जिसकी वीडियो ग्राफी फोटो ग्राफी के पंजिकरण की रसीद के साथ 48 दुकानदारो की लाटरी करायी गयी। टी वी सी सदस्य रवि शंकर द्विवेदी ने बताया बचे हुये 18 पथ विक्रेताओ को आगे होने वाली लाटरी में प्राथमिक्ता दी जायेगी। वर्तिका सिंह ने बताया शासन से बजट मिलते ही आगे की दुकानो आंवटन किया जायेगा। लाटरी में पी ओ डूडा वर्तिका सिंह अंशूमान गौड़ कर अधीक्षक जोन 3पुलिस विभाग से नामित सदस्य रवि शंकर द्विवेदी विमल गुप्ता मुकेश सोनकर लीला वती पाण्डे गनेश गुप्ता मो० अनस सहित नामित सदस्य उपस्थि रहे। लाटरी में मिली दुकानदारो ने पिछले कई वर्षों से इंतजार में थे कब मिलेगी दुकाने आज सपना साकार हुआ।

## बांदा: नदियों ने दिखाया अपना रौद्र रूप, केन घटी, मगर यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा**

उत्तर प्रदेश के बांदा में नदियों ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है. एक ओर जहां केन नदी खतरे के निशान को पार करने के बाद तबाही मचाने को आतुर थी, तो दूसरी ओर यमुना भी अब खतरे के निशान को पार कर गई है. हालांकि, केन का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है. केन नदी अब 102 मीटर पर बह रही है और खतरे का निशान 104 है. लेकिन यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. यमुना खतरे के निशान से करीब डेढ़ मीटर ऊपर बह रही है, जबकि खतरे का निशान 100 मीटर है.

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नदी किनारे इलाकों में पानी भर गया है, जिससे



अब लोग ऊपर की ओर आ रहे हैं. साथ ही खेतों में पानी भर गए हैं, जिससे किसानों की फसलें डूब गई हैं. जलस्तर बढ़ने से संपर्क मार्ग टूट गया है. लोग नाव के सहारे आवागमन कर रहे हैं.

प्रशासन का दावा है कि बाढ़ चौकियां और लोकल पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्ट हैं, अभी हालात कंट्रोल में हैं. अगर जलस्तर बढ़ता है और शिफ्टिंग की जरूरत पड़ती है तो उसकी व्यवस्था भी की गई है.

वहीं ग्रामीण लगातार जलस्तर स्तर बढ़ने से भयभीत हैं. उन्हें बाढ़ का खतरा और डर सता रहा है. यमुना और बेतवा नदी, उट योगी ने इनसे जुड़े जिलों को अलर्ट रहने का दिया निर्देशबांदा के डीएम अनुराग पटेल ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार है. सबसे ज्यादा पैलानी तहसील ही बाढ़ से प्रभावित होती है. अभी स्थिति आज गुरुवार तक ठीक है. गांव में पानी तो भर गया, लेकिन शिफ्टिंग की तैयारी की स्थिति नहीं है.

उन्होंने आगे बताया कि हमारे लोकल प्रशासनिक अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं. अगर शिफ्टिंग की जरूरत पड़ी तो कॉलेज में व्यवस्था की गई है. केन नदी घट रही है, लेकिन यमुना बढ़ रही है. यमुना नदी करीब डेढ़ मीटर खतरे के निशान से ऊपर है.




# महिला समानता दिवस


प्रत्येक वर्ष '26 अगस्त' को मनाया जाता है। न्यूजीलैंड विश्व का पहला देश है, जिसने 1893 में महिला समानता की शुरूआत की। भारत में आजादी के बाद से ही महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्राप्त तो था, लेकिन पंचायतों तथा नगर निकायों में चुनाव लड़ने का कानूनी अधिकार 73वे संविधान संशोधन के माध्यम से स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के प्रयास से मिला। इसी का परिणाम है कि आज भारत की पंचायतों में महिलाओं की 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है।

**26 अगस्त ही क्यों**

न्यूजीलैंड दुनिया का पहला देश है, जिसने 1893 में 'महिला समानता' की शुरूवात की। अमरीका में '26 अगस्त', 1920 को 19वें संविधान संशोधन के माध्यम से पहली बार महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। इसके पहले वहाँ महिलाओं को द्वितीय श्रेणी नागरिक का दर्जा प्राप्त था। महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लिए लगातार संघर्ष करने वाली एक महिला वकील बेल्ला अब्जुग[1] के प्रयास से 1971 से 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा।

**भारत में महिलाओं की स्थिति**

भारत ने महिलाओं को आजादी के बाद से ही मतदान का अधिकार पुरुषों के बराबर दिया, परन्तु यदि वास्तविक समानता की बात करें तो भारत में आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति गौर करने के लायक है। यहाँ वे सभी महिलाएं नजर आती हैं, जो सभी प्रकार के भेदभाव के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुकी हैं और सभी उन पर गर्व भी महसूस करते हैं। परन्तु इस कतार में उन सभी महिलाओं को भी शामिल करने की जरूरत है, जो हर दिन अपने घर में और समाज में महिला होने के कारण असमानता को झेलने के लिए विवश है। चाहे वह घर में बेटी, पत्नी, माँ या बहन होने के नाते हो या समाज में एक लड़की होने के नाते हो। आये दिन समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है,




परन्तु इन सभी के बीच वे महिलाएं जो अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है।

देश में प्रधानमंत्री के पद पर इंदिरा गाँधी और राष्ट्रपति के पद पर प्रतिभा देवी सिंह पाटिल रह चुकी हैं। दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस की शीला दीक्षित, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक अध्यक्ष जयललिता, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और 'बहुजन समाज पार्टी' की अध्यक्ष मायावती ने अच्छा नाम अर्जित किया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी को तो विश्व की ताकतवर महिलाओं में शुमार किया ही जा चुका है। यदि देश की संसद में देखें तो सुषमा स्वराज और मीरा कुमार भी भारतीय राजनीति में प्रसिद्ध हैं। कॉरपोरेट सेक्टर, बैंकिंग सेक्टर जैसे क्षेत्रों में इंदिरा नूई और चंदा कोचर जैसी महिलाओं ने भी अपना लोहा मनवाया है।
इन कुछ उपलब्धियों के बाद भी देखें तो आज भी महिलाओं की कामयाबी आधी-अधूरी समानता के कारण कम ही है। हर साल 26 अगस्त को 'महिला समानता दिवस' तो मनाया जाता है, लेकिन दूसरी ओर महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार आज भी जारी है। हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और प्रतिशत कम है।

**महिला साक्षरता**

साक्षरता दर में महिलाएं आज भी पुरुषों से पीछे हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार महिलाओं की साक्षरता दर में 12 प्रतिशत की वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन केरल में जहाँ महिला साक्षरता दर 92 प्रतिशत है, वहीं बिहार में महिला साक्षरता दर अभी भी 53.3 प्रतिशत है।

'दिल्ली महिला आयोग' की सदस्य रूपिन्दर कौर कहती हैं कि "बदलाव तो अब काफी दिख रहा है। पहले जहाँ महिलाएं घरों से नहीं निकलती थीं, वहीं अब वे अपने हक की बात कर रही हैं। उन्हें अपने अधिकार पता हैं और इसके लिए वे लड़ाई भी लड़ रही हैं।" दिल्ली विश्वविद्यालय के 'दौलत राम कॉलेज' में सहायक प्रोफेसर डॉ. मधुरेश पाठक मिश्र कहती हैं कि "कॉलेजों में लड़कियों की संख्या देखकर लगता है कि अब उन्हें अधिकार मिल रहे हैं। लेकिन एक शिक्षिका के तौर पर जब मैंने लड़कियों में खासकर छोटे शहर की लड़कियों में सिर्फ विवाह के लिए ही पढ़ाई करने की प्रवृत्ति देखी तो यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला रहा। आज भी समाज की मानसि-िकता पूरी तरह नही बदली नहीं है। काफी हद तक इसके लिए लड़कियां भी जिम्मेदार हैं।"

## नारायण सुब्बाराव हार्डिकर

जन्म- 7 मई, 1889, धारवाड़ ज़िला, कर्नाटक[1]; मृत्यु- 26 अगस्त, 1975) भारत के स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस के प्रसिद्ध राजनेता थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में प्रसिद्ध 'हिन्दुस्तान सेवादल' की स्थापना की थी। 'बंगाल विभाजन' के विरोध में नारायण सुब्बाराव ने 'आर्य बाल सभा' का गठन किया था। आजादी के बाद वर्ष 1952 में उन्हें राज्य सभा का सदस्य चुना गया था। देश के प्रति निष्ठा और सेवा भावना को देखते हुए भारत सरकार ने नारायण सुब्बाराव को 'पद्मभूषण' से सम्मानित किया था।

**जन्म व शिक्षा**

नारायण सुब्बाराव हार्डिकर का जन्म 7 मई, 1889 ई. को ब्रिटिश शासन काल में मैसूर राज्य (कर्नाटक) के धारवाड़ ज़िले में हुआ था। इनके पिता का नाम सुब्बाराव तथा माता यमुनाबाई थीं। अपनी आरंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे अध्ययन के लिए पुणे चले गए।

**राष्ट्रीय भावना का उदय**

पुणे में प्रसिद्ध क्रांतिकारी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के समाचार पत्रों में अनेक विचार पढ़कर नारायण सुब्बाराव हार्डिकर के अंदर भी राष्ट्रीय भावना का उदय हुआ। देशभक्ति की भावना मन में जागृत होते ही वे विद्यार्थी जीवन से ही सार्वजनिक कार्यों में रुचि लेने लगे। 'बंग भंग' के विरोध में उन्होंने 'आर्य बाल सभा' का गठन भी किया था।

**विभिन्न गतिविधियाँ**

इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आगे उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए नारायण सुब्बाराव 1913 में अमरीका चले गए। वहाँ उन्होंने 'मैचिंगन यूनिवर्सिटी' में अपना अध्ययन पूरा किया। प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता लाला लाजपत राय भी उन दिनों अमरीका में ही थे। भारतीय स्वतंत्रता के पक्ष में वातावरण बनाने के लिए 'हिन्दुस्तान एसोसिएशन ऑफ अमरीका' नाम की संस्था काम कर रही थी। नारायण सुब्बाराव हार्डिकर भी उसकी गतिविधियों में रुचि लेने लगे। बाद में लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में 'इंडियन लीग ऑफ अमर-ीका' नाम की संख्या बनी तो उसके मंत्री का पदभार डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर ने संभाला।

**योगदान**

भारत लौटने पर नारायण सुब्बाराव ने कर्नाटक में राष्ट्रीय भावनाओं के प्रचार के लिए अनेक संस्थाओं की स्थापना की। उनका सबसे महत्त्वपूर्ण काम 1923 में 'हिन्दुस्तान सेवादल' की स्थापना था। देश-भर में घूमकर हार्डिकर ने इस संस्था का विस्तार किया। 'हिन्दुस्तान सेवादल' का देश के स्वतंत्रता

# राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा,भाषा की भूमिका

## अज्ञानता के तमस को उजास में बदलता शिक्षा,ज्ञान का प्रगतिशील स्वरूप

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है'

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।



संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

# राशि फल

## राशिफल 26 अगस्त 2022ः आज कुंभ और मीन राशि के बिजनेसमैन अच्छा लाभ कमा सकते हैं, पढ़ें पूरा राशिफल

**आज शुक्रवार के दिन सिंह राशि वालों को वित्तीय लाभ होगा। धनु राशि के जातक प्रेम जीवन में असमंजस की स्थिति में पड़ सकते हैं। तो आइए जानते हैं सभी राशि वालों के लिए कैसा रहेगा आज का दिन**

ज्योतिष शास्त्र में वार, तिथि, ग्रह, नक्षत्र के आधार पर राशिफल की गणना की जाती है। तो आइए जानते हैं सभी राशियों के लोगों के करियर, व्यापार, नौकरी, आर्थिक और वैवाहिक जीवन की दृष्टि से कैसा रहेगा आज का दिन...

मेष राशिः कारोबार में घरवालों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में लापरवाही ना बरतें वरना बॉस की डांट पड़ सकती है। मन में संतोष के भाव पैदा हो सकते हैं। आर्थिक नुकसान हो सकता है।

वृष राशिः परिवार में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। कारोबार में कोई बड़ा ऑफर मिल सकता है। धन लाभ संभव है। अपनी सेहत का ख्याल रखें।

मिथुन राशिः आज का दिन मिथुन राशि वालों के लिए मिला-जुला रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। वाहन सावधानी से चलाएं।

कर्क राशिः जीवनसाथी की सेहत का ख्याल रखें। ऑफिस में काम की अधिकता रहेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। जीवन में किसी नए साथी का आगमन हो सकता है।

सिंह राशिः आय के साधन प्राप्त होंगे। पारिवारिक समस्याओं से चिंता में आ सकते हैं। वित्तीय लाभ संभव है। आज बनाए गए नए संपर्क भविष्य में काम आ सकते हैं।



कन्या राशिः आज के दिन किसी दोस्त से मुलाकात हो सकती है। दफ्तर में समय पर काम पूरा करने से आपकी सराहना की जाएगी। सही योजना से आगे बढ़ेंगे तो करियर में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

तुला राशिः सेहत अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके मुताबिक कार्य संपन्न होंगे। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। विदेश में नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

वृश्चिक राशिः आज वृश्चिक राशि के लोगों को कोई बड़ी खुशी मिल सकती है। कौशल विकास करें। इस राशि के पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है।

धनु राशिः आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। प्रेम जीवन में असमंजस की स्थिति पैदा हो सकती है। आर्थिक लाभ हो सकता है। आज के दिन बहुत ज्यादा काम करने से बचें।
मकर राशिः दफ्तर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी के साथ डेट पर जा सकते हैं। मन को शांत रखने की कोशिश करें। घर-परिवार के लिए भी समय निकालें।

कुंभ राशिः कुंभ राशि के लोगों को बिजनेस में बड़ी डील हाथ लग सकती है। प्रेमी के साथ समय बिताएंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। किसी की निंदा करने से बचें।

मीन राशिः आज मीन राशि वाले व्यापारियों को लाभ होगा। नौकरीपेशा लोगों का ट्रांसफर हो सकता है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। बुद्धि से किए गए कार्य सफल होंगे।

# मदर टेरेसा

**मदर टेरेसा** जन्मः 26 अगस्त, 1910, यूगोस्लाविया; मृत्युः 5 सितंबर, 1997) ने जिस आत्मीयता से भारत के दीन-दुखियों की सेवा की है, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उनका वास्तविक नाम एग्नेस गोनक्शा बोजाक्शिहउ, जिन्हें रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा 'कलकत्ता की संत टेरेसा' का नाम दिया गया है। मदर टेरसा रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने 1948 में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली थी। उन्होंने 1950 में कोलकाता में मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की थी।

**जीवन परिचय**

मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त, 1910 को 'यूगोस्लाविया' में हुआ। मदर टेरेसा के पिता का नाम निकोला बोयाजू था तथा वह एक साधारण व्यवसायी थे। एक रोमन कैथोलिक संगठन की वे सक्रिय सदस्य थीं और 12 वर्ष की अल्पायु में ही उनके हृदय में विराट करुणा का बीज अंकुरित हो उठा था। मदर टेरेसा का असली नाम ह्यअगनेस गोंझा बोयाजिजूह्ल था। अलबेनियन भाषा में गोंझा का अर्थ फूल की कली होता है। अगनेस के पिता उनके बचपन में ही मर गए, बाद में उनका लालन-पालन उनकी माता ने किया। पांच भाई-बहनों में वह सबसे छोटी थीं और उनके जन्म के समय उनकी बड़ी बहन आच्च की उम्र 7 साल और भाई की उम्र 2 साल थी, बाकी दो बच्चे बचपन में ही गुजर गए थे। गोंझा एक सुन्दर जीवंत, अध्ययनशील एवं परिश्रमी लड़की थीं। पढ़ना, गीत गाना वह विशेष पसंद करती थीं। वह और उनकी बहन आच्च गिरजाघर में प्रार्थना की मुख्य गायिका थीं। गोंझा को एक नया नाम ह्यसिस्टर टेरेसाह्ल दिया गया जो इस बात का संकेत था कि वह एक नया जीवन शुरू करने जा रही हैं। यह नया जीवन एक नए देश में जोकि उनके परिवार से काफी दूर था, सहज नहीं था लेकिन सिस्टर टेरेसा ने बड़ी शांति का अनुभव किया।

**मदर टेरेसा**
**भारत आगमन**

सिस्टर टेरेसा तीन अन्य सिस्टरों के साथ आयरलैंड से एक जहाज में बैठकर 6 जनवरी, 1929 को कोलकाता में ह्यलोरेटो कॉन्वेंटह्ल पंहुचीं। वह बहुत ही अच्छी अनु-शासित शिक्षिका थीं और विद्यार्थी उन्हें बहुत प्यार करते थे। वर्ष 1944 में वह सेंट मैरी स्कूल की प्रधानाचार्या बन गईं। मदर टेरेसा ने आवश्यक नर्सिंग ट्रेनिंग पूरी की और 1948 में वापस कोलकाता आ गईं और वहां से पहली बार तालतला गई, जहां वह गरीब बुजुर्गो की देखभाल करने वाली संस्था के साथ रहीं। उन्होंने मरीजों के घावों को धोया, उनकी मरहमपट्टी की और उनको दवाइयां दीं। सन 1949 में मदर टेरेसा ने गरीब, असहाय व अस्वस्थ लोगों की मदद के लिए ह्यमिशनरीज ऑफ चैरिटीह्ल की स्थापना की, जिसे 7 अक्टूबर, 1950 को रोमन कैथोलिक चर्च ने मान्यता दी। इसी के साथ ही उन्होंने पारंपरिक वस्त्रों को त्यागकर नीली किनारी वाली साड़ी पहनने का फैसला किया।

**आश्रम**


मदर टेरेसा ने ह्यनिर्मल हृदयह्ल और ह्यनिर्मला शिशु भवनह्ल के नाम से आश्रम खोले, जिनमें वे असाध्य बीमारी से पीड़ित रोगियों व गरीबों की स्वयं सेवा करती थीं। जिन्हें समाज ने बाहर निकाल दिया हो, ऐसे लोगों पर इस महिला ने अपनी ममता व प्रेम लुटाकर सेवा भावना का परिचय दिया।[1]

**मिशनरीज की स्थापना**

मदर टेरेसा मात्र अठारह वर्ष की उम्र में मे दीक्षा लेकर वे सिस्टर टेरेसा बनी थीं। इस दौरान 1948 में उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के लिए एक स्कूल खोला और तत्पश्चात ह्यमिशनरीज ऑफ चैरिटीह्ल की स्थापना की

# यम गीता (गीता भाग 150)

## ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

नास्ति विष्णु समं ध्येयं, तपो न अनशनात्पर`
नास्ति आरोग्यसमं धान्यं,
नास्ति गंगासमं सरिते

यमराज आगे उपदेश करते हैं कि भगवान विष्णु से बढ़ कर किसी की पूजा नहीं है`
निराहार से बड़ा कोई तप नहीं है ,नीरोगता से बढ़कर व्यक्ति के लिए कोई धन नहीं है और गंगा जी से श्रेष्ठ कोई नदी नहीं है`

न सोऽस्ति बांधवः कश्चित
विष्णुम् मुक्ता जगत्गुरुं
`
अधश्य ऊर्ध्वम् ,हरिश्चाग्रे,
देहेन्द्रियमनोमुखे`

भगवान विष्णु जगत्गुरू हैं उनके अलावा जीव का कोई बांधव नहीं है` ऊपर ,नीचे ,आगे ,देह इन्द्रिय मन तथा मुख ,सर्वत्र बंगालन श्री हरि की उपस्थिति विद्यमान है
`

इति एवं संस्मरन्प्राणान्
यः त्यजेत स हरिर्भवेत
यत्तद् ब्रह्म यतः सर्वं ,
यत्सर्वं तस्य संस्थितं`



इस प्रकार भगवान विष्णु का चिंतन करता हुआ जो अपने प्राण का त्याग करता है वह श्री हरि के स्वरूप में मिल जाता है` जहां जो कुछ भी दिखाई देता वह सब उसी ब्रह्म का ही रूप है`
स विष्णुः परमं ब्रह्म,
मतों न आवर्तते पुनः

वह विष्णु परमं ब्रह्म हैं जिनको जान लेने पर फिर इस लोक में आना नहीं होता` उन्हें जानने या पाने का मार्ग दान,तीर्थों में भ्रमण, पुण्य सलिला सरिता में स्नान ,ध्यान ,धर्म के मार्ग पर चलना ,सत्संग करना ,सत्य बोलना आदि है

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइटः www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### कलैक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की बैठक सम्पन्न

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा जनपद की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज कलैक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने बैंकर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि जनपद की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में जनपद के सभी बैंकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः सभी बैंकर्स उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के सौजन्य से संचालित की जा



रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनपद गौतम बुद्ध नगर की आर्थिक व्यवस्था तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत भी विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं उनमें तत्परता के साथ निर्णय लेते हुए पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी जनपद की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें और सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें ऋण प्राप्त हो सके। जिला अधिकारी ने महत्वपूर्ण बैठक में समीक्षा करते हुए पाया कि जनपद का सीडी रेशों 59 प्रतिशत है जबकि इसके सापेक्ष कई ब्रांच का सीडी रेशों बहुत कम आ रहा है। इस संबंध में उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि जिन बैंकर्स का सीडी रेशों कम है उनके संबंध में उनके रीजनल मैनेजर को जिला प्रशासन की ओर से पत्र भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आगामी बैठक में यदि संबंधित ब्रांच के द्वारा अपना सीडी रेशों नहीं बढ़ाया गया तो उनके विरुद्ध उनके हेड ऑफिस को भी लिखा जाएगा। इसी प्रकार उन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ओडीओपी योजना में भी सभी बैंकर्स के द्वारा लंबित प्रकरणों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिकतम लाभ जन सामान्य को प्राप्त हो सके। सभी बैंकों से सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां जहां पर आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है इस कार्य में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से निर्धारित दरों की प्लेट बाहर प्रदर्शित की जाए और आधार कार्ड बनाए जाने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का संचालन जिला लीड बैंक अधिकारी के द्वारा किया गया। आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी तेजप्रताप मिश्र, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, सभी बैंकर्स एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### यूपी 112 पीआरवी में बड़ा फेरबदल

#### 369 पुलिस कर्मियों में हुआ बदलाव_एसपी यातायात

आगरा( वी एन मिश्र) जिले की यूपी 112 (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) पीआरवी में बड़ा फेरबदल किया गया है। जिले में तैनात एक ही पीआरवी एवं लोकेशन पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी में बदलाव किया गया है। जिसके तहत 369 पुलिसकर्मियों को दूसरी पीआरवी एवं लोकेशन पर स्थानांतरित किया गया है।

#### यूपी 112 के करीब 100 वाहन

जिले में यूपी 112 के करीब 100 वाहन हैं। जिनमें दो पहिया और चार पहिया वाहन शामिल हैं। पीड़ित और घटनास्थल जल्द से जल्द पहुंचने के लिए जिले में पीआरवी की तैनाती के लिए प्वाइंट बनाए गए हैं। जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्रों के अलावा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे और यमुना एक्सप्रेस वे पर भी पीआरवी तैनात हैं।

#### रिस्पांस टाइम पांच से दस मिनट

पीआरवी का शहर में रिस्पांस टाइम पांच से दस मिनट का है। जबकि देहात में यह रिस्पांस टाइम दस से 15 मिनट का है। प्रत्येक पीआरवी पर तीन पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। जिसमें एक कमांडर, एक सब कमांडर और चालक हैं। पीआरवी पर तैनात तीनों पुलिसकर्मियों को बदला गया है। इसमें शहर के थानों में पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को शहर में भेजा गया है। जबकि शहर की पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों को देहात के थानों में भेजा गया है।

एसपी यातायात अरुण चंद ने बताया कि पीआरवी पर तैनात 369 पुलिसकर्मियों में फेरबदल किया गया है। इन पुलिसकर्मियों पर तैनाती का समय पूरा हो चुका था। पुलिसकर्मियों की तैनाती पीआरवी पर ही रहेगी। जिले में उनके तैनाती के प्वाइंट को बदला गया है।

### विधायक बिष्ट ने दयालपुर में पानी की पाइप लाइन का उद्घाटन किया

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-आज करावल नगर के जुझारू व लोकप्रिय भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने अपने क्षेत्र में दो कार्य जनकल्याणार्थ



किए। प्रथम उन्होंने ए -ब्लाक दयालपुर की गली नंबर 13 से गली नंबर 22 तक की पानी की पाइप लाइन बिछाने का उद्घाटन किया।जिसकी लागत लगभग 25लाख रुपए आयेगी। गौरतलब है कि बिष्ट ने स्वयं नहीं बल्कि क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक से नारियल फोड़कर उद्घाटन कराया। दूसरे सी -ब्लाक दयालपुर में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया और उनको क्षेत्र की समस्यायों के निदान व निवारण के लिए निर्देश जारी किए।इस क्षेत्रीय दौरे में उनके साथ प्रमुख रूप से पूर्व निगम पार्षद नीता बिष्ट और दयालपुर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा, महासचिव उपेंद्र कुमार, लक्ष्मण सिंह रमोला, श्रीमती लक्ष्मी नेगी, सुरेश कांडपाल,विमलजी, कृष्ण सिंह रावत, लालजी, जिला मंत्री राम दत्त पाण्डेय व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहें।

### श्री गणेश नायक समाज महाराणा प्रताप चौक

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा बांदा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराणा प्रताप चौक पर भगवान श्री गणेश की मूर्ति स्थापना 31 अगस्त 2022 को होगी इस कार्यक्रम का आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 31 अगस्त से लेकर 10 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे 10 सितंबर को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी इस बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी अध्यक्ष रजत रावत महामंत्री सूरज गुप्ता कोषाध्यक्ष नीरज गुप्तारवि सिंह गौर, हिमांशु गुप्ता, आशीष गुप्ता, अन्नू गुप्ता पुनीत गुप्ता, महेश कुमार प्रजापति, जीतू गुप्ता, शुभम गुप्ता गंगू राजपूत मयंक गुप्ता, शिवम दिवेदी, कपिल गुप्ता विशाल रैकवार, आदि लोग उपस्थित रहे

# इण्डिया जीआई फेयर और खिलौना-इण्डिया टाय एन्ड गेम्स फेयर का आयोजन 26 से 28 अगस्त तक

## *वोकल फार लोकल और लोकल फार ग्लोबल आत्मनिर्भर भारत को दशार्ता है*

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट मे एक प्रेसवार्ता हुई जिसमें बताया गया कि यहाँ पर 26 अगस्त से 28 अगस्त तक इण्डिया जीआई फेयर और खिलौना - इण्डिया चाय एन्ड गेम्स फेयर हो रहा है। जिसमे हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद को होम लाइफस्टाइल फैशन फर्नीचर और टेक्सटाइल के प्रमुख निर्यात मेलों को आयोजन करने का श्रेय दिया जाता है जिसने अब दो नए शो इंडिया जी आई केयर और खिलौना इंडिया टॉयज एंड गेम फेयर की अवधारणा की है जो 26 से 28 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्च में एक साथ आयोजित किया जा रहा है विभिन्न मंत्रालयों और उद्योग व्यापार निकायों के समर्थन से इन बी2 बी मेलों में पूरे भारत से इस उद्योग से जुड़ी भागीदारी है और यह भारत एवं विदेशों के कई खरीददारों को आकर्षित करने के लिए तैयार है कईयों ने तो पहले से ही यहां आने के लिए रजिस्टर कराया है ।

इंडिया जीआईपी फेयर को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय हस्तशिल्प, विकास आयुक्त कार्यालय, हथकरघा विकास आयुक्त, कपड़ा मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय और डाटा एसोसिएशन और इंडिया का समर्थन प्राप्त है।

इस मेले की अवधारणा के बारे में ईपीसीएस अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि अपने आप में एक अनुभव है।

यह शो बनारस ब्रोकेड और साड़ी, गाजीपुर वाल हैंगिंग, मधुबनी पेंटिंग, अल्लागड्ढा के पत्थर की नक्काशी, वारंगल की दरिया, तंजोर की पेंटिंग, बांकुरा टेराकोटा शिल्प कश्मीर सुजानी सिल्क करीमगंज की चांदी की जरदोजी असम के मूंगा सिल्क बस्तर के ढोकरा आर्ट निर्मल टायर्स उत्तराखंड ओपन शिल्प को स्रोत करने का एक साझा मंच प्रदान करता है।

यह सूची अतुलनीय खजाने की तरह अद्भुत है इस शो में भारत के जीआई टैग किए गए उत्पादों की सामूहिक बौद्धिक विरासत और लोकाचार का गठन किया गया है इंडिया जी आई फेयर का उद्देश्य इन अमूल स्थानीय उत्पादों को जो लीगल लोकल भी कहे जाते हैं भारत के साथ पूरी दुनिया में इसकी समझ रखने वालों और ग्राहकों से जोड़ना है।

ईपीसीएस महानिदेशक राकेश कुमार ने बताया की वैश्विक स्तर पर जीआई टैग उन उत्पादों को दिया जाता है जिनमें कुछ अलग खासियत या गुण हो और जिनके मूल स्थान के साथ परंपरा जुड़ी हो भारत कई ऐसी दुर्लभ चीजों का दावा करता है और इसमें अब तक 390 से अधिक वस्तुएं पंजीकृत हैं।

इंडिया जी आई फेयर में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 300 से अधिक जी आई उत्पादों की भागीदारी देखी जाएगी जो एक छत के नीचे जी आई टैग धारक उत्पादों का अब तक का सबसे बड़ा जमावड़ा होगा।

इंडिया जी आई शेयर को एक अनोखे बिजनेस समझ के तौर पर देखा जा रहा है। यह अनोखे उत्पादों के साथ ही फिल्मों की अपनी क्षितिज को विस्तार देने की जगह है यहां लोग भारत के सर्वश्रेष्ठ तैयार किए खजानो परंपराओं और दुर्लभ दाताओं को देख सकते हैं। और स्रोत कर सकते हैं। उन्होंने कहा इन्हें विश्व बाजारों में ले जाने की महत्वाकांक्षा के साथ चयनित किया गया है यह तो खरीददारों को भी अपनी एक सुरक्षित जगह बनाने का एक अवसर प्रदान करता है।

इंडिया जीआई एक वह जरूर आने की जगह है जहां आगंतुक बिजनेस करने के लिए सभी हम लोगों और स्टाकहोल्डर से मिल सकते हैं इंडिया जी आई फेयर में भाग लेने वाली अन्य संस्थानों में टी बोर्ड ऑफ इंडिया काफी बोर्ड स्पाइसेज बोर्ड इंडिया कृषि एवं संस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण कालीन निर्यात संवर्धन परिषद हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद और अन्य है इस शो के दौरान शिल्प कौशल प्रदर्शन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और भौगोलिक संकेत पारिस्थितिकी तंत्र पर पैनल चर्चा और बाजार से




जुड़ाव के माध्यम से ब्रांड प्रचार के लिए पहल जैसे अतिरिक्त आकर्षण की भी योजना बनाई गई है।

ईपीसीएस अध्यक्ष राजकुमार मल्होत्रा ने कहा खिलौना इंडिया टायर्स एंड गेम्स फेयर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ टॉयज एंड गेम्स में भारत को ग्लोबल सोर्सिंग हब बनाने के अपने लक्ष्य के साथ इस सेगमेंट में उत्पादन की अपनी पूरी क्षमता का एहसास कराने की गूंज है।

वर्चुअल इंडिया टाइप फेयर 1 साल पहले आयोजित किया गया था जिसमें ईपीसीएस इसकी कार्यान्वयन एजेंसी की भूमिका में थी वह पहला कदम था और खिलौना इंडिया फेयर उसी दिशा में एक जोरदार छलांग है खिलौना इंडिया फेयर में भारत के टॉयज एंड गेम्स निर्माण उद्योग के एक समग्र वर्ग को इकट्ठा करना है जहां 200 से अधिक बिजनेस का एक क्रॉस सेक्शन है जिसमें मध्यम एवं छोटे निर्यातकों कारीगर उद्यमियों और भारत के अग्रणी उत्पादकों और निर्यातकों समेत कई स्टार्टअप शामिल हैं इसमें 12 डिस्प्ले कैटेगरी है जिनमें पजल्स एंड बोर्ड गेम्स सॉफ्ट टॉयज एंड प्ले सेट साइड एंड एजुकेशन एंड लर्निंग गेम्स एंड गेम्स एंड किड्स साइकिल एंड इलेक्ट्रॉनिक एंड एंड गेम्स एंड इको फ्रेंडली शामिल है जिन अंतरराष्ट्रीय खरीदारों ने मेलों में आने के लिए पंजीकरण कराया है उनमें सऊदी अरब के टायरस शामिल हैं जो एजेंट से प्लेबॉक्स समा को खिलौने और सऊदी अरब से अवकाश दक्षिण अफ्रीका से छोटे पेड़ के खिलौने संयुक्त राज्य अमेरिका से ट्रैक्टर खिलौने वितरण अजरबैजान से जीता समूह सिटी सेंटर वाणिज्य कुवैत विरासत चीता यूएसए अल तमीजी समूह ओमान गिर काउंसिल फाइन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड सिंगापुर लागत पर कुवैत पाली दक्षिण अफ्रीका से लड़खड़ा ती है इंडिया बाजार दक्षिण अफ्रीका आदि शामिल हैं भारतीय खुदरा विक्रेताओं ने भी मेले में आने के लिए पंजीकरण कराया है जिनमें आर्चीज मित्रा रिलायंस रिटेल फैमिली और अन्य शामिल हैं इस मेले में टिकाऊ खिलौने एजुकेशनल टॉयज बोर्ड ग्रेंस और पजल पारंपरिक खिलौने छोटे बच्चों के खिलौने और अन्य कई उत्पादों की विस्तृत रेंज के साथ बड़ी संख्या में स्टार्टअप भी भाग ले रहे हैं यहां 200 मूर्ति शो भी आयोजित किए जा रहे हैं एक मां शिशु एक्सपो जहां बच्चों के पालन पोषण के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पादों सेवाओं सपोर्ट सलाह और टिप्स दी जाएगी दूसरा इस टाइम स्टीम जिसमें अटैक मौजूद उभरती हुई तकनीक को सीखने के लिए एक सकारात्मक अनुभव के अवसर प्रदान करके इसके प्रतिभागियों की जिज्ञासा बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है यह भी यही साथ साथ आयोजित किया जा रहा है।

उम्मीद की जा रही है कि

इस मेले में भारत और विदेश दोनों से आयातक, थोक व्यापारी, ब्रांड के मालिक, स्पेशलिस्ट इन स्टोर्स, खुदरा विक्रेता और इकॉमर्स प्लेटफॉर्म, किंडरगार्टन एंड स्कूल, डिजाइनर्स एंड मर्चेंडाइजर ,प्ले एंड स्पेशल लर्निंग ग्रुप आदि आएंगे।

## भूपेंद्र सिंह चौधरी को मिली यूपी भाजपा की कमान , बने यूपी बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा उत्तर प्रदेश में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर लंबे वक्त से चल रही अटकलें अब खत्म हो गई हैं। बीजेपी ने राज्य में नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का एलान कर दिया है। बीजेपी के महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी एक चिट्ठी में गुरुवार को नाम का एलान किया गया है। पार्टी ने यूपी की कमान भूपेंद सिंह चौधरी को दी है। यूपी में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लंबे समय से अटकलें चल रही थीं। इस दौरान राज्य के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, दिनेश शर्मा, श्रीकांत शर्मा, बस्ती से सांसद हरिश द्विवेदी, कन्नौज से सांसद सुब्रत पाठक और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम प्रमुखता से चल रहा था। लेकिन तमाम अटकलों के बीच आखिरकार बीजेपी यहां पार्टी के नए अध्यक्ष का एलान कर दिया है।




यूपी में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर भूपेंद सिंह चौधरी वर्तमान में योगी सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की जगह लेंगे। बीते 16 जुलाई को स्वतंत्र देव सिंह ने अपना तीन सालों का कार्यकाल पूरा किया था। जिसके बाद ये भी चर्चा चली की स्वतंत्र देव सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई। वहीं बीजेपी में एक पद एक व्यक्ति की परंपरा लंबे समय से रही है। ऐसे में देखा जाए तो स्वतंत्र देव सिंह यूपी बीजेपी के अध्यक्ष होने के साथ ही राज्य सरकार में मंत्री भी हैं। जबकि अभी बीते दिनों ही उन्हें विधान परिषद में पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दिया है। स्वतंत्र देव सिंह के प्रदेश अध्यक्ष रहते बीजेपी ने राज्य में एक लोकसभा चुनाव और एक विधानसभा चुनाव जीता है। अब नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए पिछले प्रदर्शन को दोहराना एक बड़ी चुनौती होगी।

## स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ पुलिस ने 2 महिला समेत चार को किया गिरफ्तार

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- यमुनापार शाहदरा जिला में मसाज सेंटर की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली पुलिस ने दो महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं।ये लोग स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चला रहे थें।

स्पेशल स्टाफ और आनंद विहार थाना पुलिस की टीम ने दयानंद विहार के वेनेज स्पा सेंटर में छापा मारकर एक महिला सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं दयानंद विहार के ही क्रॉस रिवर मॉल के ब्लू हैवन स्पा सेंटर में छापेमारी कर एक महिला सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।इस मामले में डीसीपी आर साथिया सुंदरम ने बताया कि स्पा और मसाज सेंटर्स की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद स्पेशल स्टाफ और आनंद विहार थाने की संयुक्त टीम का गठन किया गया। जिसमें एसआई विनीत प्रताप, एसआई प्रशांत, एसआई धीर सिंह, एसआई प्रमोद, एएसआई रितुल, हेड कॉन्स्टेबल अनुज, राजीव, विपिन, सर्वेश, सिद्धार्थ की टीम का गठन किया गया।स्पा सेंटर में चल रहा था सेक्स रैकेट का धंधा।इस टीम ने नकली ग्राहक बना कर आनंद विहार के वैलनेस स्पा सेंटर और क्रॉस रिवर मॉल के ब्लू हेवन स्पा सेंटर में भेजा। स्पा सेंटर में मसाज के लिए 1000 रुपये लिए। इसके बाद, उन्होंने उन्हें सेक्स के लिए कुछ लड़कियों को दिखाया और सेक्स के लिए किसी भी लड़की को चुनने के लिए कहा, इसके बाद नकली ग्राहकों से सेक्स के लिए 1000





रुपये लिए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में पता चला कि स्पा सेंटर के मालिक मानसरोवर पार्क निवासी परमिंदर वेनेज है। अवैध गतिविधियों और संगठित अपराधों में लिप्त मालिक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोनों परिसरों को सील करने के लिए एक आवेदन संबंधित न्यायालय, संबंधित एसडीएम और ईडीएमसी को भेजा जाएगा।जांच में सामने आया कि दोनों स्पा सेंटर में पहले भी पुलिस ने सेक्स रैकेट के धंधे में लिप्त पाया था। इसके बाद नाम बदल कर एक बार फिर सेक्स रैकेट का धंधा चलाया जा रहा था।

## अल-फलाह ह्यूमैनिटी काउंसिल ने श्री कृष्ण जी की छठी मनाई

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा सेक्टर 12 चौडा मोड पर आज एन जी ओ "अल-फलाह ह्यूमैनिटी काउंसिल" के सौजन्य से श्री कृष्णा छठी के उपलक्ष में कोमी एकता को बढ़ावा देते हुए, कढ़ी चावल के भंडारे का आयोजन किया गया।

इसमें लगभग 1000 लोगो को कढ़ी चावल का वितरण किया गया। एन जी ओ की अध्यक्ष डॉ जीनत अंसारी के साथ, दिलशाद अंसारी, मो जैद हसन, इरफान अहमद, नूपुर ठाकुर, सविता गुप्ता, मो जुहैर हसन, रिहान चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रहे।





### एडीए ने ताजगंज में अवैध निर्माण को किया सील

आगरा।आगरा विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने ताजगंज वार्ड के अंतर्गत पवनेश गुप्ता द्वारा खसरा संख्या 518, मौजा बसाई चुंगी पर किये जा रहे अवैध निर्माण को सील कर दिया है।यह निर्माण स्वीकृत मानचित्र से विचलन



कर किए जा रहा था। इस मौके पर सहायक अभियंता अनुराग चौधरी , अवर अभियंता पंकज शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे ।

### फोर्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची विजिलेंस टीम *ढाबा संचालक को लिया हिरासत में.*

आगरा (वी एन मिश्र)रेलवे विजिलेंस टीम के आगरा फोर्ट स्टेशन पर पहुंचते ही खलबली मच गई। टीम चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर देवी सिंह के कमरे में पहुंची और कमरे को बंद कर लिया। विभागीय लोग जब तक कुछ समझ पाते टीम ने तत्काल टिकट बुकिंग की जानकारी मांगी। इसके बाद रांची के लिए बुक की गई टिकट धारक यात्री धनंजय को बुलाया गया।

#### टिकट कब्जे में लेकर पूछताछ

धनंजय से टिकट कब्जे में लेने के साथ ही पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मैंने अपने मित्र ढाबा संचालक बबलू से टिकट बनवाया है। वह बीएसएनएल में कार्यरत है और विभागीय कार्य के कारण उन पर टिकट बनवाने का समय नहीं था। इसलिए उन्होंने अपने मित्र बबलू का सहयोग लिया जोकि फोर्ट स्टेशन के नजदीकी ढाबा चलाता है। उन्होंने इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं दिया।

#### विजिलेंस टीम ने ढाबा संचालक को कब्जे में लिया

विजिलेंस टीम ने बबलू को ढाबे से कब्जे में ले लिया और चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर के कमरे में पूछताछ कर रही है। रेलवे पी आर ओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया विजिलेंस टीम जांच के लिए आई है। वह किस मामले में आई है इसकी अभी जानकारी नहीं है।

### 3 साल से कुंडली मार बैठे है अध्यक्ष पद पर , सचिव नें भेजा लीगल नोटिस

(हरेश उपाध्याय) नोएडाः-सेक्टर -99 स्थित एलआईजी अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरोत्तम दास शर्मा विगत तीन वर्षों से उक्त सोसायटी के अध्यक्ष पद असंवैधानिक रूप से कुंडली मार कर बैठे हैं।सूत्रों के अनुसार एओए के संविधान में उल्लेख है कि एओए के प्रतिवर्ष चुनाव होने चाहिए। सोसायटी के निवासियों ने इस बावत कई मर्तवा आवाज उठाई है।एओए के सचिव जगबीर सिंह ने भी अध्यक्ष को नोटिस व अपनी शिकायत दर्ज कराई और उन्होंने रजिस्ट्रार आफ सोसायटीज एंड फर्म्स को भी आवेदन किया था।तब मृदुल भाटिया को रजिस्ट्रार की ओर से फ्री एंड फेयर चुनाव कराने के लिए नामांकित किया गया था। लेकिन उन्होंने भी रजिस्ट्रार के आदेश का अनुपालन नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि मृदुल भाटिया भी कदापि नहीं चाहते कि नरोत्तम दास शर्मा अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन लड़े या अपदस्थ किए जाएं।एओए के सचिव ने हमें बताया कि यदि नरोत्तम दास शर्मा, कानूनी नोटिस व रजिस्ट्रार के दिशा निर्देशों की अवेहलना करते हैं तो निश्चित रूप से उच्च संवैधानिक पीठ में उक्त केस दर्ज कराया जाएगा।अब देखना होगा कि नरोत्तम दास शर्मा अभी भी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हैं या नहीं?

### भाजपा का आप सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोल प्रदर्शन

(हरेश उपाध्याय)दिल्लीः-भाजपा आप सरकार के खिलाफ दिल्ली में सभी मंडलो में विरोध प्रदर्शन कर रही है।इसी कड़ी में महरौली जिले के महिपालपुर में भीआम आदमी पार्टी की शराब नीति में केजरीवाल व मनीष सिसोदिया द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन व सिसोदिया का पुतला जलाया गया।महिपालपुर के




माता चौंक पर प्रदर्शन किया गया।जिसमें सांसद रमेश बिधूड़ी भी पहुंचे और जमकर आप पर हल्ला बोला।उन्होंने कहा कि आप भ्रष्टाचारी सरकार है। नेताओं को गिरफ्तार करें। इनके मंत्री ईमादारी की कसमे खाते थें।लेकिन ज्यादातर भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आरहे है।साथ ही आप पार्टी भाजपा पर जो भी आरोप लगा रही है,वे बेबुनियाद है। हम माँग करते है कि जल्द से जल्द उन गिरफ्तार किया जाए और किये की सजा मिले।इस मुहिम से जनता भी जुड़ती हुए नजर आई।आप सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और सिसोदिया का पुतला जलाया गया। लेबर चौक से होते हुए यह मार्च माता चौक तक निकाला गया और जनता को जागरूक भी किया गया।

### राजकुमार भाटी और महेश आर्य बने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दादरी विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी रहे राजकुमार भाटी को तीसरी बार समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। वही सेक्टर पी-3 ग्रेटर नोएडा निवासी पूर्व विधान परिषद





सदस्य महेश आर्य को भी राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। उनका यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया है। राजकुमार भाटी के पास राजनीति का बहुत लंबा अनुभव है। वह लगातार समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उनकी गिनती पार्टी के तेजतर्रार प्रवक्ता के रूप में होती है। वही महेश आर्य विधान परिषद सदस्य रहे है और वह अपनी बात को दमदार तरीके से रखने के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान ने दोनों प्रवक्ताओं को बधाई देते हुए कहा है कि उनके मनोनयन से जिले के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है तथा जिले के दोनों नेताओं को जिम्मेदारी मिलने से जिले में समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी।

### जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर जिम्मेदार लगा रहे पलीता

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा हेड इंजरी इमरजेंसी के रिफर केस को 108 एंबुलेंस उपलब्ध करवाने में डॉक्टर कर रहे हीला हवाली। मारीज के तीमारदार द्वारा हेड ऑफिस बात करने के उपरांत 108 के सेटिस्फेक्शन के लिए, करनी होती है डॉक्टर से बात। ट्रामा सेंटर में तैनात डॉ विनीत सचान ने बात करने से किया इनकार। काफी समय बीत जाने के बाद स्वास्थ विभाग के एक कर्मचारी ने की 108 एंबुलेंस से बात। घंटों इंतजार करने के बाद भी नहीं पहुंची 108 एंबुलेंस। हेड इंजरी नाबालिक पेशेंट की बिगड़ती जा रही थी हालत। बबेरू सी.एच.सी.से रिफर होकर आया था जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड। घर की छत गिर जाने की वजह से घायल हुई थी गंभीर रूप से किशोरी। जिला अस्पताल में ऐसी अव्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं अक्सर।

## संक्षिप्त न्यूज

## जालौर के छात्र की हत्या के विरोध में निकाला कैंडिल मार्च, सौंपा ज्ञापन

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : राजस्थान के जालौर में अनुसूचित छात्र इन्द्र कुमार मेघवाल को मटके का पानी पीने को लेकर शिक्षक की पिटाई से हुई मौत तथा एक महिला शिक्षक की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार की शाम कैंडिल मार्च निकाला गया।



स्थानीय नगर पंचायत स्थित रविदास मंदिर (दलित बस्ती) से अनुसूचित संगठन के लोगों ने कैंडिल मार्च निकालकर गांधी आश्रम चौराहा पहुंचे जहां पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इंजी.अरुण कुमार, दीप नारायण राजभर व राघवेन्द्र कुमार ने चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रवीण सत्यार्थी, रामजी, बलवन्त यादव, सत्यनारायण, छोटेलाल, मनोज, अजीत, हीरालाल गौतम, पवन चौरसिया, इमरान, पवन, रिंकू, रामजी, सुनील, वेदप्रकाश एवं सत्य प्रकाश खरवार मौजूद रहे।

## पुलिस को दो वांछित वारंटी गिरफ्तार करने में मिली सफलता

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना पुलिस को दो वांछित वारंटी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पकड़े. गए वारंटियों के विरुद्ध गड़वार थाने में ही मुकदमा दर्ज था। एसआई काली शंकर तिवारी को गोपनीय सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटी अपने घर पर हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने नारायनपाली गांव निवासी वांछित अभियुक्त सुदामा पुत्र मन्नू व मकरुधन पुत्र हरी के घर पर दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्तों पर थाने में धारा 323 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पुर्ण कर अभियुक्तों को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।




## प्रधान ने बैठक कर किया विकास कार्यों पर चर्चा

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के बरवां गांव में विकास कार्यों हेतु ग्राम प्रधान व ब्लॉक कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।



बैठक में ग्रामीणों ने विकास कार्यों हेतु अपनी अपनी राय दी। वहीं बैठक के उपरांत गांव में प्रस्तावित सरस हाट के लिए जमीन का सीमांकन किया गया तथा अमृत सरोवर में चयनित तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार मंजुल, प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र प्रजापति, पंचायत सहायक सूबेदार सिंह चौहान, मुमताज अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम का एलान होते ही नगर में बंटी मिठाई

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (सलिया) : भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा होते ही भाजपा बांसडीह मंडल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये मिठाईयां बांटी। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



भाजपा बांसडीह मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने कहा कि भूपेंद्र चौधरी के नये प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा और मजबूती के साथ उभरकर आयेगी और सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के नारे को जमीन स्तर पर पूरी तरह से फलीभूत करेगी। इस मौके पर कार्यकताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरे माहौल को भाजपामय बना दिया। इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष मूनजी गोंड, तेजबहादुर रावत, अखिलेश तिवारी, सुंदर गुप्ता, संजय पटेल, सत्यम गुप्ता, मुन्ना गोंड, अमित यादव, अनिल गुप्ता सहित आदि उपस्थित रहे।

## घर से नाराज युवक ने लगाई पुल से गंगा में छलांग

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : शहर से सटे शिवरामपुर घाट पर बने जनेश्वर मिश्र सेतु से एक युवक ने गंगा नदी में छलांग लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

दुबहड़ थाना क्षेत्र के नगवां निवासी सुधीर राम (20) का किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया। इसके बाद वह साइकिल से जनेश्वर मिश्र सेतु पर पहुंचा और पुल से नदी में कूद गया। पीछे से पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोगों के साथ ही दुबहड़ पुलिस पहुंच गयी। पुलिस जांच-पड़ताल के बाद नाव से खोजबीन की, लेकिन युवक का सुराग नहीं लग सका। युवक के परिजन परेशान हैं।

## विद्युत स्पशार्घात से युवक की मौत

**रितेश तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

सहतवार (बलिया) : स्थानीय थाने के समीप सहतवार-चांदपुर रोड के किनारे विद्युत स्पशार्घात से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सहतवार विरेन्द्र मिश्र ने शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

सहतवार थाना क्षेत्र के पकहां गांव निवासी खड्ग चौहान (32) पुत्र शीशा चौहान सहतवार थाने के पास सहतवार-चांदपुर रोड के किनारे स्थित विभिन्न दुकानों में सफाई का कार्य करता था। इसके बदले दुकानदार उसे जो भी दे देते थे, उससे वह खुश हो जाता था। गुरुवार को भी वह अपने गांव से सहतवार दुकानों की साफ-सफाई के लिए पहुंचा। वह नारायन खैनी वाले की दुकान के पीछे करीब 10.30 बजे किसी कार्यवश गया। इसी बीच दुकान के पीछे विद्युत तार की जद में आ गया। विद्युत करंट से खड्ग की मौके पर ही मौत हो गयी। बताया जाता है कि खड्ग चौहान मंदबुद्धि का था। उसकी मौत का समाचार मिलते ही परिजन रोते-बिलखते सहतवार पहुंच गये। खड्ग चौहान पांच भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था।

## शार्ट सर्किट से यूनियन बैंक की शाखा में लगी आग

### बैंक का स्ट्रांग रूम पूरी तरह सुरक्षित, जरूरी कागज व पैसा बचा

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : स्थानीय कस्बा के बाजार स्थित यूनियन बैंक की शाखा में बुधवार की देर रात बिजली शार्ट सर्किट से लगी आग में लाखों रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाने में सफल हो पायीं।

प्रतिदिन की तरह बुधवार की शाम को बैंक कर्मचारी बैंक बंद कर अपने घर चले गए। रात में 10 बजे के करीब बैंक परिसर से आग की लपटें व धुंआ निकलना शुरू हो गया। जिसको देखकर आसपास के लोगों ने हो हल्ला मचाया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने दमकल विभाग को सूचना दिया। वहीं मौके पर सीओ सिटी प्रीति त्रिपाठी व सुखपुरा, फेफना थाने की फोर्स भी पहुंच गई। बैंक प्रबंधक व कर्मचारी भी आ गए। फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने ग्रामीणों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद



आग पर काबू पाया। आग लगने से बैंक परिसर में अलग अलग कॉउंटरो पर लगे आठ कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर मशीन, जमा मशीन, काउंटर, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान व कॉउंटरो पर रखे गए कागजात पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। संयोग अच्छा रहा कि आग बैंक परिसर में स्ट्रांग रूम व लाकर रूम तक नहीं पहुंची वरना करोडों का नुकसान हो सकता था। शाखा प्रबंधक ज्ञान देव प्रसाद ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगी है। कहा कि जरूरी दस्तावेज स्ट्रांग रूम में रखे गए हैं जो पूरी तरह से सुरक्षित है। बैंक का कार्य किसी दूसरे शाखा पर कर्मचारियों को भेजकर कराया जाएगा। यहां शाखा पर ग्राहकों का काम होने में लगभग दो से तीन सप्ताह लग सकते हैं।

## भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के छठिहारोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ऋतुराज तिवारी "बिन्दू", दैनिक समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : नगर रेवती में श्रीकृष्ण छठियारोत्सव पर विभिन्न जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान रेवती जोगीबीर बाबा स्थल प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से पधारे गायक कलाकारों ने अपना जलवा बिखेरा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ लोकगीत गायक सन्नी पाण्डेय ने मां सरस्वती वन्दना के साथ किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजसेवी राणा योगेन्द्र विक्रम सिंह"माण्डलू" ने मंच पर मौजूद समस्त कलाकारों को अंगवस्त्रम आदि देकर सम्मानित किया। कमेटी के सदस्यों द्वारा समाजसेवी को साफा बांधकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गायक सन्नी पाण्डेय द्वारा बेटियों पर गीत जइसे की दिहलू ए माई कुल के दियनवा, एगो बेटियो दे देहतू पर दर्शकों की तालियां थमने का नाम नहीं ले रही



थी। इस बीच नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर उर्फ कनक पाण्डेय द्वारा मंचस्थ समस्त गायकों एवं कलाकारों को अंगवस्त्रम आदि देकर सम्मानित किया गया। कमेटी के सदस्यों द्वारा भी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को साफा बांधकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कनक पाण्डेय ने मंच के माध्यम से नगर पंचायत के सुख समृद्धि की कामना किया। समाजसेवी अतुल पाण्डेय बब्लू को भी कमेटी के सदस्यों ने साफा बांध स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। भोजपुरी गायक अभिषेक यादव के द्वारा प्रस्तुत विभिन्न गीतों पर दर्शक झूमने पर मजबूर हो गये। गाजीपुर की धरती से पधारीं लोक गीत गायिका अमृता गौतम के मंच आते ही दर्शकों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। मंच पर मौजूद गायकों की प्रस्तुति पर दर्शक रातभर आनन्द विभोर होते रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय के निर्माण को अन्यत्र बनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : नव सृजित नगर पंचायत के कार्यालय निर्माण को रोकवाते हुए अन्यत्र जगह बनवाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को नगर वासियों ने उप जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन नगर पंचायत के वरिष्ठ सहायक संजय सिंह को सौंपा गया।

अन्यत्र ग्राम पंचायत में कार्यालय के निर्माण को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए नगर वासियों ने बीका भगत के पोखरे पर बैठक कर जुलूस निकाला जो सदर बाजार होते हुए पकड़ी तर,अगरधता, डफाली मुहल्ला होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर ईओ के मनमानी रवैया के विरोध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बताते चले कि एक पखवारा पूर्व ईओ ने नगर पंचायत के कार्यालय का निर्माण सीमा के बाहर ग्राम पंचायत पड़वार स्थित जल निगम (पानी टंकी ) के कैम्पस में शुरू करा दिया गया था जिसका विरोध ग्राम पंचायत पड़वार सहित नगर पंचायत के लोगों ने शुरू कर दिया। जिसकी लिखित एवं मौखिक शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की गई थी। नगर वासियों का कहना है कि नगर पंचायत से काफी दूरी एवं अन्यत्र ग्राम सभा में होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर विजय



कुमार गुप्ता, विपिन तिवारी,डा० मदन राजभर,श्री निवास यादव, प्रदीप गोंड,ओंकार सिंह, सुवाष सिंह,विजय जायसवाल, उमेश सिंह, गोरख वर्मा,अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रामपुर मथुरा में हाईवे के किनारे बना यह गड्ढा कर रहा है बड़े हादसे का इंतजार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान रामपुर मथुरा सीतापुर**

रामपुर मथुरा ब्लॉक मुख्यालय से करीब 500 मीटर की दूरी पर दुर्घटना पुल के नीचे हाईवे के किनारे बारिश के चलते काफी गहरा गड्ढा रोड के साइड में बन गया जो करीब 4 फीट गहरा बताया जा रहा है जो किसी भी टाइम किसी भी प्रकार का बड़ा हादसा हो सकता है यह हाईवे के किनारे जो गड्ढा बना है वह रौतेला पेट्रोल पंप एवं दुर्घटना पुल के बीच में महाराणा पंजाबी ढाबा के बगल में बना हुआ है जो अभी तक किसी



अधिकारी के नजर में शायद पड़ा ही नहीं और आए दिन रामपुर मथुरा से दुलमपुर वाक्ए बीच में बड़े बड़े हादसे भी होते रहते हैं 3 दिन पूर्व भी एक भयानक सड़क हादसा हुआ जिसमें मौतें भी हुई पर इस गड्ढे को सभी अधिकारी नजरअंदाज करते हुए नजर आ रहे हैं आखिर किस हादसे का इंतजार कर रहे हैं ए अधिकारी आखिरकार कब सही होगा हाईवे के किनारे बना हुआ यह गड्ढा

## बस स्टेशन मोहनलालगंज के सामने खुले पड़े नाले दुर्घटनाओं को दावत दे रहे

**दैनिक समाज जागरण**

मोहनलालगंज लखनऊ परिवहन निगम बस स्टेशन से निकलते ही बने नाले खुले होने से दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं एनएचआई बेखबर है। मोहनलालगंज तहसील के सामने बने परिवहन निगम के बस स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में बस द्वारा यात्री यात्रा करते हैं लखनऊ इलाहाबाद मुख्य मार्ग के किनारे स्थित मोहनलालगंज में परिवहन निगम के बस स्टेशन के निकासी और प्रवेश द्वार दोनों तरफ सड़क के किनारे बने नाले के ऊपर पत्थर न होने से किसी भी समय बस कर्मचारी चालक अथवा आने जाने वाले यात्री दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं जिसे परिवहन निगम के कर्मचारी भी आंखें बंद कर बैठे हुए हैं, यात्रियों ने कहा कि यदि किसी समय अगर कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए तो आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा प्रशासन तो बाद में अपना बल प्रयोग करके हाथ खड़े कर देता है ऐसे में प्रतिदिन परिवहन निगम



बस स्टेशन से निकलने वाले हजारों यात्रियों को इस गड्ढे के पास से निकलना पड़ता है जोकि शासन प्रशासन भी इन राहों से निकलता है यही नहीं मोहनलालगंज इंटर कॉलेज के बगल प्राथमिक विद्यालय एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित है उसके दोनों तरफ सड़क किनारे बने नाले के ऊपर ढक्कन नहीं बंद है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मोड़ के निकट भी यही हाल है सड़क किनारे खुले पड़े नालों में अक्सर मवेशी के साथ-साथ वाहन चालक एवं पैदल चलने वाले दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं लेकिन एनएचआई धृतराष्ट्र की तरह मौन धारण किए हुए।

## दो गांवों के दो घरों में नकब लगा लाखों की चोरी

### क्षेत्र के नरायनपाली गांव और परसिया गांव में घटित हुई घटना

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना क्षेत्र के दो गांवों में दो घरों से बीती बुधवार की रात में चोरों ने लाखों रुपए मूल्य के आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गए। चोरी की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

क्षेत्र के नारायनपाली गांव में अंतिम छोर पर त्रिपुरारी दुबे का मकान है। बुधवार की रात में रोज की भांति त्रिपुरारी का परिवार खाना खाकर सोने चला गया। मध्य रात्रि में चहारदीवारी फांद कर चोर घर के आंगन में उतर गए। घर में तीन कमरें हैं। एक कमरे में स्वजन सोए थे वहीं दो कमरों में बाहर से ताला बंद था। सोए हुए कमरे की कुंडी चोरों ने बाहर से बंद कर दिया। वहीं एक बंद कमरे का ताला तोड़कर व दूसरे बंद का ताला नहीं टूटा तो रॉड से कुंडी तोड़ कर कमरे में प्रवेश कर गए। एक कमरे के अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, पायल, बिछिया व दूसरे कमरे में रखे अलमारी में से दो



सोने की अंगूठी, पायल बिछिया चोरी कर लिए। वहीं तीन बक्सा व एक अटैची घर के बाहर खेत में लेकर चले गए और खंगाल कर वहीं छोड़कर फरार हो गए। रात में दो बजे के करीब जब शौच के लिए त्रिपुरारी जगा तो कमरे कादरवाजा बाहर से बंद था। किसी तरह से प्रयास कर दरवाजा खोला तो देखा कि दो बंद कमरे का दरवाजा खुला हुआ है। आनन-फानन में गड़वार पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच की।

वहीं दूसरी चोरी की घटना नारायनपाली गांव से ही सटे परसिया खुर्द गांव में हुई। यहां चोरों ने मंजीत यादव के मकान में सेंधमारी कर पांच फूल के बर्तन व दो हजार नकदी चोरी कर लिए।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि का 15वां स्मृति दिवस

### राजयोगिनी के चित्र पर श्रद्धालुओं ने पुष्प चढ़ा किया पुष्पांजलि

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बैरिया में गुरुवार के दिन राज योगनी दादी प्रकाशमणि जी की 15वां स्मृति दिवस 'विश्व बन्धुत्व' दिवस के रुप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी ने राजयोगिनी के चित्र पर पुष्प चढ़ा पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था की संचालिका ब्रम्हाकुमारी बहन पुष्पा दीदी व बहन समता दीदी ने ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन बैरिया के तहसील अध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, सतेंद्र पांडेय, के साथ राज योगिनी दादी प्रकाशमणि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी के भाई बहनों संग स्थानीय लोगों व समाजसेवियों ने भी योग ध्यान में बढ़ चढ़ कर सहभागिता की। इस कार्यक्रम को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ब्रम्हाकुमारी बहन समता दीदी ने पूरे विस्तार से राजयोगनी दादी प्रकाश मणि जी के जीवन परिचय बतलाते हुए कहा कि दादी जी ने ब्रम्हा बाबा के दिशा निर्देशन में देश के प्रत्येक प्रान्त के हर जिला के साथ ही विश्व के 140 देशों में संस्था का कार्य को आगे बढ़ाया। बैरिया स्थित संस्था की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने अपने संबोधन में कहा कि दादी जी पूरे विश्व को प्रकाशमय करने वाली, परमपिता



परमात्मा की महान दिव्य ज्योति आत्मा थी। उनके बारे में बताना सूर्य को दिया दिखाने जैसा है। उनके यश कृति को बताने के लिए शब्दकोष में कोई शब्द नहीं है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही हम सब के जीवन का लक्ष्य है। कार्यक्रम में भाई अजय दुबे, अर्जुन साह, सहित क्षेत्र के सैकड़ों भाई बहन उपस्थित रहे।

## 33 केवी विद्युत लाइन का पोल टूटा, देर रात अंधेरे में रही हजारों की आबादी

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : करमौता से स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र को आ रही 33 केवी लाइन का तार टूटने से चार फीडर ठप हो गए। इससे हजारों की आबादी को 12 घंटे तक बिजली का संकट झेलना पड़ा। दिन में साढे दस बजे लाइन चालू कर दिया गया।

करमौता 132 केवी सब स्टेशन से विद्युत उपकेन्द्र रतसर के लिए 33 केवी की लाइन आ रही है। बुधवार की रात साढ़े आठ बजे अचानक धूरी बाबा के टोला, सिकन्दरपुर कोल्ड स्टोर के समीप ओवर लोडिंग के चलते चार पोल का तार क्रास आर्म सहित टूट गया। तार टूटने से विद्युत उपकेन्द्र की लाइन पूरी तरह ठप हो गई। रात में ही विद्युत कर्मी बनाने का प्रयास किए लेकिन सफलता नही मिल पाई। सुबह मौके पर पहुंचकर लाइन को चालू कर दिया। गर्मी होने के कारण लोगों को अधिक परेशानी हुई। बिजली न होने के कारण लोग पानी के लिए तरस गए । जेई जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 33 केवी लाइन का तार



टूटने के कारण सप्लाई बाधित हो गई थी। तार जोड़ने के बाद लाइन चालू कर दिया गया है। गर्मी अधिक पड़ने के कारण लाइनों पर लोड भी अधिक पड़ रहा है।

## चलती ट्रेन में हृदयाघात से प्रधान संघ के अध्यक्ष का निधन

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : मुरलीछपरा छपरा ब्लॉक अंतर्गत चांददियर के प्रधान, मुरलीछपरा ब्लॉक के प्रधान संघ के अध्यक्ष व अधिवक्ता विनोद कुमार यादव का चलती ट्रेन में हृदयाघात से निधन हो गया। प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। लोग स्तब्ध रह गये। बताया जा रहा है कि टोला फतेहराय निवासी चांददियर के प्रधान विनोद कुमार यादव अपनी पत्नी के साथ बेटी का प्रवेश कराने लुधियाना गये थे। वहां से लौटते समय ट्रेन में ही हृदयाघात से विनोद की मौत हो गयी। उनका शव लेकर परिजन गांव आ रहे है। अचानक हुई इस घटना से हर कोई अवाक है। प्रधान



और अधिवक्ता समाज बहुत ही दुखी है।

## चिड़िया पकड़ने को लेकर मारपीट इलाज के दौरान एक युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान पहला सीतापुर**

रामपुर कला थाना क्षेत्र में चिड़िया पकड़ने को लेकर हुए मारपीट में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। आपको बताते चलें कि उदन पुत्र अमर सिंह ने बिसवां कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दिनांक 23/8/22 को मैं और मेरे साथ में प्रदीप पुत्र मेवा लाल , अक्षय पुत्र खनदू , महेश पुत्र रामभरोसे , गोपी पुत्र दुबर निवासी पुरैनी थाना बिसवां जो चिड़िया का शिकार करने बंभौरा थाना रामपुर कला गए थे। शिकार करने के दौरान मनोज एक अन्य



व्यक्ति के साथ मोटर साइकिल से आए और हम लोगों से लड़ाई झगड़ा करने लगे और डंडों से मारने लगे जिस कारण गोपी पुत्र दूबार को काफी चोट आ गई जिसको एंबुलेंस से बिसवां सीएससी ले जाया गया। जहां पर इलाज हुआ इलाज के बाद घर ले जाया गया। रात में तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## छाया दार एवं फलदार पेड़ों का मेमोरियल मांटेसरी स्कूल में हुआ वृक्षारोपण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता रवी कुमार यादव**

रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र अंतर्गत 25 अगस्त को मॉडर्न जन कल्याण समिति उत्तर प्रदेश लखनऊ के प्रदेश अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ,उपाध्यक्ष अशफीर्लाल एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष वंदना सिंह के सौजन्य से गुरु सहाय मेमोरियल मांटेसरी स्कूल के प्रांगण में छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने बताया कि विद्यालय के परिसर में आम, अमरूद के फलदार तथा सहजन ,चिलवल, महोगनी आदि के छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि जंगलों व वृक्षों के अंधाधुंध कटान का ही परिणाम है कि आज पर्यावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो रहा है। वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं।वे स्वयं अशुद्ध वायु



ग्रहण कर हमें प्राण रक्षक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए इन्हें बचाने के साथ इनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कम से कम 1 वृक्ष लगाने व उसे संरक्षित करने को कहा । इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह के साथ विद्यालय के प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव, माशूक अली, अन्य शिक्षक, ग्राम के निवासी ,पंडित रमेश कुमार तथा विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# रक्तदान संस्थान दिलाई मातृ शक्तियों को संस्थान की प्राथमिक सदस्यता

## भाजपा नेत्री पिंकी दयाल समेत कार्यकारिणी के कई सदस्यों ने ली रक्तदान संस्थान की सदस्यता

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

आज रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय द्वारा सदस्यता अभियान के तहत शहर के कई लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। जिसमें प्रमुख रुप से भाजपा नेत्री पिंकी दयाल को सक्रिय सदस्यता शुल्क जमा करवाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई। साथ ही साथ पिंकी दयाल जी के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की समस्त महिला सदस्यों ने संस्थान की सदस्यता ग्रहण की और संस्थान को प्रगति पथ पर अग्रसर रखने का भरोसा दिलाया। महिला मोर्चा के सदस्यों में प्रमुख रूप से प्रमिला शुक्ला, रितु सिंह, ममता केसरवानी समेत कई महिलाओं ने संस्थान की सदस्यता ग्रहण किया। पिंकी दयाल ने कहा कि रक्तदान संस्थान की अध्यक्ष निर्मल पांडेय एवं उनकी टीम जरूरतमंदों के लिए सदैव तत्पर रहते है। जिस उम्र में लोग रोजगार की तलाश में देश विदेश जाने के लिए तैयारी करते हैं उस अवस्था में निर्मल पांडेय नौकरी छोड़कर समाज सेवा का कार्य निरंतर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। समाज के लोगों को निर्मल पांडेय से प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मैं इनके सराहनीय कार्यों से प्रेरित होकर के आज संस्थान की सदस्यता ग्रहण कर रही हूं और भरोसा दिलाती हूं कि मैं संस्थान के प्रति सदैव समर्पित भावना से कार्य करूंगी। जिस पर मुझे मेरे परिवार व संस्थान के प्रत्येक कार्यकर्ता को गर्व होगा। प्रमिला शुक्ला ने कहा कि वह कई



संगठनों के साथ जुड़कर कार्य कर रही है लेकिन रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष का जज्बा देखकर उन्हें भी बहुत सुखद अनुभूति होती है, और उनके कार्यों से प्रेरित होकर उन्होंने भी आज संस्थान की सदस्यता ग्रहण किया।रितु सिंह ने बताया कि रक्तदान संस्थान विगत 3 वर्षों से अनवरत गरीबों, असहाय एवं जरूरतमंदों के लिए विभिन्न प्रकार से समाजसेवा का कार्य कर रही है। जिससे देश के प्रत्येक युवा को सीख लेने की आवश्यकता है।

आज के इस कार्यक्रम के दौरान रक्तदान संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल पांडेय, भाजपा नेत्री पिंकी दयाल, रितु सिंह, ममता केसरवानी, प्रमिला शुक्ला, अंकिता सोनी, महक समेत कई लोग मौजूद रहे।

भाजपा नेत्री पिंकी दयाल समेत कार्यकारिणी के कई सदस्यों ने ली रक्तदान संस्थान की सदस्यता

आज रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय द्वारा सदस्यता अभियान के तहत शहर के कई लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। जिसमें प्रमुख रुप से भाजपा नेत्री पिंकी दयाल को सक्रिय सदस्यता शुल्क जमा करवाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई। साथ ही साथ पिंकी दयाल जी के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की समस्त महिला सदस्यों ने संस्थान की सदस्यता ग्रहण की और संस्थान को प्रगति पथ पर अग्रसर रखने का भरोसा दिलाया। महिला मोर्चा के सदस्यों में प्रमुख रूप से प्रमिला शुक्ला, रितु सिंह, ममता केसरवानी समेत कई महिलाओं ने संस्थान की सदस्यता ग्रहण किया। पिंकी दयाल ने कहा कि रक्तदान संस्थान की अध्यक्ष निर्मल पांडेय एवं उनकी टीम जरूरतमंदों के लिए सदैव तत्पर रहते है। जिस उम्र में लोग रोजगार की तलाश में देश विदेश जाने के लिए तैयारी करते हैं उस अवस्था में निर्मल पांडेय नौकरी छोड़कर समाज सेवा का कार्य निरंतर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। समाज के लोगों को निर्मल पांडेय से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मैं इनके सराहनीय कार्यों से प्रेरित होकर के आज संस्थान की सदस्यता ग्रहण कर रही हूं और भरोसा दिलाती हूं कि मैं संस्थान के प्रति सदैव समर्पित भावना से कार्य करूंगी। जिस पर मुझे मेरे परिवार व संस्थान के प्रत्येक कार्यकर्ता को गर्व होगा। प्रमिला शुक्ला ने कहा कि वह कई संगठनों के साथ जुड़कर कार्य कर रही है लेकिन रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष का जज्बा देखकर उन्हें भी बहुत सुखद अनुभूति होती है, और उनके कार्यों से प्रेरित होकर उन्होंने भी आज संस्थान की सदस्यता ग्रहण किया।रितु सिंह ने बताया कि रक्तदान संस्थान विगत 3 वर्षों से अनवरत गरीबों, असहाय एवं जरूरतमंदों के लिए विभिन्न प्रकार से समाजसेवा का कार्य कर रही है। जिससे देश के प्रत्येक युवा को सीख लेने की आवश्यकता है।

आज के इस कार्यक्रम के दौरान रक्तदान संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल पांडेय, भाजपा नेत्री पिंकी दयाल, रितु सिंह, ममता केसरवानी, प्रमिला शुक्ला, अंकिता सोनी, महक समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जिला गंगा समिति पर्यावरण समिति सदस्य दर्शन निषाद ने निकाला स्वच्छता रैली !

**समाज जागरण सम्वाददाता**

वाराणसी राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एनएमसीजी के दिशा-निर्देश पर जिला गंगा समिति वाराणसी अध्यक्ष जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के निर्देशन में तय कार्यक्रम संचालक दर्शन निषाद ने किया प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम डोमरी के प्राथमिक पाठशाला, प्रांगण से स्वच्छता जन महा जागरूकता रैलीका आयोजन नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अजीत सिंह ने, हरी झंडी दिखा रैली रवाना किया कार्यक्रम संचालन गंगा प्रहरी दर्शन निषाद ने, बताया कि स्वच्छता के सबसे बड़ा जागरूकता के



स्रोत बच्चे हैं इसलिए आने वाले पीढ़ी भी अच्छा करें और हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर देखें इसीलिए जनपद वाराणसी में प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं हम लोग तो हमेशा करते रहते हैं लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हम सब बहुत सौभाग्यशाली है जो ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते है अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आज का यह कार्यक्रम नगर पंचायत से पूरे प्रदेश के नगर पंचायतों में स्वच्छता का संदेश देगा जनपद के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता का संदेश दिया है क्योंकि क्लीन सिटी ग्रीन सिटी यही हमारी ड्रीम सिटी है इस कार्यक्रम में गंगा प्रहरी एवं नगर पंचायत के सफाई कर्मी,बेलदार एवं स्वच्छता , ग्राही एवं प्राथमिक पाठशाला के अध्यापक एवं अध्यापिका और छात्र छात्राएं के साथ-साथ तहसील सदर के अधिकारी भी उपस्थित रहे ! स्वच्छता रैली प्राथमिक पाठशाला लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक , स्थल तक रैली निकाला गया जन-जन को बतलाना है भारत स्वच्छ बनाना है

**हर हर गंगे नमामि गंगे**

**हम नहीं रुकेंगे स्वच्छ करेंगे**

गंगा प्रहरी की यही पुकार जल वन्यजीव का न करो शिकार गगनभेदी नारे लगाते हुए रैली में सहायक अध्यापक स्वास्थ्य अधिकारी पशुधन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ममता सिंह सोहनलाल करण प्रताप सिंह अखिलेश कुमार सिंह वीरेंद्र पटेल समेत 200 से ज्यादा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

# अमेठी तहसील में एंबुलेस में जुड़वा बच्चों का जन्म महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ने पर रोकी गई गाड़ी

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी तहसील में महिला एम्बुलेस में जुड़वा बच्चे का जन्म दिया। जच्चा और बच्चा दोनों का हालत ठीक है। इन्हें अस्पातल में भर्ती कराया गया है। जहां उन्हें डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है। दखिन गांव निवासी सन्तोष बनवासी की पत्नी



चन्द्रा (25) को सुबह प्रवस पीड़ा हुई जिसकी जानकारी परिजनों ने आशा बहु को दी। जिसके बाद आशा बहु ने102 पर फोन कर एंबुलेस को सूचना दी । जिसके बाद चालक प्रेम प्रकाश , ईएमटी विजय बहादुर मौर्य और आशा बहु चंदा को परिजनों के साथ एंबुलेस से सामुदार्यिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहगढ़ लेकर जा रहे थे ।

एंबुलेस कमियो ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया । जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है प्रसव के बाद एम्बुलेंस से महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया डॉक्टर ने बताया कि मां और बच्चे दोनों स्वस्थ है उनकी देखरेख की जा रही है।

# शासन का ना रहा खौफ भू माफियाओं ने गरीब पर बरपया कहर

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज` लीलापुर थाना क्षेत्र के गहरी मोड़ पर भगवती प्रसाद कुर्मी का मकान मेन हाईवे सड़क पर लगभग 60 वर्ष पुराना डबल मंजिला मकान बना हुआ था गुंडा और दबंग एवं भूमाफिया किस्म का व्यक्ति शिवम तिवारी शरद तिवारी और शिव मूरत तिवारी जो कि ग्राम हडौर के रहने वाले हैं यह लोग भगवती प्रसाद कुर्मी को बोले कि 2000000 रुपए दो या तो यह मकान हमारे नाम कर दो नहीं तो जान से मार देंगे चार-पांच दिन लगातार उनके घर पर जाकर धमकी देते रहे उनकी बात न मानने पर दिनांक 24,8, 2022 को लगभग 3:30 बजे जी सी बी लगा कर भगवती प्रसाद कुर्मी निस्सहाय गरीब का मकान गिरा दिए रोकने पर जान से मारने के लिए उसको दौड़ा लिए उसने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई इन तीनों के अलावा कुछ अज्ञात लोग भी कट्टा एवं असलहा लहराते हुए वहां पर मौजूद थे अभी तक ना तो मुकदमा दर्ज हुआ ना तो गिरफ्तारी हुई, इस गरीब को निःसहाय व्यक्ति को न्याय कैसे मिल

# अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 31 अगस्त तक खाद्यान्न का होगा वितरण

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 25 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 के बीच खाद्यान्न एव नमक, तेल व चना का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ 02 रुपए प्रति किग्रा0 तथा चावल 3 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से) का वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 01 किग्रा आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 ली0 रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 31.08.2022 को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें।

जनपद-प्रतापगढ़ में विक्रेताओं को सभी पांचो वस्तुये अभी उपलब्ध नहीं हो सकी है। अतः समस्त उचित दर विक्रेता इसकी सूचना दुकान की नोटिस बोर्ड पर चश्पा करेगें और पांचो वस्तुयें प्राप्त होने पर कार्डधारकों को सूचित करते हुए नियमानुसार वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। वितरण के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से सम्पर्क कर की जा सकती है।

# बेटे की गवाही से बाप को आजीवन कारावास

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

पट्टी तहसील क्षेत्र के गडौरी गांव के मामले में 13 साल के बेटे की गवाही पर उसकी मां की हत्या के आरोप में उसके पिता को अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास तथा रु5000 की सजा सुनाई है।प्रतापगढ़ जिले के पट्टी तहसील के गडौरी खुर्द में 11 अक्टूबर 2016 की रात को राजेंद्र गुप्ता नाम के व्यक्ति ने अपनी ही औरत कंचन गुप्ता की कमरे में गला दबाकर हत्या कर दी थी।यह सब वारदात बगल में सो रहे 13 साल की बेटे ललित ने देख लिया था, और उसने कोर्ट में गवाही दिया कि उसकी मां को उसके ही बाप ने मार डाला था।मां-बाप की विवाद के दौरान मासूम ललित कमरे में सोया हुआ था ललित ने बताया कि जब वह लोग आपस में झगड़ रहे थे तभी उसकी नींद खुल गई कमरे में जब उसके पिता उसकी मां को पीट रहे थे तभी मेरी नींद खुल गई मैंने देखा कि उसने मेरी मां के मुंह में कपड़ा ठूंस कर पीट रहे थे जिसके बाद उसने मेरी मां की गला दबाकर हत्या कर दी।लेकिन इस घटना के मामले को आरोपी राजेंद्र के पिता रामलाल ने थाने में दर्ज कराया था घटना के बाद राजेंद्र के परिजनों ने पुलिस को गुमराह भी किया और उन्होंने बताया कि इस वारदात में कई लोगों ने आकर उस महिला के साथ अभद्र बर्ताव करके उसकी हत्या कर दी थी ।लेकिन कोर्ट में उस बेटे ललित की गवाही के बाद आरोपी राजेंद्र को ही दोषी माना गया ।घटना के बाद बेटा ललित अपनी छोटी बहन के साथ अपनी ननिहाल प्रयागराज के ददौली गांव में रहता है।ललित और लक्ष्मी के ननिहाल जाने के बाद राजेंद्र अपने भाई राम बहादुर के साथ रहने लगा इसी दौरान बीमारी के चलते राजेंद्र के पिता रामलाल की 2 साल पहले मौत ही हो गई थी।और ललित तथा उसकी बहन लक्ष्मी का पालन पोषण ननिहाल वाले ही कर रहे है।उधर राजेंद्र का बड़ा बेटा पिता के पक्ष में पैरवी कर रहा था जिसकी वजह से ललित और उसकी बहन लक्ष्मी दोनों नाराज चल रहे थे ।फिलहाल राजेंद्र का बड़ा बेटा हीरालाल मुंबई में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है।लेकिन इसी दौरान पिता की सजा होने के खबर सुनते ही वह काफी परेशान हो गया।लेकिन वहीं पर ललित तथा लक्ष्मी दोनों इस फैसले से खुश थे।

# कांग्रेस कार्यकताओं ने लगाई महंगाई चौपाल, सरकार पर निशाना

**समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज,प्रतापगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सदर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में महंगाई चौपाल का आयोजन इंदिरा भवन में किया। आयोजन की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डॉ वीके सिंह व संचालन सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी ने किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकुंद तिवारी ने कहा कि महंगाई की वजह से आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है। डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि दैनिक उपयोग की चीजों पर जीएसटी लगाकर चीजों को महंगा कर दिया गया है। सरकार गूंगी व बहरी हो गयी है। जनता की आवाज सुनना नहीं चाहती।डॉ. वीके सिंह ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी के विरूद्ध कांग्रेस आज सड़कों पर है, महंगाई को लेकर सिर्फ कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो इन मुद्दों को लेकर सदन से सड़क तक जनता की आवाज बुलंद कर रही है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, महेंद्र शुक्ल, सरोज कश्यप, आशुतोष तिवारी, राम रतन तिवारी, सोनी तिवारी, मो. ईश्तिया, अभय, शिवम, विकास, दीपक, सूर्य प्रकाश, बेलाल, सलमान खान, आशा देवी, गुरिया, मो.सकील, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# अमेठी में युवती से रेपः चाकू से गोदकर झाडियों में फेंका , हालत गम्भीर होने पर ट्रामा सेंटर कराया भर्ती

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी में युवती से दुष्कर्म के बाद आरोपी ने उसे चाकू से गोद डाला। झाड़ी में लहूलुहान मिली युवती को जिला अस्पताल से ट्रॉमा सेन्ट्रर रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को छानबीन में जुटी है।

मामला जामों थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली 21 साल युवती सुबह सिवान की ओर गई थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की काफी देर तक खोजबीन के बाद भी युवती का कुछ नहीं पता चला तो उसकी मां थाने पहुंची मां के गांव के ही एक युवक पर बेटी को बहाला फुसला कर भगा लेने की तहरीर दी।

**झड़ियो में लहूलुहान मिली युवती**

तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर पुलिस ने उसकी शुरू की तलाश चल ही रही थी कि देर रात युवती गांव से कुछ दूर स्थित झाडियों में लहूलुहान हालत में पड़ी मिली इसकी जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसएचओ शिवाकांत पाण्डेय और सीओ गौरीगंज जगदीश कुमार मौके पर पहुंचे और युवती को सीएचसी पहुंचाया गया।

**ट्रामा सेंटर में भर्ती है युवती**

गंभीर रूप से घायल युवती को सीएचसी से जिला अस्पताल व बाद में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया । परिजनो का आरोप है कि अमरचंद नाम के युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने की कोशिश की है।

# नेपाल में बजा अमेठी के दो खिलाड़ियों का डंका : तीन किमी की दौड़ में अंकित और सौ मीटर रेस में अरुण ने जीता गोल्ड

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

कहते है कि जिसमें काबिलियत होती है। उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता ब्लाक भेंटुआ के टिकरी ग्राम सभा के दो युवा होनहारों ने कुछ ऐसा कर दिखाया है जिस पर गांव के लोग गर्व कर रहे है यूथ फाउंडेशन आफ इंडिया की नेपाल में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पादक जीतकर दोनों ने जिले का नाम रोशन किया।

एक ने दस मिनट और दूसरे ने 10 सेंकेड में पूरी की रेस टिकरी ग्राम पंचायत के श्री का पुरवा निवासी अंकित यादव पुत्र संजय यादव ने 19 अगस्त को नेपाल में हुई तीन किमी की दौड़ को दस मिनट सात सेंकेड मे पूरा कर स्वर्ण पादक जीता है वहीं कोदई का पुरवा निवासी अरुण कश्यप पुत्र सियाराम कश्यप ने सौ मीटर की दौड़ महज 10 .8 सेंकेड में पूरी कर गोल्ड मेडल जीता।

**यह बच्चे हमारे देश की रीढ़ करेंगे नाम रोशन**

दोनों खिलाडियों ने अपने प्रदर्शन का श्रेय कोच विनोद कुमार यादव को दिया है। युवाओं की उपलब्धि में प्रसंशा टिकरी प्रधान राम करन यादव ने दोनों खिलाडियों को



गुरुवार को सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि भी मोजूद रहे। कहा कि यह बच्चे हमारे देश की रीढ़ है। यही देश का नाम रोशन करेंगे इन युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हम हर सम्भव मदद करेंगे ।

# मासिक टेस्ट में कम नंबर आने पर बच्चों को पीटा, वार्डेन पर केस

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ**

धधुआ गाजन में स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल के कैंपस में ही छात्रावास है। जिसमें दूरदराज से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र व छात्रा रहते हैं। रविवार की शाम हाईस्कूल व इंटर के बच्चों को मासिक टेस्ट के नंबर बताए गए। इसमें कम नंबर पाने वाले कई बच्चों को वार्डेन संग्राम सिंह निवासी राजापुर रैनिया थाना अंतू ने डंडे से बुरी तरह पीट दिया। बच्चों के जिस्म पर डंडे के निशान उभर आए। विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक कुमार के मुताबिक हाईस्कूल के फराज व इंटर के अनुराग यादव समेत तीन बच्चों को चोट आई। रात में जानकारी होने पर बच्चों का इलाज कराया गया। इसके बाद सूचना पुलिस के साथ अभिभावकों को भी मिल गई। सूचना पाकर पुलिस स्कूल पहुंची और बच्चों से मामले की जानकारी ली। सोमवार को छात्रावास के वार्डेन को पुलिस थाने ले गई। मामले में विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक कुमार ने वार्डेन के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने वार्डेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा चोरी के किराना के सामान व 1491/- रुपए नगद के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.08.2022 को उ0नि0 अभिनेष कुमार थाना संग्रामपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामराज वर्मा पुत्र मोतीलाल वर्मा नि0 ग्राम खरेथू थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी हाल पता मिश्रौली थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को मिश्रौली क्रासिंग मोड़ के पास से समय करीब 12:45 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में चोरी के किराना के सामान व 1491/ रुपए नगद बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 22.08.2022 की रात्रि को मिश्रौली में एक



किराना की दुकान में सेंद मारकर चोरी किया था । बरामद सामान व रुपए उसी चोरी के हैं । थाना संग्रामपुर द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# मा. उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अमेठी के ग्राम पंचायत सेम्भुई में अमृत सरोवर का किया लोकार्पण।

## अमृत सरोवर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक पाठशाला, गौ आश्रय स्थल व पाइप पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी में उत्तर प्रदेश के मा. उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को अमेठी जनपद के विकास खंड गौरीगंज की ग्राम पंचायत सेम्भुई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमृत सरोवर का लोकार्पण किया। उन्होंने इसी ग्राम पंचायत में प्राइमरी पाठशाला व आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अमृत सरोवरों के महत्व व महत्ता पर प्रकाश डाला। जल संरक्षण और जल संचयन के मुख्य उद्देश्य से बनाये जा रहे अमृत सरोवरो पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के उन्होंने निर्देश दिए। कहा अमृत सरोवर ग्रामीण पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किए जाएं। लोकार्पित किये गये अमृत सरोवर की अनुमानित लागत रू 19 लाख है। प्राइमरी पाठशाला के निरीक्षण में उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा की जमीनी हकीकत को भी समझा और कहा कि शिक्षा का मकसद कौशल और विशेषज्ञता के साथ अच्छा इंसान बनाना है। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा के साथ बच्चों में अच्छे संस्कार देने के भी निर्देश दिए।उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र मे बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया एवं 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं को फल व पोषाहार वितरित किया तथा कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों



को दिए। ग्राम पंचायत सेम्भुई में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण भी किया व सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान गायों को गुड़ का केला खिलाया तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गायों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही मा. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो गोवंश सड़क अथवा गो आश्रय स्थल से बाहर घूम रहें हों उन्हें पकड़कर गो आश्रय स्थल में रखा जाए कहीं पर भी निराश्रित गोवंश घूमते ना पाए जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने जल जीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन सोंगरा ग्रामीण पेयजल योजना का सघन निरीक्षण किया। परियोजना के बारे में ग्रामीणों से फीड बैक लिया। श्रमिकों व तकनीकी विशेषज्ञो से वार्ता की। ग्रामीणो ने बताया कि पाइप लाइन लगभग 3 फिट नीचे डाली जा रही है। निमार्णाधीन ओवर हेड टैंक की क्षमता की जानकारी हासिल करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही कराये जांय और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कार्य तीव्र गति से कराते हुते निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मा. उपमुख्यमंत्री जी के साथ गोविंद नारायण शुक्ला विधान परिषद सदस्य, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहसों के अधेड़ की कुंडा में मौत, कोहराम

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ**

प्रयागराज के सहसों के नारायणपुर गांव के रामबाबू गुप्ता (50) पुत्र राम प्रताप कुंडा के ताजपुर बाजार में किराए के कमरे में परिवार के साथ रहता था। वह परिवार के जीविकोपार्जन को बाजार में लाई-चना भूंजने का ठेला लगाता रहा। सोमवार की रात अचानक उसकी हालत बिगड़ी तो भाभी तारा देवी इलाज को सीएचसी लाईं। सीएचसी में डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# अमेठी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करके हत्या के अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रूपया अर्थदंड की सजा सुनायी गयी।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

माननीय न्यायालय में लम्बित मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाये जाने के अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करके माननीय न्यायालय जनपद सुलतानपुर में चल रहे मु0अ0सं0 176/15 धारा 147,148,149,504,506, 302 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में अभियुक्तगण 1 शत्रुघन सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह 2 सुरेंन्द्र बहादुर सिंह पुत्र तेजबहादुर सिंह 3 दीपक उर्फ विक्रम सिंह पुत्र सुरेंन्द्र बहादुर सिंह निवासीगण बरना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को दोषी सिद्ध कराने में सफलता प्राप्त हुई । परिणाम स्वरूप माननीय न्यायालय ए0एस0जे0 तृतीय जनपद सुलतानपुर द्वारा दिनांक 23.08.2022 को उक्त तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया गया, अर्थदंड न अदा करने पर 01 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी एंव धारा 147,148,149,302 में आजीवन कारावास,धारा 504 व 506 में 02 वर्ष कारावास एक -




एक हजार रु0 अर्थदण्ड से दंडित किया गया, अर्थदंड न अदा करने पर 01 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

वादी श्री गोविन्द लाल ओझा पुत्र स्व0 देवनरायन ओझा नि0 पूरे ओझा मजरे बरना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी में दिनांक 08.03.2015 को समय करीब 17:05 बजे थाना मुसाफिरखाना पर तहरीरी सूचना दी कि वादी के पुत्र को अभि0गण द्वारा एक राय होकर लोहे की राड व कट्टे से मारकर वादी के पुत्र मनोज ओझा की हत्या कर दी गयी, इस सूचना पर थाना मुसाफिरखाना पर मु0अ0सं0 176/15 धारा147, 148,149, 504,506, 302 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी पर पंजीकृत होकर विवेचक निरीक्षक श्री दीपेंन्द्र सिंह द्वारा की गयी । विवेचना के दौरान अभियुक्तगण 1- शत्रुघन सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह 2- सुरेंन्द्र बहादुर सिंह पुत्र तेजबहादुर सिंह 3- दीपक उर्फ विक्रम सिंह पुत्र सुरेंन्द्र बहादुर सिंह के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोप पत्र संख्या ए-64 दिनांक 30.05.15 को माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था।

# महिला थाने के प्रयास से 01 वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत आज उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा महिला थाना



गौरीगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया । जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया । अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

## घर के बाहर खेल रहे बच्चे को बाइक सवार ने किया अपहरण

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।वारासिवनी थानांतर्गत सरेंडी निवासी हाल मुकाम मिश्रा कालोनी दक्ष गौतम पिता ईश्वरी गौतम उम्र सात वर्ष की अज्ञात दो लोगों ने गुरुवार की शाम करीब चार से पांच बजे अपहरण कर लिया जिसकी तलाश पुलिस कर रही है ।यह घटना गुरुवार की शाम उस समय घटित हुई जब सात वर्षीय दक्ष घर के बाहर खेल रहा था ।मिली जानकारी अनुसार एक स्पलेंडर बाइक से दो युवक आये व घर के बाहर खेल रहे दक्ष को अपने बाइक पर बैठाकर रामपायली रोड कालेज के तरफ जाते हुए देखा गया ।आरोपी स्पलेंडर बाइक पर एक ब्रॉउन शर्ट पहन रखा है और दोनों आरोपियों ने मुंह पर गमछा बांध रखा है ।इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है ।वही इस मामले पर वारासिवनी पुलिस थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी ने बताया कि एक बाइक पर दो आरोपियों के द्वारा सात साल के मासूम बच्चे का अपहरण किया गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।



## आबकारी विभाग ने छापामार कार्यवाही कर 1.66 लाख का महुआ लाहन किया जप्त

**समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट। आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शों के परिपालन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम कान्द्रीकला में छापामार कार्यवाही कर 01 लाख 66 हजार 500 रुपये मूल्य का 2250 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है।

जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस डी सूर्यवंशी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे हैं लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज 25 अगस्त को आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत लांजी के ग्राम कान्द्रीकला के जंगल में लगभग 5 किलोमीटर पैदल चलकर अलग-अलग स्थानों से 75 बोरियों में भरा हुआ लगभग 2250 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई है और मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 02 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त महुआ लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जब्त सामग्री का बाजार मूल्य 01 लाख 66 हजार 500 रुपये है।

इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस डी सूर्यवंशी, अखिलेश ठाकुर एवं उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, मदन सिंह कुलस्ते एवं आरक्षक रमेश मुरकुटे, भानु मर्सकोले, आरिफ खान उपस्थित रहे ।हालांकि आमजन इस कार्यवाही से नाखुश भी है ।लोगो का कहना है कि आबकारी विभाग को जंगल, झाड़ी, खेत खलिहान में महुआ लाहन की जानकारी मिल जाती है और उस पर कार्यवाही भी होती है लेकिन गली गली,गांव गांव,सड़क किनारे ढाबों पर,होटल में,पान दुकान में मिलने वाली शराब की जानकारी इन अधिकारियों को कैसे नही हो पाती?आबकारी विभाग को इन ठिकानों की जानकारी लग नही पाती या लगाना नही चाहते?

## तीन पशु चिकित्सको का दो दिन का वेतन काटने का आदेश जारी

### *बिरसा के पशु चिकित्सक डॉ राजेश शेंडे का भी वेतन कटेगा*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट ।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने पशु चिकित्सा विभाग के पशु चिकित्सकों एवं उद्यान विभाग के उद्यान विस्तार अधिकारियों की बैठक लेकर इन विभागों के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ पी के अतुलकर, सहायक संचालक उद्यान सी बी देशमुख भी उपस्थित थे।

बैठक में सबसे पहले पशु चिकित्सा विभाग कें कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ मिश्रा ने पशु चिकित्सकों से कहा कि वे अपने मुख्यालय पर रहें और किसानों एवं पशुपालकों को उनकी सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। जिले में कहीं से भी शिकायत नहीं मिलना चाहिए कि पशु चिकित्सक कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है। उन्होंने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ पी के अतुलकर के निरीक्षण के दौरान अपने कार्यालय से अनुस्थित पाये गये किरनापुर के डॉ मिनेश मेश्राम, खमरिया-लालबर्रा की डॉ प्रतिभा पड़वार एवं बिरसा के डॉ राजेश शेंडे का दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

पशु चिकित्सा विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2022-23 में जिले में 03 लाख 43 हजार पशुओं के उपचार का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 89 हजार 426 पशुओं का उपचार किया गया है। पशुओं के टीकाकरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 07 लाख 95 हजार 700 पशुओं को टीका लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध 01 लाख 45 हजार 824 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। पशुओं के टीकाकरण में विकासखंड बिरसा, बैहर एवं परसवाड़ा की प्रगति बहुत ही कम होने के कारण कलेक्टर ने इस विकासखंड के पशु चिकित्सकों का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे उद्यान विभाग की रोपणियों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास करें। किसानों को उद्यानिकी के अंतर्गत फलों व सब्जियों की खेती के लिए प्रोत्साहित करं और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। जिले में काजू एवं आम के साथ नारियल की खेती के लिए भी प्रयास किये जायें। इस दौरान बताया गया कि जिले में 10 हेक्टेयर क्षेत्र में आम पौधरोपण का लक्ष्य मिला है। इसी प्रकार 34 हेक्टेयर क्षेत्र में 6347 काजू के पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध 21 हेक्टेयर क्षेत्र में काजू के पौधे लगाये जा चुके है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत जिले में कोदो-कुटकी को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए जिले में 1450 किसानों का पंजीयन किया गया है।

बैठक में वरिष्ठ उद्यान विस्तार अधिकारी हरगोविंद धुवारे ने बताया कि बिरसा विकासखंड के बैगा जनजाति के लोगों को काटवल (ककोड़ा) की खेती से जोड़ा गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक लोगों ने काटवल (ककोड़ा) के पौधे लगाये है। जिले में काजू के बाद अब नारियल की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए कैमरे खराब जिसके चलते अपराधी बेखौफ!

**(संवाददाता) विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण मोहनलालगंज लखनऊ!**

मोहनलालगंज मोहनलालगंज कस्बे के अंतर्गत पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए कैमरे बने शोपीस जबकि इसी कस्बे में कई बड़े हादसे हो चुके हैं जिसको देखते हुए मोहनलालगंज पूर्व थाना प्रभारी द्वारा पूरे कस्बे में कैमरा लगाए गए थे जिससे पुलिस की नजर में हर चीज रहती थी पर अब सारे कैमरे निगरानी करने की बजाएं जमीन देख रहे हैं कस्बे में चोरी से लेकर हत्या तक हो चुकी है उसके बाद भी मौजूदा प्रभारी निरीक्षक द्वारा लापरवाही बरती जा रही है यातायात व्यवस्था से लेकर अन्य बड़ी चीजों पर पुलिस की निगरानी नहीं है इससे साफ जाहिर होता है कि मोहनलालगंज पुलिस प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ता जहां एक तरफ पुलिस कमिश्नर एस बी शिरडकर राजधानी की कमान संभाल रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त हिदायत दे चुके हैं उसके बावजूद भी प्रभारी निरीक्षक द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है जो अपराध को बढ़ावा दे रहा है हाल ही में नवजीवन इंटर कॉलेज में बाहर के लोग आकर मारपीट कर चले गए और कोई जानकारी किसी को प्राप्त ना हो सकी अगर कैमरा लगे होते तो शायद ऐसे लोगों की पहचान हो सकती थी मोहनलालगंज पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसी लापरवाही कब तक बरती जाएगी और योगी सरकार के आदेशों का कब तक उल्लंघन होगा!

## कानपुर में नवाबगंज के बाद गोविंद नगर भेजे गए तेजतर्रार इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी

### पुलिस कमिश्नर ने किया 23 थानों में फेरबदल

### 3 लाइन हाजिर ,11 इंस्पेक्टरों को भेजा क्राइम ब्रांच

सुनील बाजपेई कानपुरक कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले यहां के पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने 23 थाना और अतिरिक्त इंस्पेक्टरों में भारी फेरबदल किया है इनमें से सीसामऊ, कोतवाली और कोहना के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर किया गया है, जबकि 11 इंस्पेक्टरों को क्राइम ब्रांच भेजा गया है।

देर रात जारी की गई तबादला गस्ती में बर्रा, गोविंद नगर , किदवई नगर कोहना ग्वालटोली बादशाही नाका जाजमऊ नजीराबाद आज के भी प्रभारी निरीक्षक हटा दिए गए हैं । इसी क्रम में चुनौतीपूर्ण गोविंद नगर की कमान नवाबगंज के इंस्पेक्टर तेजतर्रार आशीष कुमार द्विवेदी को सौंपी गई है।

पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड द्वारा जारी इस तबादला गस्ती में क्राइम ब्रांच भेजे गए इंस्पेक्टर रोहित तिवारी के स्थान पर जहां तक इंस्पेक्टर गोविन्द नगर के रुप में आशीष कुमार द्विवेदी की चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है , उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड द्वारा पुलिस महकमे में किए गए इस भारी फेरबदल के



मद्दे नजर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर आशीष कुमार द्विवेदी के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे

रहने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर आशीष कुमार द्विवेदी ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। यही वजह है कि कर्तव्य के प्रति उनकी प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

## यातायात पुलिस की समीक्षा बैठक के आदेशों पर हुई कार्यवाही... ऑटो चालको को बिना वर्दी के रहने पर 30 वाहन चालको पर की गई कार्यवाही

### *किसी भी स्थिति में यातायात बाधित करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा: यातायात पुलिस अधीक्षक*

समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख बिलासपुर। विगत दिवस बिलासपुर जिले की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती पारुल माथुर के द्वारा यातायात पुलिस की समीक्षा बैठक ली गई थी। जिसमें शहर की विभिन्न यातायात व्यवस्थाओं पर दिशा निर्देश दिए गए, ताकि यातायात व्यवस्थित रूप से सुगम एवं सुरक्षित रूप से संचालित हो।

इस दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी अपने सुझाव देकर आदेशित किये कि बसंत विहार चौराहे के पास में पिकआवर में जिस समय डी0ए0वी0 स्कूल, लोयला स्कूल एवं बिलिएंट पब्लिक स्कूलकी छुट्टी लगभग एक ही समय पर होने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती तथा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इससे निवारण के लिए उस स्थान पर ऑयरन स्टॉपर लगाकर रोड को आने-जाने की अलग-अलग व्यवस्था की जाए आदेश के परिपालन में आज उप पुलिस अधीक्षक (यातायात)श्री संजय साहू की उपस्थित में लोयला स्कुल रोड पर आयरन स्टॉपर लगवाकर बसंत विहार चौक तक यातायात व्यवस्था बनवाई गई।

समीक्षा बैठक बिंदुबार आदेश पर सेट जेवीयर व्यापार विहार रोड से आगे श्रीकांत वर्मा मार्ग को जोड़ने वाली तिराहे पर भी अत्यधिक यातायात का दबाव रहता है इस तिराहे पर स्कूली बस, स्टेशन जाने वाले यात्रियों को सुगमता से अपनी-अपनी दिशा में जाने तिराहे में 4 आयरन स्टॉपर लगा कर अस्थाई चौक बनाया गया ताकि ड्यूटीरत यातायात जवान सुव्यवस्थित रुप से यातायात संचलित कर सके।

किसी भी स्थिति में यातायात बाधित न हो, जाम की स्थित निर्मित ना हो इस हेतु निरंतर नगर पालिका बिलासपुर एवं यातायात पुलिस टीम की सयुक्त रूप से शहर के विभिन्न मार्गो पर अतिक्रमण व नो पार्किंग पर कार्यवाही की जा रही है, जिसमें आज दिवस सी0एम0डी0 चौक रोड एवं पुराना बस स्टैंड पर अतिक्रमण पर कार्यवाही कर ठेले जप्त किये गए एवं उसलापुर से सकरी रोड पर अत्यधिक यातायात दबाव को देखते हुए सहायक उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी एवं एक प्रधान आरक्षक कि पेट्रोलिंग ड्यूटी उस मार्ग पर लगाइए।

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री रोहित बघेल ने बताया कि किसी भी स्थिति में यातायात बाधित करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा एवं निरंतर



नो पार्किंग एवं अतिक्रमण पर कारवाई की जारी रहेगी सभी से अपील है कि सभी वाहन चालक निर्धारित पर्किंग स्थान पर व यलो लाइन के अंदर की वाहन पार्क करें । गुरुवार को यातायात की कार्यवाही में मोटर वीकल्स के अंतर्गत 124रु 47300/-प्रसमान शुल्क काटा गए एवं विशेष अभियान के अंतर्गत ऑटो चालको को बिना वर्दी के रहने पर 30 वाहन चालको पर कार्यवाही की गई।

## खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाने रमेश कर रहे हैं वर्मी कम्पोस्ट का प्रयोग

**समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख**

बेमेतरा। जहां चाह वहां राह इस उक्ति को चरितार्थ किया है जिले के एक सफल किसान जिन्होने वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग कर अपना फसल के उत्पादन को बढ़ाया है। हम बात कर रहे हैं विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम मदनपुर के कृषक रमेश कुमार अनंत पिता विष्णु प्रसाद की। इनके खेत में केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के मार्गदर्शन मे गोधन न्याय योजना अन्तर्गत 5 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट खाद वितरण निःशुल्क धान खेत (किस्म महामाया) में प्रदर्शन हेतु दिया गया। जिसका 3 एकड़ मे बुवाई के समय उपयोग किया गया लगभग 2 माह



पश्चात कृषक रमेश कुमार द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्ष की तुलना में खेत की मिट्टी अन्य खेत की तुलना में नर्म हुई है एवं भूमि की जल धारण क्षमता में वृद्धि हुई है सूखे की स्थिति होने पर भी खेत में नमी संचित है एवं धान की फसल अन्य क्षेत्र की तुलना में अधिक हरी दिखाई दे रही है एवं कीट व्याधि का प्रकोप कम हुआ है एवं कृषक द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उपयोग करने पर वर्तमान फसल में लाभ दिखने पर आगामी वर्ष में अपने संपूर्ण खेत में वर्मी कंपोस्ट खाद का उपयोग करने हेतु रुचि जताई गई। कृषक रमेश कुमार वर्मी कंपोस्ट उपयोग के लाभ से संतुष्ट हैं। प्रगतिशील किसान रमेश से प्रेरणा लेकर गांवा के अन्य किसान भी अपने खेत में वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग करने के लिए प्रेरित हो रहे है।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख**

रायपुर ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज सहकारिता विभाग





की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान मुख्य रूप से सहकारी बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती एवं नई समितियों में भर्ती को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, विधायक सत्यनारायण शर्मा, अध्यक्ष अपेक्स बैंक बैजनाथ चंद्राकर, मुख्य सचिव अमिताभ जैन समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा त्रिवेणी गांव में किया गया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा**

डिप्थीरिया (गलाघोटू) बीमारी का संक्रमण फैला हुआ है, जिसे आज तहसील सदर के विकास खण्ड बडोखर खुर्द की ग्राम पंचायत त्रिवेणी में डिप्थीरिया बीमारी की खबर पर आज जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल ने उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्मा, तहसीलदार पुष्पक, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु श्वेता साहू, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु यादुवेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अजय पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद सरोज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल श्रीवास्तव अपनी मेडिकल टीम सहित विगत चार दिनों से गॉव में कैम्प लगवाकर मरीजों का उपचार करवाया जा रहा है। प्रमुखता से डिप्थीरिया जैसे लक्षण वाले रोगियों को मेडिसिन एजिथ्रोमाइसिन एन्टीबायोटिक वजन के अनुसार दी जा रही है। एजिथ्रोमाइसिन 10 एम0जी0 प्रति किलोग्राम अधिकतम 500 एम0जी0 प्रतिदिन एक बार तीन से पॉच दिन के लिए दी जा रही हैं। साथ ही सर्दी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त, दर्द आदि के लिए भी ग्रामीणों को दवाइयां दी जा रही हैं। स्वास्थ्य टीम में डॉ0 शिव प्रताप, डॉ0 अर्चना भारती, एम0डी0 शरीफ, जियाउद्दीन साथ रहे। साथ ही डिप्थीरिया के लक्षण वाले बच्चों का सैम्पल लिया गया। जांच टीम में अभिषेक खरे, लैब टेक्नीशियन दिनेश कुमार, अभय प्रताप ने 06 टीमों के द्वारा ए0एन0एम0 ने पूरे गॉव में 0 से 15 वर्ष ी 188 बच्चों का डी0पी0टी0 टीकाकरण कराया। 7 वर्ष के ऊपर 202 बच्चों ‘ टी0 डी0 का टीका लगाया गया, जिसमें आज 09 ससपेक्टेड डिप्थीरिया के लक्षण वाले बच्चों के सैम्पल पी0जी0आई0 लखनऊ भेंजे गये हैं। 56 लोंगो की मलेरिया जांच कार्ड स्लाइड से की गई, जिसमें सभी रिपोर्ट निगेटिव आयीं।

जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल ने प्रशासनिक टीम के साथ त्रिवेणी ग्राम पहुंचकर किया औचर निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी लिया जिसमें पाया गया कि ग्राम त्रिवेणी 06 स्वास्थ्य कैम्प लगावाये गये हैं, जिसमें दो चिकित्सक सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव टीम सहित ग्राम में भ्रमण कर बच्चों के बीमारी की जानकारी प्राप्त कर रहे थे। जिलाधिकारी ने ग्राम त्रिवेणी में घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपचार सम्बन्धी जानकारी प्राप्त किया जिस पर पाया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ अश्वस्थ बच्चों की देखभाल एवं उपचार की पूरी व्यवस्था की जा रही है। ग्राम के लोंगो द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि गॉव में अभियान चलाकर साफ-सफाई व्यवस्था दुरस्त की जाए, कहीं पर भी नालियों एवं गड्ढों में जल भराव की स्थिति न रहे। मच्छरों से बचाव हेतु मच्छर रोधी दवा एन्टी लारवा का छिडकॉव कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि यदि कोई भी गॉव का व्यक्ति नालियों में मल-मूत्र बहाता है, तो उसको नोटिस जारी कर उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। पाइप लाइन द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था जल संस्थान द्वारा करायी जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने प्रा0विद्यालय नई बस्ती का निरीक्षण किया, जिसमें प्रधानाचार्य मंजू श्रीवास्तव उपस्थित थीं, निरीक्षण के दौरान बताया गया कि विद्यालय में कुल 114 बच्चे हैं, जिसमें आज 85 बच्चे उपस्थित पाये गये। प्राइमरी स्कूल अग्रेजी माध्यक का भी निरीक्षण किया जहां पर प्रधानाचार्य प्रतीक्षा गुप्ता उपस्थित थी। जानकारी करे पर बाताया गया कि कुल 62 बच्चे हैं, जिसमें आज 53 बच्चे उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा विगत दिवस जिन बच्चों की मृत्यु हो गयी थी उनके अभिभावकों से जिलाधिकारी मिले तथा शोक जताया एवं हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

*हर विभाग में माफियाराजः तेजस्वी सूर्या*

## बेरोजगारी- वादाखिलाफी बढ़ते अपराध के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल : बैरिकेड्स तोड़ सीएम हाउस के पास पहुंचे हजारों भाजपाई , 400 से ज्यादा गिरफ्तार

# पहली बार भीड़ सीएम हाउस के करीब पहुंची

**समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और बढ़ते अपराधों के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजपा ने बुधवार को राजधानी रायपुर में हल्ला बोल दिया है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता रास्ते के बैरिकेड्स तोड़, पुलिस वालों से जूझते हुए मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। कार्यकर्ताओं ने ओसीएम चौक और कालीबाड़ी चौक सहित कई पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच कई जगह झड़प हुई। अकलतरा से विधायक सौरभ सिंह मुख्यमंत्री निवास के सामने पहुंच गए थे। उनके साथ अनुराग सिंहदेव भी थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

ऐसा पहली बार है कि भीड़ सीएम हाउस के इतने करीब पहुंच गई है। इससे पहले नगर निगम के पास हुई सभा में मंच से भाजयुमो अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि दिसंबर तक सभी सरकारी वैकेंसी को भरा जाए। साथ ही अनियमित कर्मचारियों को नियमित करें। इसके लिए भूपेश सरकार को 3 माह का अल्टीमेटम देते हैं। इसके बाद फिर से आंदोलन होगा।

मंच पर सांसद तेजस्वी सूर्या के साथ ही मंच पर प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या सहित अन्य नेता मौजूद रहे। सांसद तेजस्वी के पहुंचते ही कार्यकताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाए गए। विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकताओं के साथ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान रायपुर के नेता काले गुब्बारे हाथ लेकर सड़क पर चलते नजर आए। नेताओं ने नारा लगाया रोजगार तो देना होगा, देना होगा। कुछ देर बाद वहां सभा होगी और फिर मुख्यमंत्री निवास की ओर कार्यकर्ता कूच करेंगे। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या भी पार्टी अध्यक्ष अरुण साव से मुलाकात के बाद मंच पर पहुंच गए हैं। यहां तेजस्वी सभा को संबोधित किया। इससे पहले कांग्रेस के खिलाफ भाजपा के इस बड़े सियासी प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या रायपुर पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर युवा कार्यकताओं ने उन्हें धान की बालियां भेंट की। इस दौरान सांसद सुनील सोनी और भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने मीडिया से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ में हर विभाग में माफिया राज है। महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। युवाओं को बेरोजगारी का संकट सता रहा है और इस वजह से भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं के अधिकारों की आवाज बुलंद करने आज सड़कों पर उतरेगा। इसके बाद सांसद तेजस्वी सूर्या माना स्थित कुशाभाऊ ठाकरे पहुंचे और नेताजी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर जय हिंद का नारा लगाया। पुलिस और नेताओं के बीच झड़प के आसार हैं। सिविल लाइंस इलाका जहां मुख्यमंत्री का निवास है, उस ओर जाने वाली सभी सड़कों को हर तरफ से बंद कर दिया गया है। इसके अलावा घड़ी चौक, फायर ब्रिगेड चौक (सुभाष स्टेडियम के पास) कालीबाड़ी के पास निगम मुख्यालय वाला इलाका बंद किया गया था ।

### पुलिस ने कहा...

वही पुलिस ने कहा कि बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ,भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री निवास घेराव का आह्वान किया गया था। जिसके तारतम्य में प्रशासन/पुलिस द्वारा 03 स्थानों में बेरिकेटिंग कराई गई थी। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी,भारतीय जनता युवा मोर्चा के लगभग 8000 से 9000 की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुये।

कार्यक्रम पश्चात जब रैली निकाली गई तब भारतीय जनता पार्टी,भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा बैरिकेट्स को तोड़ा गया एवं कई स्थानो में कानून व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों के साथ झूमा-झटकी की गई। जिसमें कुछ पुलिस वालों को चोटे आयी और कुछ को फ्रैक्चर हुआ है । लगभग 450 कार्यकताओं को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल ले जाया गया है।

### मस्तूरी विधानसभा से पहुंचे हजारो कार्यकर्त्ता

रायपुर में भाजयुमो द्वारा आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में मस्तूरी विधानसभा से भी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे बता दें कि 1 सप्ताह पूर्व से ही मस्तूरी विधायक डॉ बांधी द्वारा धरना स्थल पर पहुंचने कार्यकर्ताओं से अपील की जा रही थी उन्होंने इस हेतु सभी मंडलों की बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की थी जिसके चलते आज सुबह से ही कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रायपुर के लिए रवाना हुए और धरना प्रदर्शन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की ।बेरोजगारी- वादाखिलाफी बढ़ते अपराध के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल : बैरिकेड्स तोड़ सीएम हाउस के पास पहुंचे हजारों भाजपाई , 400 से ज्यादा गिरफ्तार

*हर विभाग में माफियाराजः तेजस्वी सूर्या*
*पहली बार भीड़ सीएम हाउस के करीब पहुंची*
*समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख*

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और बढ़ते अपराधों के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजपा ने बुधवार को राजधानी रायपुर में हल्ला बोल दिया है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता रास्ते के बैरिकेड्स तोड़, पुलिस वालों से जूझते हुए मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। कार्यकर्ताओं ने ओसीएम चौक और कालीबाड़ी चौक सहित कई पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच कई जगह झड़प हुई। अकलतरा से विधायक सौरभ सिंह मुख्यमंत्री निवास के सामने पहुंच गए थे। उनके साथ अनुराग सिंहदेव भी थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में हुई केस दर्ज।

**जितेन्द्र कुमार /समाज जागरण, त्रिबेनीगंज, सुपौल**

जिले में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर पीड़िता के माँ ने थाना में आवेदन देकर पिता - पुत्र को नामजद करते हुए थाने में केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में पीड़िता की माँ पुष्पा देवी ने बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री का अपहरण 22 जुलाई को हुआ था। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई थी। मेरी पुत्री की अपरहण किसने किया इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। छानबीन करने के बाद पता चला है कि मेरी पुत्री का अपहरण पिपरा थाना क्षेत्र के दुबियाही निवासी मोहम्मद इब्रान व उनके पिता शहाउदीन द्वारा किया गया है। कहा कि 15 अगस्त को दिन में मोबाइल




से फोन आया। जिसमें मेरी पुत्री ने कहा कि मां मुझे बचाओ इतने में मोबाइल छीन लिया और आगे बात करने नहीं दिया गया। जब दुबियाही जाकर शहाउद्दीन से कहा कि मेरी पुत्री का अपहरण कर आपका बेटा इससे गलत धंधा करवाता है। शहाउद्दीन ने कहा कि मैं तुम्हारी पुत्री को लाकर दे देंगे। लेकिन अभी तक मेरी पुत्री घर वापस नहीं आई है। मुझे यह भी पता चला है कि मोहम्मद इब्रान एवं इनके पिता शहाउद्दीन लड़की को जाल में फंसाकर गलत धंधा करवाता है और भेज देता है। कहा कि मेरी पुत्री के पास करीब एक लाख पचास हजार रुपए का जेवर भी था। मुझे शंका है कि मेरी पुत्री को किसी दूसरे व्यक्ति के हाथ में बेच सकता है। थानाध्यक्ष संदीप कमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पारिवारिक आहार विविधता अभियान के तहत जीविका प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का हुआ आयोजन।

**अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल**

जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत जीविका कार्यलय में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति जीविका द्वारा पारिवारिक आहार विविधता अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएनआरपी ग्राम संगठन एवं प्रखंड स्तरीय जीविका कर्मी को यह सम्मान दिया गया। प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, पिपरा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री राम बहादुर पासवान ने कहा कि आहार विविधता अभियान कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय पिपरा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन जीविका कर्मी तीन ग्राम संगठन तीन सीएनआरपी सदस्यों को



पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।उन्होंने बताया कि इससे पहले संकुल क्षेत्र के सभी ग्राम संगठनों के जीविका समूह से जुड़ी सभी धातृ, गर्भवती दीदी एवं स्वास्थ्य उप समिति के दीदीयों ने गृहभ्रमण करके उसे संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, खान-पान से संबंधी जानकारी दी। संगठन द्वारा तीन गर्भवती एवं धातृ दीदी को पुरस्कृत भी किया गया था। बीपीएम ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ-शिशु मृत्यू दर में कमी लाना एवं कुपोषण।कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से दर्जनों की संख्या में जीविका दीदी मौजूद रहे।

## 19 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज के द्वारा एक दिवसीय प्राथमिक चिकत्सा वर्कशॉप का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण किशनगंज संवाददाता मोहम्मद चांद**

19 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज तथा प्रथिमिक चिकित्सा केंद्र , ठाकुरगंज के सहयोग से एक दिवसीय प्राथमिक चिकत्सा वर्कशॉप वाहिनी मुख्यालय मे कराया गया`

कार्यक्रम की शुरूआत सहायक कमांडेंट (मेडिकल ऑफिसर) डॉ॰ सुमित कुमार चौरसिया के द्वारा किया गया ` प्रथिमिक चिकित्सा केंद्र ठाकुरगंज से आए हुए चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य मेडिकल स्टाफ का हार्दिक अभिनंदन किया गया` इसके उपरांत डॉ॰ अनिल कुमार, प्रथिमिक चिकित्सा केंद्र ठाकुरगंज के द्वारा

सर्वप्रथम प्राथमिक चिकत्सा क्या होती है और उसके मायने क्या होती है उसके बारे मे बताया गया तथा जवानो से

01. स्ट्रेचर कया होती है एवं उसे बनाने के तरीके बाताये गये

02. साँप के काटने पर क्या प्राथमिक चिकत्सा दी जाएगी

03. सी पी र कैसे दिया जाता है

04 अगर कोई व्यक्ति पानी में डूब



गया हो तो उसे किस प्रकार से प्राथमिक

चकित्सा दिया जाए

05 नाक में रक्त आने पर उसे कैसे रोका जाए

06 अचानक साँस रुक जाने पर उस ब्यक्ति को क्या प्राथमिक इलाज दिया जाए और उसकी रुकी हुए साँस को कैसे दोवारा से चलाया जाए।

इस वर्कशॉप में जवानो को प्राथमिक इलाज के बारे में बताया गया तथा उनको इसका प्रायोगिक( प्रकटिकल) करवाया गया जिससेअचानक आपदा आने पर जवान अपनी तथा अपने साथी की जान बचा सके ।

इस वर्कशॉप का जवानो को भविष्य में बहुत लाभ होगा ।

अंत में सहायक कमांडेंट (मेडिकल ऑफिसर) डॉ॰ सुमित कुमार चौरसिया ने प्रथिमिक चिकित्सा केंद्र ठाकुरगंज से आए हुए चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य मेडिकल स्टाफ का धन्यबाद ज्ञापन किया गया तथा इस कार्यक्रम का समापन कियो

इस कार्यक्रम मे श्री नन्द लाल शर्मा, (फार्मसिस्ट) कोशल कुमार (बी॰सी॰एम) 04 अधीनस्थ अधिकारी ,15 जवान एवं 09 महिला उपस्थिथ थे

## ई-रिक्शा पलटने से तीन घायल

**दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर, बलिया। मनियर मार्ग पर जलालीपुर चट्टी के समीप तेज रफ्तार ई रिक्शा के पलटने से उस पर सवार 45 वर्षीय कलावती देवी. 55 वर्षीय शेषनाथ भारती 35 वर्षीय सुरेश नाथ निवासी चेतन किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को सिकंदरपुर चौराहे से कलावती व शेषनाथ सुरेश ई रिक्शा द्वारा सिसोटार जा रहे थे। वे जैसे ही



जलालीपुर चट्टी के समीप पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार से चला रहे, ई रिक्शा चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ई-रिक्शा पलट गया तथा तीनों रिक्सा सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल अवस्था मे स्थानीय लोगो की मदद से समुदस्यीक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर लाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया

## चहक प्रशिक्षण से चमक रहे शिक्षकों के चेहरे

**दैनिक समाज जागरण**

हाजीपुर(वैशाली)जिले के जन्दाहा प्रखंड के प्रसिद्ध रामअवतार सहाय उच्च विद्यालय में चल रहे गैर आवासीय पांच दिवसीय चहक प्रशिक्षण में किए जा रहे रोचक और आनंददायी गतिविधी ने शिक्षकों के चेहरे चमक उठे।यह प्रशिक्षण सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्रथम वर्ग के नामित शिक्षक,शिक्षिकाओं को दिया जा रहा है।प्रशिक्षण दो बैच में चल रहा है जिसमें चार संकुल के 40-40 शिक्षक,शिक्षिकाएं भाग ले रही हैं।इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को गतिविधी के माध्यम से बच्चों के अंदर संख्या,शब्द का ज्ञान और गुणात्मक व भावनात्मक विकास के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।जो यहां से सीख कर अपने-अपने विद्यालय के बच्चों को सिखाएंगे।इस प्रशिक्षण में मेंटर अशोक पंडित,उपेन्द्र कुमार राय,प्रशिक्षक शत्रुघ्न प्रसाद



चौधरी,कृति भारती,त्रिलोकी नाथ साह,राज कुमार राम व प्रतिभागी राम सुन्दर राम,मोहम्मद शाहनवाज अता, सुभाष चौधरी,रंजीत कुमार,त्रिवेणी साह,राकेश कुमार गुप्ता,रवि शंकर,अशोक रजक,सुरेश प्रसाद साह,सतीश झा,संतोष राउत,सूरज कुमार,श्याम कुमार,मुकेश कुमार,लाल बाबू राय,रेहाना खातून,शकीला खातून,पूर्णिमा कुमारी,मीरा कुमारी,उषा कुमारी, पुष्पांजली,शाकुंतला कुमारी, रंजना कुमारी, संजू कुमारी, सुनीता झा आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित होकर खुशनुमा माहौल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।वहीं प्रशिक्षण का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन बाला सहाय ने निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को चहक प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी दी।साथ में लेखा सहायक भोला पासवान भी मौजूद थे।

रिपोर्ट मोहम्मद शाहनवाज अता

## जलालपुर में मेन लाइन कई दिनों से बाधित, लोग परेशान पेय नल जल नही मिलने से लोगो में दिखा आक्रोश

**जलालपुर/ सारण पवन कुमार सिंह**

आप को बता दे कि चतरा पावरग्रिड से चलने वाले मेन लाइन बिजली के पोल टूटने के कारण महीनों से बाधित हैं वहीं इस पर बिजली विभाग द्वारा पोल तो लगाया जा चुका है लेकिन तार नही लगाया गया है बिजली विभाग के आधिकारी चुप लगाए बैठे हैं बताते चले कि बिजली की आपूर्ति कृषि वाले लाईन से जोड़ कर जैसे तैसे महीनों से की जा रही है।लगभग छह गाँवों की रोज रात को बिजली कटौती हो जाने से लोग परेशान और आक्रोशित नजर आ रहे हैं और वहीं लोगो का कहना हैं कि बिजली विभाग के फ्रेंचाइजी ठिकेदारों द्वारा हमलोगों से पैसे की वसूली तो कर ले रहे है लेकीन जब लाइन ही सही समय पर नहीं दिया जाएगा तो फिर बिजली से कोई फायदा नही है बच्चों के पढ़ने के समय ही रोज रोज बिजली गुल हो जा रही हैं लोगों का कहना हैं कि जेईई और चतरा फीडर में लोग कॉल लगा लगा कर थक जा रहे है वहीं लोगो का कहना है कि अगर बिजली की ऐसी ही स्थिति रही तो तो हमलोग कोई बिजली बिल जमा नहीं करेंगे और बिजली कर्मचारियों के खिलाफ जन आन्दोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा

## जहर खाने से एक ही परिवार के तीन व्यक्ति की हुई मौत।

**सरोज कुमार/समाज जागरण,किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाढ पंचायत के थरिया पुनर्वास में एक ही परिवार के तीन लोगों ने मंगलवार देर रात्रि जहर खा लिया। जिसमे मां बच्चे की मौत मंगलवार देर रात्रि को इलाज के क्रम में हो गया। लेकिन पति का इलाज डीएमसीएच दरभंगा में चल रहा था जिसकी मौत गुरुवार अहले सुबह हो गया।

जानकारी अनुसार रूपौली निवासी 35 वर्षीय रामसागर शर्मा का पुत्र मृतक संतोष शर्मा का शादी 12 वर्ष पहले थरिया पुनर्वास में लक्ष्मी शर्मा के पुत्री शुशीला कुमारी से हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ हुआ। साल भर मृतक अपने गांव रूपौली में ही जीवन - यापन किया उसके बाद माता, पिता के आपसी कलह के कारण अपने ससुराल आ गया और ससुराल में अपना एक घर बना लिया। जिसे दो पुत्री भी है जिसमे 8 वर्षीय पूजा कुमारी और 5 वर्षीय आरती कुमारी है। जीवन अच्छा खासा चल ही रहा था की चार साल पहले थरिया पुनर्वास में ही शिवनंदन शर्मा के 25 वर्षीय पुत्री माला कुमारी से विधि विधान के मुताबिक दूसरी



शादी किया। जिसमे 1 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी थी मृतक संतोष कुमार लगभग 21 रोज पहले पंजाब रुपया कमाने गया था पारिवारिक कलह के कारण पांच रोज पहले अपने घर आ गया और पहले वाली पत्नी के मारपीट कर घर से भगा दिया गया। जिसके कारण मृतक श्री शर्मा को ससुर लक्ष्मी शर्मा से झड़प हो गया। झड़प को पंचायत के बुधज्जिवी के मध्यम से मामला को शांत कराया। लेकिन दुर्भाग्यवस मृतक अपने दूसरी पत्नी और एक शाल की पुत्री को जहर खिला दिया जिसमे शिवनंदन शर्मा की 25 वर्षीय पुत्री माला कुमारी और एक वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी का मौत सदर अस्पताल सुपौल में हो गया जबकि दूसरे की हालत नाजुक देखते हुए डीएमसीएचा दरभंगाओं में भर्ती कराया गाया जिसकी मौत गुरुवार सुबह हो गया। मौत की खबर मिलते ही मृतक के पिता रामसागर शर्मा थरिया पुनर्वास पहुंच कर अपने बेटा पुतोहु की मृत्यु का कारण पूछा। चार घंटे तक हुई गहमा- गहमी बहस के बाद मामला का कोई निबटारा नही हो सका। वही थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया की मामले की जानकारी प्राप्त हुई है '

लेकिन अभी तक किसी ने कोई आवेदन नही दिया हे आवेदन प्राप्त होते ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महज एक महीना पहले हुई थी लाल बानो की धूम धाम से शादी, दहेज के लालची पति ने बे रहमी से पिट पिट कर उतार दिया मौत की घात

**जुबैर अंसारी - दैनिक समाज जागरण**

बीरपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर पंचायत मे एक दिल दहला देने वाली घटना से क्षेत्र मे खलबली मच गई है ' दर असल मामला है 21 वर्षीय लाल बानो का जिस का विवाह महज 39 दिन पहले बड़ी धूम धाम से किया गया था ' सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मृतिका के घर वालों ने अपने छमता अनुसार दहेज मे खर्च किया था की उनकी लाडली को सोसराल वाले सर आँखों पर रखे मगर हुआ उल्टा महज शादी के 39 दिनों मे मृतिका का जल्लाद पति रफीक ने कई बार जान मारने की कोशिश की थी जब उन से भी दिल नही भरा तो बे रहमी से पिटाई करते हुए गला दबा कर मौत का घात उतार दिया ' उक्त घटना की खबर जैसे ही प्रसासन

को हुई मौके पर अनुमंडल पुलिस कप्तान पंकज मिश्रा एवं बीरपुर थाना अध्यक्ष डीएन मंडल पहुंच कर शव को कब्जा मे कर पोस्ट मार्टम कराया ' हैरत की बात है की इतनी बड़ी जघन्य हत्या के बावजूद मामले को समाज के ठीकेदार रफा दफा करने की बात सामने आरही है जितनी मुँह उतनी ही चर्चा जोरो शोर से होरही है ' इधर



24 घंटा से उपर बीतने के बावजूद पुलिस की गतिविधि नाम मात्र देखी जा रही है ' जब की बीरपुर थाना अध्यक्ष मंडल इस तरह की घटना के बाद पूरी तरह एक्टिव मूड मे आजाते है लेकिन अब तक हत्यारे की धर पकड़ मे पुलिस की सुस्ती समझ से परे है

### दो नेपाली खुखरी धारदार हथियार और एक देशी पिस्तौल के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार।

## अन्य अपराधीयों के गिरफ्तारी हेतू छापेमारी की जा रही है डीएसपी विप्लव कुमार

**डीएसपी विप्लव कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता कर दी गई जानकारी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे अपराधी छापेमारी कर हुई करवाई।**

**दैनिक समाज जागरण**

मधुबनी जिला के जयनगर थाना पुलिस के द्वारा दो नेपाली खुखरी धारदार हथियार और एक देशी पिस्तौल के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार करने में पुलिस बड़ी कामयाबी मिली है। मामले को लेकर गुरुवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार के द्वारा जयनगर थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर जानकारी कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन को गुप्त सूचना मिली कि जयनगर थाना क्षेत्र के बेलही पश्चिम गाँव निवासी कारी यादव के घर पर कुछ मधुबनी जिला क्षेत्र और स्थानीय एवं नेपाल के कुछ अपराधीयों का जमावड़ा क्षेत्र में किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए एकजुट हुए है। पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अपराधीयों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर थाना अध्यक्ष अमित कुमार नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार सिंह को पुलिस बल के साथ छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। पुलिस पदाधिकारी वीपीन कुमार सिंह और पुलिस बल के द्वारा



बेलही पश्चिम निवासी कारी यादव के घर पर छापेमारी की तो कारी यादव के पिता शम्भु शरण यादव के घर से धारदार हथियार कवर लगा हुआ एक बड़ा और मध्यम दो नेपाली खुखरी और एक देशी पिस्तौल को बरामद किया गया है। छापामारी के दौरान कारी यादव के पिता शम्भु शरण यादव एवं दयानंद यादव को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के बेलही पश्चिम निवासी वार्ड दो निवासी सुब्बालाल यादव का पुत्र शम्भू शरण यादव एवं शम्भू शरण यादव का पुत्र दयानन्द यादव बताया जाता है। कारी यादव इससे पूर्व भी जेल जा चुका है।मामला दर्ज कर लिया गया है आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। कारी यादव समेत अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू छापेमारी की जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार व एसआई विपिन कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे। वही मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## डॉ वीरेन्द्रे को साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार

**दैनिक समाज जागरण**

मधुबनी जिले के दुल्लीपट्टी गाँव निवासी डॉ. वीरेन्द्र झा को उनके द्वारा रचित मैथिली बालकथा-संग्रह 'उड़न-छू' पर साहित्य अकादमी द्वारा बाल साहित्य पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। इस आशय की जानकारी अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव और अकादमी में मैथिली भाषा के प्रतिनिधि डॉ. अशोक अविचल ने दी है। पेशे से वकीले डॉ. वीरेन्द्र झा मधुबनी एवं जयनगर कोर्ट में वकालत करते हैं। इनकी अबतक बीस पुस्तकें प्रकाशित हैं जिसमे पाँच पुस्तकें बाल साहित्य की शामिल है। नवारम्भ प्रकाशन से प्रकाशित उक्त पुरस्कृत पुस्तक में बच्चों को परम्परा के प्रति साकांक्ष एवं प्रगतिशीलता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने से संदर्भित कहानियां है। सहज-सरल भाषा में लिखी इन कहानियों में बच्चों को भाषा, प्रकृति, पशु-पक्षी आदि के प्रति जिम्मेदार होने की शिक्षा दी गयी है। शिक्षा एवं वैज्ञानिक चेतना इन कहानियों के मूल में है। डॉ झा के




तीन बाल उपन्यास और एक बाल नाटक भी प्रकाशित हैं जबकि कई अन्य प्रकाशनाधीन हैं। चार सौ से अधिक कहानियां लिखने वाले डॉ. झा के चार कथा संग्रह सहित तीन आख्यानपरक उपन्यास भी प्रकाशित हैं। अपने गांव दुल्लीपट्टी और जयनगर का इतिहास लिखने का श्रेय भी इनको जाता है।

पुरस्कार मिलने पर कई साहित्यकारों ने डॉ. झा को बधाई दी है जिनमें प्रमुख हैं अजित आजाद, आनन्द मोहन झा, रेवती रमण झा, डॉ. बिभा कुमारी, लंबोदर झा, उदय जायसवाल, दिलीप कुमार झा, ज्योति रमण बाबा, चंडेश्वर खां, अंशुमान सत्यकेतु, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह झा, नित्यानंद झा राजू समेत अन्य साहित्यकारों और गणमान्य लोग शामिल हैं।

## बिहटा थाने से फरार कैदी ने दानापुर कोर्ट में किया आत्मसमर्पण।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटा थाने से फरार 307 अभियुक्त राजेश कुमार ने पुलिसिया दबिश एव लागातार छापेमारी के बाद गुरुवार को दानापुर कोर्ट में अभियुक्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। बता दे की बीते सोमवार की मध्य रात्रि थाने से पुलिस को चकमा देकर अभियुक्त राजेश कुमार भाग निकला था। जिसके बाद पुलिस गिरफ्तारी को लेकर लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया साथ ही फरार मामले में अभियुक्त के खिलाफ एक अलग से थाने में मामला भी दर्ज किया गया। इधर पुलिसिया करवाई



के कारण फरार कैदी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव से 307 में अभियुक्त राजेश कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया था तबीयत खराब होने के कारण उसे हाजत के बाहर रखा गया था इसी दौरान पुलिस को चकमा देकर मध्य रात्रि फरार हुआ था। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर लगातार पुलिस छापेमारी कर रही थी ।साथ ही मामला भी दर्ज किया गया। पुलिसिया कार्रवाई को देखते आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। अब उसे फरार मामले में कोर्ट के आदेश पर रिमांड पर लिया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 770 बोतल शराब बरामद मौके पर तस्कर हुआ फरार।

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के अंदौली पंचायत के वार्ड 11 से पुलिस ने छापेमारी के दौरान 770 बोतल नेपाली शराब बरामद की हैं। हालांकि खेत में पानी व कीचड़ का फायदा उठाकर शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि बुधवार को अंदोली पंचायत के वार्ड 11 फुलवरिया गांव निवासी अखिलेश यादव और



संजय यादव दोनों शराब तस्कर बांसबारी में शराब रखकर बेचता है। जहां गुप्त सूचना पर बुधवार को छापेमारी के दौरान अखिलेश यादव के बांसबारी से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद हुआ। जहां बांसबारी से 2 लोग पुलिस को देखते ही कीचड़ के रास्ते भागने में सफल रहा वही आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि भागने वाला अखिलेश यादव और संजय यादव ही था। उसके बाद पुलिस ने आठ प्लास्टिक के बोरे में भरे शराब थाना लाया। सभी बोरा को खोलकर जांच की गई तो कूल 750 बोतल में 225 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि अखिलेश यादव और संजय यादव दोनों तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है।

## डीएम कौशल ने इंजिनियरिंग कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**जुबैर अंसारी - दैनिक समाज जागरण - सुपौल**

गुरुवार को डीएम कौशल कुमार सुपौल के द्वारा सुपौल नगर परिषद अंतर्गत (STP) sewage Treatment Plant स्वीकृत है। गजना चौक, पिपरा रोड एवं इंजीनियरिंग कॉलेज, सुपौल के नजदीक। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज में नजदीक प्रस्तावित (रळढ) में जगह की



अनुलब्धता को देखते हुए नगर परिषद, सुपौल, अंचलाधिकारी, सुपौल,को सुपौल नगर परिषद अंतर्गत उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सुपौल नगर परिषद अंतर्गत टाउन हॉल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि फिनिशिंग कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। संवेदक को निदेशित किया गया कि सितम्बर 2022 तक फिनिशिंग कार्य पूर्ण कर लिया जाय। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, अंचलाधिकारी, सुपौल, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, सुपौल, एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे

## तीन बाईक पर लदे भारी मात्रा में शराब के साथ तीन शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

मधुबनी जिला के जयनगर थाना पुलिस के द्वारा बड़ी मात्रा में शराब और तीन दो पहिया वाहन के साथ तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस पदाधिकारी वीपीन कुमार सिंह समेत पुलिस बल के द्वारा थाना क्षेत्र में सघन गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के




आधार पर थाना क्षेत्र के शहीद के समीप से छापेमारी कर दो बाईक और एक स्कूटी पर लदे बड़ी मात्रा में शराब की खेप के साथ तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। बरामद दो पहिया वाहनों पर लदे जब्त शराब में कुल 128 लीटर नेपाली शराब है। शराब के साथ गिरफ्तार आरोपियों में सकरी थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पुर गाँव वार्ड 16 निवासी राहुल पासवान एवं कलुआही थाना क्षेत्र के ढंगा वार्ड 12 निवासी महेश ठाकुर का पुत्र सुभम कुमार व पंडौल थाना क्षेत्र के लोहट वार्ड एक निवासी मकसूदन पासवान राजकुमार पासवान बताया जाता है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अभियान के तहत करवाई और छापेमारी जारी रहेगी।

## भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के पर स्थानीय कार्यकताओं में खुशी की लहर

**दैनिक समाज जागरण**

सिकंदरपुर बलिया।भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह को बनाए जाने के पर स्थानीय कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सिकंदरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश सोनी के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,



जिसमें कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामना व बधाई दिया। वहीं मंडल अध्यक्ष गणेश सोनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में और निरंतर मजबूती प्राप्त करेगी तथा नगर निकाय चुनाव में क्लीन स्वीप करेगी। इस दौरान प्रमुख रुप से लाल बचन शर्मा, दुगार्दास, बृजेश सोनी, डब्ल्यू सोनी, मनोज सोनी, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, नीरज राय, बबलू सिंह बहार, अवधेश सोनी, विशाल सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

## भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, श्रद्धालुओं ने अपनी रुचि दिखाई

**दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर बलिया।आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर मैं जन्माष्टमी बीतने के बाद आदर्श पंचायत के संभ्रांत लोगों के द्वारा विभिन्न जगहों पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव छटिहार के उपलक्ष्य में बुधवार की शाम को नगर के विभिन्न स्थानों पर भंडारा का आयोजन किया गया।जिस में सैकड़ों



श्रद्धालुओं ने भाग ले कर प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर नगर के हास्पिटल रोड स्थित महावीर स्थान हनुमान मंदिर के प्रांगण में गनेश सोनी दुगार्दास जी के संयोजन में आयोजित भंडारा में नगर एवं पास पड़ोस के गांवों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग ले कर प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य समझा।यहां भंडारा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में गणेश प्रसाद सोनी,प्रयाग चौहान,डॉ आशुतोष गुप्त,डॉ उमेश चन्द,विनोद शंकर अवधेश सोनी विशाल सोनी विकी पाण्डेय विकी सोनी वैभव आदि मौजूद रहे।

# बिहटा के बिटेश्वरनाथ मंदिर में 54फीट का कांवर लेकर पहुंचे कांवरिया,किया बाबा को जलाभिषेक।

**दैनिक समाज जागरण**
**सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

राजधानी पटना से सटे बिहटा के ऐतिहासिक बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में डाक कांवरिया संघ पटना के द्वारा 54फीट कांवर के साथ बाबा को जलाभिषेक करने लाखों संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर जगह स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद दिखी। इसके अलावा मंदिर में खुद स्थानीय थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार भी अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

दरअसल पटना के कलेक्ट्रेट घाट से जल भरकर हर साल की भांति इस साल भी सावन महीने के समापन के बाद डाक कावड़िया संघ के द्वारा 54 फीट कावड़ यात्रा के साथ बिहटा के ऐतिहासिक बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने को लेकर काफी संख्या में श्रद्धालु पैदल ही बिहटा पहुंचते हैं इसके अलावा पटना से लेकर बिहटा के बीच में हर जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी के द्वारा किया जाता है

बता दें कि पिछले 20 सालों से यह परंपरा चला आ रहा है सावन महीने के अंत में यह यात्रा भव्य तरीके से निकाली जाती है हालांकि कोरोना काल के दौरान पिछले दो साल यह यात्रा बंद थी यह यात्रा जिला प्रशासन



के सहयोग से निकाली जाती है जिला प्रशासन के तरफ से यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पटना से लेकर बिहटा तक भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाती है इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था को भी ध्यान में रखा जाता है।

इस यात्रा में काफी संख्या में महिला श्रद्धालु भी शामिल दिखती है जो पैदल ही पटना कलेक्ट घाट से बिहटा ऐतिहासिक मंदिर पहुंची है। तो बिहटा स्थित ऐतिहासिक बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर प्रशासन के तरफ से सभी श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था भी किया जाता है। वही इसको लेकर बिहटा थानाअध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पटना से चलकर इतिहासिक बाबा बिटेश्वरनाथ मंदिर में 54 फीट कावड़ यात्रा पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया इस दौरान हर जगह पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद थी खासतौर पर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चारों तरफ पुलिस प्रशासन की टीम एव महिला पुलिस बल भी तैनात थी। शांतिपूर्ण तरीके से कावड़ यात्रा और जलाभिषेक संपन्न हुआ।

# सीता कुंड की सफाई के क्रम में मिली दो खंडित मूर्ति

**दैनिक समाज जागरण बौंसी**
**संवाददाता- सुनील कुमार**

बौंसी/बांकाः- ऐतिहासिक मंदार पर्वत के मध्य सीता कुंड के गाद की सफाई के दौरान दो खंडित मूर्ति मिली है। हालांकि प्रतिमा किस भगवान की है इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। मालूम हो कि, तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले के मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के निर्देश पर सीताकुंड के गाद की सफाई वन विभाग के द्वारा कराई जा रही है। मालूम हो कि, गाद सफाई के लिए मंत्री ने अपने फंड से राशि भी उपलब्ध कराई थी। लंबे चौड़े सीता कुंड की अब तक करीब 7 फिट गहरी गाद की सफाई की जा चुकी है। जबकि अभी करीब 15 फीट गाद और साफ करना शेष बांकी है। इसी बीच साफ सफाई के दौरान 2 दिन पूर्व मजदूरों को दो मूर्तियों की अलग-अलग खंडित प्रतिमा मिली है। मालूम हो कि, सीता कुंड की सफाई में बांका के समाजसेवी राहुल डोकानिया की अहम भूमिका रही है। इसकी सफाई के लिए उन्होंने कई मंत्रालयों के साथ साथ कई विभागों को भी पत्र लिखा था और मंत्रियों के साथ साथ कई विभाग के सचिवों और पदाधिकारियों से मुलाकात कर इसकी साफ-सफाई की गुहार लगाई थी। यहां सफाई का कार्य कर रहे वन विभाग के चंद्रशेखर आजाद की मौजूदगी में साफ सफाई का कार्य



किया जा रहा है। भगवान की मूर्ति खंडित रूप में करीब आधा फीट की होगी। मूर्ति का कई और खंडित भाग भी मिला है। मूर्ति के सिर पर मुकुट भी बना है। काले पत्थर की मूर्ति देखने में काफी आकर्षक और बेशकीमती बताई जा रही है। फिलहाल मूर्ति को सुरक्षित वन अतिथि गृह में रखा गया है। सफाई कर्मियों को गाद की सफाई के दौरान प्रतिमा मिलने पर श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए वन विभाग के कर्मियों ने सीता कुंड से मूर्ति हटा दिया गया। मगर श्रद्धालुओं को धीरे-धीरे जानकारी मिलने पर तरह-तरह की चर्चा होने लगी। कई लोगों ने इसे पूर्व में विदेशी आक्रांताओं द्वारा प्रतिमा को खंडित कर सीता कुंड में फेंकने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीताकुंड में गाद निकालने के बाद भगवान की कई और प्रतिमा मिलेंगे। सीता कुंड धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसकी अच्छी तरह सफाई होनी चाहिए। मालूम हो कि, सीताकुंड की साफ-सफाई वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जुलाई से कराई जा रही है। हालांकि अभी भी सीता कुंड में बड़ी मात्रा में गाद जमा है। एक महीने पूर्व भी सफाई के शुरूआत में सीताकुंड से कुछ धार्मिक अवशेष मिले थे। कुछ साल पूर्व तक मंदार पर्वत पर हर तरफ भगवान की प्रतिमा, रथ के पहिए, मृदभांड आदि निकले हैं। कई बार पटना से आई पुरातत्व की टीम भी मंदार का अवलोकन कर चुकी है। मंदार पर्वत पर अभी भी भगवान के कई खंडित प्रतिमा इधर-उधर बिखरा पड़ा है, जिसे सुरक्षित करने की जरूरत है। श्रद्धालुओं में किस भगवान की मूर्ति मिली है यह जानने की उत्सुकता बनी हुई है। इस संबंध में वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सरोज कुमार ने बताया कि सीता कुंड की गाद की सफाई के दौरान सफाई कर्मियों को भगवान की एक खंडित प्रतिमा प्राप्त हुई है। इसे सुरक्षित रखा गया है। किस भगवान की प्रतिमा है यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी गई है।

# कुसौना गांव में सास बहु की घरेलू विवाद में बहु ने खाई कीटनाशक, इलाज के बाद हुई स्वस्थ

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

चांदन/बांका/प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुसुम जोरी पंचायत अंतर्गत कुसोना गांव के (45)वर्षीय महिला पिंकी देवी पति अशोक यादव ने गुरुवार को कीटनाशक दवाई खा कर आत्महत्या करने की कोशिश की। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार 25 अगस्त दोपहर को पिंकी देवी व उसकी सास के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।जिसके बाद



महिला ने गुस्से में आकर घर में रखे अनाज सुरक्षित की कीटनाशक दवाई निकाल कर खा लिया ।जिसके बाद महिला स्वास्थ्य बिगड़ने लगी। जिसे देख परिजनों ने उसे आननफानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चांदन पहुंचाकर भर्ती कराया।जहां ड्यूटी पर तैनात प्रभारी चिकित्सक डॉ एके सिन्हा ने बेहतर उपचार करने के बाद उसे घर भेज दिया।

# "विद्यालय से बाहर के बच्चों को विद्यालय से जोड़कर शिक्षित करने हेतु प्रयास प्रशिक्षण "

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह फुल्लीडुमर /बांका**

बिहार परियोजना के द्वारा विद्यालय से बाहर के बच्चों को विद्यालय से जोड़कर शिक्षित करने को लेकर प्रयास कार्यक्रम के तहत चयनित शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड बीआरसी भवन में दिया जा रहा है` 27 अगस्त तक चलने वाले प्रशिक्षण में गुरुवार को मध्य विद्यालय पड़ावचक, प्राथमिक विद्यालय मोतिया ,मध्य विद्यालय नगर डीह, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बरनी, प्रोन्नत मध्य



विद्यालय तक्कीपुर समेत प्रखंड के कुल 50 विद्यालय में उक्त कार्यक्रम के तहत बच्चों को पढ़ाया जाएगा` प्रशिक्षक कुमार विजय एवं फूल कुमार ने बताया कि प्रयास पुस्तक के माध्यम से सर्वेक्षण किए गए बच्चों में वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों को छह माह एवं वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों को 9 माह पढ़ाया जाएगा `प्रशिक्षण में अरुण कुमार ,गौरव कुमार, श्रीकांत यादव ,कुणाल गुप्ता ,विपिन कुमार ,रीता कुमारी एवं अन्य शिक्षकों ने भाग लिया

# माही की मौत के बाद डीएवी स्कूल गेट समीप अभिभावकों ने कारवाई के लिए दिया धारण

**दैनिक समाज जागरण**
**गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार**

बीते दिन 15 अगस्त को डीएवी कैंट एरिया विद्यालय के बाहर माही की मौत के बाद माता-पिता कर रहे हैं कारवाई का इंतजार बुधवार की सुबह लोगों ने स्कूल के एडमिशन में लापरवाही के कारण बच्ची की गई जान मामले में आक्रोशित होकर स्कूल के गेट समीप, धरना प्रदर्शन घंटों देरी करते रहें धारणा की सूचना मिलते ही बोधगया पुलिस अधिकारी स्कूल परिषद में पहुंचकर अभिभावकों और गार्जियन को आश्वासन दिया है की बच्ची की गई जान मामले में एफ०आई०आर दर्ज कर ली गई हैं,करवाई किया जाएगा वहीं समाजसेवी रवि बर्नवाल उर्फ गुड्डू वर्णवाल ने लोगों को न्याय दिलाने के लिए दिया है भरोसा कहा



कई स्कूल में बच्चे, बच्ची की जान जा रही है इसका लापरवाही है कि बस पर कंडक्टर नहीं रहता है और स्कूल का एडमिनिस्ट्रेशन, बच्चे के भविष्य भगवान के भरोसे चलता रहता है जिससे कई बच्चे, बच्ची की जान लगातार जा रही है उन्होंने यह भी बताया कि एक तरफ स्कूल में भविष्य उज्जवल बनाने के लिए अपने बच्चे लोगों को स्कूल में पढ़ाते हैं तो दूसरी ओर स्कूल के एडमिशन में लापरवाही बरतने से गई कई बच्चे की जान पर किसी भी तरह का जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई में कोताही बरती जाती है और जिला परिवहन पाधिकार ने स्कूल के एडमिनिस्ट्रेशन बताते हुए ,मीडिया के कैमरे व सवालों से बच कर निकल गए मीडिया ने जब वाहनो पे नंबर ना होने की बात पूछी ! तो उन्होंने बताया कि ऐसी बात नहीं ऐसी वाहनों में कमियां नजर आती हैं तो कारवाई करने के लिए रहता हूं तत्पर।

# भाकपा-माले के 10 वें जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर पंचायत कमिटी की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**
**समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- आगामी 03-04 सितंबर को शहर में भाकपा-माले का होने वाले 10 वें जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर पूसा प्रखंड के धोबगामा पंचायत के मलिकौर गांव में भाकपा-माले पंचायत कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उषा देवी ने की। इसमें बतौर पर्यवेक्षक भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार राय उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से जिला सम्मेलन को तन-मन-धन से सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार राय ने कहा कि पूरा देश भाजपा के बुलडोजर राज और कॉरपोरेट हमले के गिरफ्त के दौर से गुजर रहा है। संविधान,लोकतंत्र,आम



आदमी की रोजी-रोटी पर केन्द्र सरकार बुलडोजर चलाकर दमन कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी का दंश पूरा देश झेल रहा है। आज पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। बैठक में माले प्रखंड कमिटी सदस्य महेश सिंह,अमृता देवी समेत मनोज पासवान, सेवक पासवान,सीता देवी,रेश्मा देवी,सुशीला देवी,ज्योति देवी,अनिता देवी,सुदामा देवी,सरयुग पासवान,बिजली ठाकुर, विजय पासवान आदि मौजूद थे।

# पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समारोह पूर्वक दी गई विदाई।

**दैनिक समाचार जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

कटोरिया के पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमित पाठक को सभी डीलरों की ओर से भावभीनी विदाई दी गई । विदाई समारोह के मौके पर कटोरिया डीलर संघ के अध्यक्ष दिनेश यादव ने श्री अमित पाठक जी को माला पहनाकर , साल चादर भेंट किया। वहीं नए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्री संदीप कुमार बरनवाल को नागौ यादव ने माला पहनाकर सम्मानित किया ।

बता दें कि श्री पाठक 4 महीने तक कटोरिया में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर आसीन रहे। इस दौरान डीलरों से संबंध बना रहा। समय-समय पर उनकी समस्या के



साथ-साथ लाभुकों की समस्या का समाधान करते रहे ।वे काफी मृदुभाषी ,शांत, इमानदार एवं कार्य कुशल व्यक्ति थे । जबकि जयप्रकाश सिंह ने श्री अमित पाठक को गिफ्ट के रूप में ब्रीफकेस दिया। वही अखिलेश चौधरी ने कलम देकर पूर्व आपूर्ति पदाधिकारी को सम्मानित किया ।

इस मौके पर कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, जयप्रकाश सिंह, सुशील यादव ,मुकेश रजक, गुन सागर यादव, मुनाजिर हुसैने दिलीप राय, तस्लीमुद्दीन अंसारी, सचिन कुमार सौरव ,अवधेश सिंह ,आदि दर्जनों पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

# खेसर थाना की पुलिस दो शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के खेसर थाना की पुलिस गुरुवार को शराब के नशे में धुत दो शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दियो वहीं इसकी जानकारी देते हुए खेसर थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के टेंगपाजा मोड पर दो शराबी शराब के नशे में



धुत होकर, उत्पात मचा रहा था`जिसे मौके पर से ही गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विनोद पासवान ग्राम तेतरिया तथा दूसरा शेखर यादव ग्राम बदला चक बताया गया`वहीं गिरफ्तार दोनों शराबी की फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड-जांच के बाद न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है

# बेलहर के धोरी गांव में कनीय अभियंता के साथ मारपीट ,चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**सदानंद पंडित बेलहर /बांका**

थाना क्षेत्र के धौरी गांव में बिजली जांच करने गए कनीय अभियंता रोहित कुमार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वही कनीय अभियंता रोहित कुमार ने थाना में आवेदन देकर धौरी गांव के घनश्याम सिंह के यहां बिजली जांच करने गए कनीय अभियंता रोहित कुमार, लाइनमैन बबलू सिंह ,नंदन साह, चंदन साह, बिजली जांच की। वही जानकारी के अनुसार रोहित कुमार ने बिजली जांच करने गए धोरी गांव गया था, जहां बिजली में गड़बड़ी को लेकर मारपीट का




मामला सामने आया। वही रोहित कुमार ने मौके पर बेलहर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बेलहर पुलिस ने उन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कनीय अभियंता रोहित कुमार ने घनश्याम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, स्वामी सत्यानंद सिंह ,परमहंस सिंह के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# फुल्लीडुमर प्रखंड सभागार में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के प्रखंड सभागार में गुरुवार को 4 पंचायतों के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आरंभ प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी फुल्लीडुमर संजय कुमार की अध्यक्षता में आरंभ कि गयी प्रखंड के 4 पंचायत तेलियापहाड़, केंदुआर, पथड्डा और कैथा पंचायत के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सोनी कुमारी प्रखंड तकनीकी सहायक सह कनीय अभियंता फुल्लीडुमर राकेश कुमार,



सविता कुमारी लेखापाल संदीप कुमार, देव नारायण सिंह कार्यपालक सहायक राकेश कुमार द्वारा वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण में वार्ड सदस्य के अधिकार एवं कर्तव्य, वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के कार्य ,पंचायत के विकास में वार्ड सदस्य कि भुमिका, पंचायत के कार्यकारिणी बैठक में लेखा जोखा, आम सभा सहित कई योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षण में दी जा रही है

# सिलाई-कटाई प्रशिक्षणार्थियों के बीच हुनर प्रमाण पत्र वितरण

**दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह संवाददात्ता,हसपुरा प्रखंड**

हसपुरा (औरंगाबाद) 25अगस्त 2022:- हसपुरा बाजार अवस्थित सिलाई - कटाई प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन कर हुनर प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बताया जाता है कि जनहित सांस्कृतिक कला केन्द्र में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिखों और कमाओ फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम में शामिल पुरहारा पंचायत मुखिया फुरकान खां ने हुनर प्रशिक्षणार्थियों



के बीच प्रमाण पत्र वितरण करते हुए कहा सिलाई-कटाई युवतियों के एक बेहतर रोजगारोमुखी योजना है। समाजसेवी रामजीत सिंह ने कहा जनहित सांस्कृतिक कला केन्द्र संस्थान का उद्देश्य अल्पसंख्यक युवतियों को हुनर बनाना है। संस्थान के दिलिप कुमार ओझा ने अतिथियों को स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा चलाए जा रहे रोजगार पार्क प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बहुमुखी प्रतिभाओं के हुनर को तरासने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम की सफलता पर संस्थान के सचिव विनित कुमार द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया।

# बिहार का सुप्रसिद्ध चार दिवसीय कार्तिक छठ को लेकर अधिकारियों नें की बैठक।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव, देव-औरंगाबाद (बिहार)**

देव-औरंगाबाद (बिहार) 25 अगस्त 2022:-औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड कार्यालय का सभाकक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं अंचला अधिकारी आशुतोष कुमार, के नेतृत्व में आगामी चार दिवसीय कार्तिक छठ पूजा को लेकर बैठक किया गया। इस बैठक में सभी विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय समाजसेवी उपस्थित थें। कार्तिक छठ को लेकर



देव मेला में आने -वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत ना हो उसको लेकर चर्चा किया गया। जैसे स्वास्थ्य, आवास, पानी, बिजली, सड़क, नाली, पार्किंग इत्यादि कई विषयों पर चर्चा हुई। देव मेला ग्राउंड में कहां पर क्या दिक्कत है। सभी ने बारी- बारी से सभी विभागों के अधिकारियों को ध्यान आकृष्ट कराया। और उसे समय रहते पूरा करने की बात कही।

# बहु ने की ससुर की हत्या

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के घटहो ओपी क्षेत्र अंतर्गत कांचा पंचायत के वार्ड संख्या एक में बीते बुधवार की रात पैसे को लेकर एक पिता-पुत्र के बीच झरप हो गई। जिस दौरान बहु ने अपने पति का पक्ष लेते हुए लकड़ी की मुंगड़ी से प्रहार कर ससुर की हत्या कर दी। मृतक की पहचान स्थानीय मो.इनायत के 55 वर्षीय पुत्र मो.कलाम के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पुत्र कादिर प्रदेश जाने के लिए पिता से पैसे की मांग कर रहा था। इसी बीच पिता-पुत्र के बीच झरप हो गई। जिस दौरान बहु ने अपने ससुर पर लकड़ी के मुंगड़ी से प्रहार कर दी। जिससे ससुर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना मिलते ही घटहो ओपी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले,पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं मृतक के दुसरे पुत्र ने अपने बड़े भाई कादिर एवं उसकी पत्नी को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# समकालीन अभियान के तहत एक कि गिरफ्तारी

**दैनिक समाज जागरण रहिका( मधुबनी)**

रहिका थाना के फरार चल रहे अभियुक्त को रहिका थाना पुलिस ने गिरप्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया गिरप्तार अभियुक्त के सम्बंध रहिका थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि अभियुक्त विनोद मुखिया पिता बिकाऊ मुखिया ग्राम जगतपुर बरैया टोल थाना रहिका जिला मधुबनी जो शराब से संबंधित कांड में फरार चल रह था जिसे समकालीन अभियान के दौरान निशानदेही वाले स्थान से गिरप्तार कर लिया गया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# पुलिस ने 14 लीटर देसी शराब के साथ दो महिला सहित चार लोगों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता-सुनील कुमार**

बौंसी/बांकाः- बौंसी थाना क्षेत्र के दलिया मोहल्ले से गुप्त सूचना के आधार पर बौंसी पुलिस ने 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो महिला सहित मामा और भांजा को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस के एसआई पंकज किशोर, मनोरंजन



प्रसाद सहित पुलिस कांस्टेबल के द्वारा गांव के एक मकान में छापेमारी करवाई गई। प्लास्टिक के एक बोरे में एक एक कर दो लीटर के 7 बोतल को बरामद किया गया है। सभी शराब प्लास्टिक के कोल्ड ड्रिंक्स के बोतल में रखा गया था। मामले में श्रवण पासवान की पत्नी काबो देवी, रंथु पासवान की पत्नी सोनी देवी और बंधुआ कुरावर थाना क्षेत्र के बसुआटीकर निवासी फेकन पासवान के पुत्र रितेश पासवान को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। गिरफ्तार लोगों को कल जेल भेजा जाएगा। मालूम हो कि ही लगातार सर आपके विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।

# ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से अतिक्रमण हटाने की मांग।

**दैनिक समाज जागृत कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

कटोरिया के बड़वासनी पंचायत अंतर्गत बाघमारी गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने गुरुवार को सीओ सागर प्रसाद को आवेदन देकर बाघमारी शिव मंदिर के बगल से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। गांव के ही सुनील यादव ने अपने घर के पास सड़क का अतिक्रमण कर लिया है। जिस वजह से बारिश का पानी सड़कों पर बहता है। इसी वजह से गांव से गुजरने वाली पक्की सड़क भी गड्ढे में तब्दील हो चुका है। समस्या से निजात दिलाने के लिए मुखिया द्वारा सड़क में ईंट सोलिंग का कार्य किया गया है। वहीं इस सम्बंध में ग्रामीणों द्वारा बैठक कर उक्त व्यक्ति को सड़क से अतिक्रमण हटाने की बात कही गयी। लेकिन उसने बात मानने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने सीओ से सड़क की मापी कर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। मांग करने वालों में ग्रामीण आवेदन में ग्रामीण मेघनारायन तांती, लालदेव यादव, लक्ष्मन मंडल, मदन साह, शंकड साह, रोहित मंडल, विशन यादव, ओंकार यादव, जयकृष्ण साह, चंदन साह अन्य शामिल है।

# उप विकास आयुक्त पहुंचे जयपुर कई योजनाओं का किया जांच।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

बांका उप विकास आयुक्त कौशलेंद्र कुमार ने गुरुवार को कटोरिया प्रखंड




क्षेत्र के जयपुर सहित कई पंचायतों मै चल रहे मनरेगा योजनाओं के तहत योजनाओं का जांच एवं निरीक्षण किया। इस दौरान जयपुर गांव के रसोईया गांव में अमृत सरोवर तालाब का जांच किया ।कार्य देखकर को विकास आयुक्त प्रसन्नता जाहिर की । इस दौरान कटिहारी पंचायत के मांझीडीह गांव में शोभा देवी के द्वारा लगाए गए वृक्षारोपण का भी जांच किया ।वही बसमत्ता, मनियो थानवरण में सुकृत सार्वजनिक बकरी सेड का भी जांच किया। इस मौके पर कटोरिया के कार्यक्रम पदाधिकारी रोजगार सेवके इत्यादि उपस्थित थे।

# बेलहर बाजार में ट्रेलर सहित ट्रैक्टर की चोरी में मधुबन के पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता सदानंद पंडित बेलहर /बांका**

बेलहर थाना क्षेत्र के बेलहर बाजार में ट्रैक्टर सहित टेलर की चोरी में बेलहर पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। वह जानकारी के अनुसार 1 दिन पूर्व बेलहर बाजार से ट्रैक्टर सहित टेलर की चोरी मधेपुरा से बरामद




कर 5 लोगों को हिरासत में लिया है। ट्रैक्टर के में लगे जीपीएस के आधार पर मधेपुरा के बरारी थाना क्षेत्र के कबाब कबाड़ी स्थान में ट्रैक्टर को बेचते हुए पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है ।वहीं थाना कांड संख्या 308/2022 के 24-8 -2022 के दिन ट्रैक्टर मालिक रघुवीर साह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।बता दे कि जिला अंतरगिरोह के द्वारा ट्रैक्टर चोरी कर मधुबनी जिला ले गया था, जहां पुलिस जीपीएफ के आधार पर मधुबन के कबाब के पास ट्रैक्टर बेचते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना कार्यशाला सह काउंसलिंग कैंप का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। नंदलाल सिंह कॉलेज जैतपुर, दाउदपुर में गुरुवार को बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय कार्यक्रम के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की कार्यशाला- सह- काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन सारण से प्रेषित जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र से सहायक प्रबंधक प्रियंका कुमारी के साथ रोहित रंजन एवं चुन्नू कुमार ने महाविद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर स्नातक में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी ' काउंसलिंग में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकेतर कर्मियों ने उपस्थित होकर बिंदुवार सभी प्रश्नों को बारीकी से पूछा एवं सर्वाधिक संख्या में अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को इस महत्वाकांक्षी योजना से आच्छादित कराने के लिए जिला



से पहुंचे काउंसलिंग दल को भरोसा दिलाया ' महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर केपी श्रीवास्तव एवं उनके साथ दर्जनों शिक्षकों ने खुद से भी अपने बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं इस योजना के जरिए आगे की पढ़ाई के लिए चार लाख तक का शिक्षा ऋण पाने से संबंधित जानकारी दिया ' जिला से पहुंची काउंसलिंग दल ने कहा कि पूर्व से भी नंदलाल सिंह कॉलेज में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चों को हमने उनके पढ़ाई का शुल्क सहित ₹3000 प्रति माह रहने खाने हेतु जीविकोपार्जन के मद में एवं सलाना ₹10000 स्टेशनरी के लिए दिया है एवं आगे भी देते रहेंगे ' कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 3 महीने का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर पढ़ाई के साथ एवं पढ़ाई के बाद तक सभी बुनियादी पहलुओं पर स्किल की आवश्यकता एवं स्किल डेवलपमेंट के महत्व पर भी चर्चा किया गया। ताकि उच्च शिक्षा के साथ नौकरी रोजगार तक में स्किल डेवलपमेंट से बिहार राज्य के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन मिल सके। ' इस मौके पर शिक्षक गण समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## सोशल मीडिया पर सरकारी स्कूल का अजीबोगरीब वीडियो वायरल

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। एक स्कूल का अजीबोगरीब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें छात्रों के साथ मवेशियों की होती है। वायरल वीडियो में पढ़ाई के दौरान बच्चों के साथ मवेशी भी बैठे हुए हैं। उक्त वीडियो मांझी प्रखंड क्षेत्र के बरेजा पंचायत के सरकारी विद्यालय की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि मांझी प्रखंड प्रमुख कमला देवी द्वारा सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों के साथ मवेशियों को बैठा देख प्रखंड प्रमुख शिक्षकों पर जमकर भड़की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल हो रहा है। इस संदर्भ में मांझी प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने बताया कि उनके द्वारा आदर्श ग्राम बरेजा के सभी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बच्चों के साथ मवेशी दिखाई



दिए उन्होंने कहा कि हमे समझ में नहीं आ रहा था कि शिक्षक मवेशियों को पढ़ा रहे हैं कि बच्चों को पढ़ा रहे हैं। वहीं बच्चों को मिलने वाले मध्यान भोजन मीनू के अनुसार नहीं दिए गए थे। जिसकी शिकायत उनके द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से की गई। वही पंचायत के मुखिया राजेश पांडेय ने ऐसी व्यवस्था की निंदा की। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभा कुमारी ने बताया कि मामले को लेकर उनकी प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य से बात हुई है तथा शैक्षणिक व्यवस्था को सुधार करने का निर्देश दिया गया है। अगर व्यवस्था में सुधार नहीं होती है तो विधि सम्मत शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक से अज्ञात महिला का शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। छपरा-सिवान रेलखंड पर स्थित ढाला संख्या 59 के समीप रेलवे ट्रैक के बीच एक महिला का शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया। जिसकी पहचान नही हो सकी । मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह एक महिला का शव अप और डाउन ट्रेक के बीच डियूटी के दौरान गैंगमैन ने देखा तो इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दिया। स्टेशन मास्टर ने स्थानीय पुलिस व छपरा जीआरपी को सूचना दिया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुच शव को नही उठाया वह रेल पुलिस के अधिकार के अंदर का हवाला दिया। वही रेल पुलिस पहुची और शव को उसके अधिकार के अंदर नही होने के हवाला देकर नही उठाया। शव उठाने को लेकर रेलपुलिस और स्थानीय थाना पुलिस अपने-अपने सेक्सन को लेकर बाते बताये जाने लगी। हालांकि मृत महिला का शव दोपहर बाद तक रेलवे ट्रेक पर पड़ा रहा। वही इस संदर्भ में थानाध्यक्ष बिरेन्द्र राम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। समाचार भेजे जाने मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी थी।

## फायरिंग मामले की पुलिस कर रही तहकीकात

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। नन्दलाल सिंह कालेज के समीप बुधवार की शाम किसी बात विवाद में मारपीट के दौरान फायरिंग हुई। जिसमें मौजूद लोगों भागने में सफल रहे। इस संबंध में जैतपुर गांव निवासी हवलदार राय के पुत्र सुनील राय ने दाउदपुर थाना में एक लिखित शिकायत देकर कहा है कि मेरे साथ कुछ लोगो द्वारा बात विवाद के दौरान मारपीट की। इसी दौरान एक व्यक्ति ने मुझपर गोली चलायी जहाँ से किसी तरह जान बचाकर भाग गया। वही इस संदर्भ में थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के अनुसार मामले की छानबीन किया जा रहा है। हालांकि मारपीट में गोली चलने की आवेदक ने जिक्र किया है। इसकी तहकीकात चल रही है।

## बिजली चोरी के मामले में छह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण)। बिजली चोरी करने के मामले में आधा दर्जन उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग ने कार्रवाई की है। जेई सुमन कुमार पंकज ने बनियापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें एक लाख रुपये से अधिक की राजस्व क्षति करने का आरोप लगाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि विद्युत चोरी रोकने को लेकर विभागीय एक टीम गठित की गयी है। टीम में एसडीओ धीरेंद्र सती, जेई सुमन कुमार पंकज, सहदेव कुमार, मानव बल अमलेश सिंह, राजनकिशोर सिंह, हरिशंकर गिरी शामिल हैं। गुरुवार को टीम द्वारा छह लोगों को बिजली चोरी कर उपभोग करते पकड़ा गया। विजली चोरी के कारण विभाग को राजस्व क्षति हुई है। छापेमारी करने पहुंची टीम ने धनगरहां के विद्या देवी पर आठ हजार, धोबवल के प्रदीप मांझी पर बाइस हजार, अरुण कुमार आजाद पर बाइस हजार, राजू मांझी पर पंद्रह हजार, सुरौंधा के शिवकुमार मांझी पर पंद्रह हजार तथा भिट्ठी सहाबुद्दीन के नीरज कुमार पर बाइस हजार की राजस्व क्षति का आरोप लगाया है। टीम द्वारा छापेमारी करने तथा प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद चोरी से विजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप है। एसडीओ ने बताया कि नगरा और लहलादपुर में भी एक दर्जन उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मलखा चक गांव ण में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह 27 को

**दैनिक समाज जागरण**

दिघवारा (सारण)। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पूरा होने पर अमृत महोत्सव को लेकर प्रखंड के बरुआं पंचायत के ऐतिहासिक गांव मलखाचक में आगामी 27 नवंबर को स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें आरएसएस के प्रमुख संघ चालक डॉ मोहन भागवत भाग लेंगे। उनके द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों व दिवंगत हुए सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावे मलखाचक के निवासी व वरिष्ठ पत्रकार रवींद्र कुमार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में मलखाचक की भूमिका व योगदान पर लिखित पुस्तक बिखरी करियां का भी विमोचन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुरूवार को आरएसएस के उत्तर पूर्व क्षेत्र कार्यवाहक डॉ मोहन सिंह, क्षेत्र प्रचारक रामनौमी जी व उत्तर बिहार प्रांत प्रचारक रवि शंकर जी मलखाचक पहुंचे। उन्होंने सभी कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।



साथ ही गांधी कुटीर का भी मुआयना किया। मौके पर गांधी कुटीर के इतिहास की ग्रामीणों से जानकारी ली। कार्यक्रम को लेकर एक कार्यालय का भी अतिथियों द्वारा उद्घाटन किया गया। कार्यालय उद्घाटन के बाद आरएसएस के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक कर कार्यक्रम की सफलता पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश के पूर्व महासचिव महेन्द्र प्रताप, कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह, राजेन्द्र सिंह, विनय सिह, अमरनाथ सिंह, मनोज सिंह, अनिल कुमार सिंह, प्रेम शंकर राम, सुनील सिंह, सुधीर सिंह, कुणाल सिह, राहुल कुमार, विकास सिंह, चितरंजन सिंह, सुजीत सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। विदित हो कि स्वतंत्रता आंदोलन की क्रांतिकारी गांधीवादी व रचनात्मक गतिविधियों का एकमात्र संचालन केंद्र मलखाचक रहा है। महात्मा गांधी ने स्वयं मलखाचक एवं इसके केंद्रों का कई बार निरीक्षण किया था।पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भी निरीक्षण के पश्चात आर्थिक सहायता प्रदान की।

## एप्रोच सड़क के किनारे पलटी स्कॉर्पियो, पांच जख्मी

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। गुरुवार की दोपहर यूपी की ओर से तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर जयप्रभा सेतु के एप्रोच सड़क के किनारे बने डायवर्सन को तोड़ते हुए लगभग 20 फुट दूर जाकर गड्ढे में पलट गई। दुर्घटना के बाद वहाँ आसपास मौजूद लोगों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें



सवार पांचों घायलों को बाहर निकाला। गाड़ी से सकुशल निकाले जाने के बाद मामूली रूप से जख्मी तीन सवार मौका पाकर फरार हो गए। जबकि गम्भीर रूप से जख्मी अमित कुमार तथा पंकज मिश्रा को लोगों ने उठाकर माँझी पीएचसी में इलाज हेतु पहुंचा दिया। दुर्घटना में बुरी तरह क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियों को माँझी थाना पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। माँझी पीएचसी में इलाजरत घायल द्वय मढ़ौरा अनुमंडल के नारायण पुर गांव के निवासी बताये जाते हैं। घायलों ने बताया कि वाराणसी से वापसी के क्रम में अनियंत्रित बाइक चालक को बचाने के क्रम में उक्त दुर्घटना हुई।

## समाज सेवियों नें दी कड़ी चेतावनी, कहा बिहार- सरकार को बदनाम करने का काम औरंगाबाद में बंद करें विद्यूत विभाग के अधिकारी, नहीं तो जाना पड़ेगा जेल।

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरोचीफ औरंगाबाद बिहार**

औरंगाबाद (बिहार) विद्युत विभाग के अधिकारियों के कुकृत्यों एवं कार्यशैली तथा विभाग में बढ़ते रिश्वतखोरी तथा विभागीय अधिकारियों के

संरक्षण में निर्बाध गति से विद्युत की चोरी, उपभोक्ताओं से विद्यूत खर्च के चौगुनी बिजली बिल की वसूली तथा फर्जी मुकदमें

से तंग आ चुके समाजसेवियों ने दैनिक समाज जागरण के माध्यम से औरंगाबाद जिले के संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए जन संदेश में कहा है कि बहुत चला ,अब नहीं चलेगा! अभी से भी भ्रष्ट व रिश्वतखोर अधिकारी एवं उपभोक्ताओं के दुगना बिल भेजने वाले बिजली विभाग के अधिकारी सतर्क हो जाएं, वरना जेल जाना पड़ेगा।

सोशल एक्टिविस्ट ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को समाचार पत्र के माध्यम से दी कड़ी चेतावनी, कहा बिहार- सरकार को बदनाम करने का काम विद्यूत विभाग के अधिकारी औरंगाबाद में बंद करें और बिहार-सरकार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेशों एवं निदेर्शों का अनुपालन करें अन्यथा जेल की सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहें

विद्युत विभाग औरंगाबाद के अधिकारियों से सोशल एक्टिविस्ट जानना चाहते हैं की औरंगाबाद जिले में बिजली कटौती का वजह क्या है अधिकारियों को नसीहत देते हुए जन संदेश में कहा है, क्या बात हैं साहब, आज- कल विद्यूत की कटौती बहुत ज्यादा हो रहा है।

क्या क्षेत्रों में बिजली चोरी एवं रिश्वतखोरी का रफ्तार / ग्राफ इनदिनों ज्यादा बढ़ गया है क्या ?

क्या बात हैं कि बिहार -सरकार के माननीय मुखिया "मुख्य मंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कड़े आदेश व निर्देश के बाद भी बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले का कुटूम्बा प्रखंड़ के विद्यूत सब स्टेशन हरदत्ता का निरंजनापुर फीटर व अन्य फीटर में बिजली की कटौती लगातार आज- कल होते आ रही है।

संदेश में कहा है जी ध्यान रहे, ज्यादा अत नहीं करें, अन्यथा अनैतिक रूप से अर्जित सभी धन छापेमारी में चला जायेगा और जेल की हवा भी खाने पड़ेगे।

## लोक अदालत में दर्जनों मामलों का हुआ निपटारा

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा/दिघवारा (सारण)। प्रखण्ड मुख्यालय गड़खा में गुरुवार को बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा लोक अदालत का आयोजन कर विभिन्न केसों से जुड़ी दर्जनों मामलों का निपटारा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जागरूक की गई कि आवेश में आकर जो केस फौजदारी होती हैं उससे दोनों पक्षों के विकास रुक जाती हैं। देश के सभी नागरिकों को कानून की



जानकारी होनी चाहिए यदि लोग जागरूक होंगे तो थानों में कोर्ट में केस कम होगी। परिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, बैंक सम्बंधित कई केसों की निपटारा की गई। वहीं गड़खा सेन्टर बैंक की लोन नहीं चुकाने की मामले की सुनवाई हुई। जज आर के सिंह, एलएलबी डॉ अरुण कुमार, सोशल वर्कर डॉ रघुवंश मिश्रा पारा विधिक स्वयं सेवक भारतेंदु त्रिपाठी, प्रियंका कुमारी, सुबोध कुमार , रवीश कुमार सिंह आदि उपस्थित थें।

## बाइक सवार अपराधियों ने दुकानदार को लूटा

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। छपरा-सिवान मुख्य मार्ग पर स्थित बनवार गांव के समीप बाइक सवार अपरिधियो ने एक बाइक सवार को रोकर उसके पास से मोबाइल समेत नगदी की लूट घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना गुरुवार की बतायी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिविलगंज थाना क्षेत्र के देवरिया टोला के कबाड़ी दुकानदार जितेंद्र महतो गांव से एकमा दुकान पर बाइक से जा रहे थे तभी फ्लाई ओवर के समीप बाइक पर सवार अपरिधियो ने जितेंद्र को रोक 69 हजार नगद और मोबाइल लूट कर फरार होगये। पीड़ित ने इस घटना के बाद दाउदपुर थाना में लिखित आवेदन देकर पैसे की बरामदगी की गुहार लगायी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल व अपराधियो की धड़पकड़ के लिए प्रयासरत है।

## शिक्षक सह बीएलओ की पिटाई करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण)। विद्यालय में घुसकर पिटाई करने के मामले में शिक्षक सह बीएलओ ने सहाजितपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें गांव के ही चार लोगों को नामजद किया है। मामला थाना क्षेत्र के शेखपुरा का है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित शिक्षक ने बताया है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखपुरा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हूँ।साथ ही मुझे बीएलओ की भी जिम्मेवारी दी गई है। इस बीच स्कूल में बच्चों को पढ़ा रहा था। तभी गांव के ही निरंजन कुमार,रघुवंश सिंह,मुकेश कुमार एवं निर्भय कुमार सिंह अपने-अपने हाथ में लाठी- डंडे लेकर विद्यालय पहुँचे एवं मुझसे बोले कि मेरा मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ने दिया। जिसपर मैंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। इतने में सभी मुझे स्कूल से खींचकर मारने लगे।हल्ला- गुल्ला की आवाज पर आसपास के लोग जुटे तबतक सभी आरोपित फरार हो गए। बाद में ग्रामीणों ने मुझे इलाज के लिये अस्पताल पहुँचाया।इसके पूर्व निरंजन कुमार सिंह ने भी प्राथमिकी दर्ज करा उक्त बीएलओ पर वोटर आईडी कार्ड में नाम जोड़ने के एवज में रुपये की मांग करने और रुपये देने से इंकार करने पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया था। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुटी है।

## 21 लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ़्तार

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण)। गश्ती के दौरान सहाजितपुर पुलिस ने 21 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसआई भरत राय के बयान पर मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें पुलिस पदाधिकारी ने बताया है कि सूचना मिली की खादी ग्रामोद्योग सहाजितपुर के पास एक युवक शराब लेकर जा रहा है। जिसपर त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी की गई। जहाँ खादी उधोग से कुछ दूरी पर एक व्यक्ति पुलिस बल को देख भागने का प्रयास करने लगा। जिसे बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जब उसके हाथ मे लिए बैग की तलाशी ली गई तो उसमें रखे 21 लीटर शराब बरामद किया गया।जिसे जब्त कर थाने लाया गया। वही धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ़्तार धंधेबाज सहाजितपुर निवासी राजेश चौधरी बताया गया है।

## भाकपा माले का प्रखंड सम्मेलन आयोजित


**दैनिक समाज जागरण**

पानापुर (सारण)। प्रखंड के भोरहा गांव स्थित मनरेगा भवन परिसर में गुरूवार को भाकपा माले का 9वां प्रखंड स्तरीय एरिया सम्मेलन का आयोजन हुआ। पार्टी का ध्वजारोहण के बाद कार्यकताओं ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला कमिटी के सचिव सभापति राय ने कहा कि आज केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। भाकपा माले के कार्यकर्ता भाजपा के मंसूबे को कामयाब नही होने देंगे। बाद में पर्यवेक्षक बिजेंद्र मिश्र की देखरेख में प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमे नागेन्द्र प्रसाद को प्रखंड सचिव के रूप मे चयनित किया गया। सम्मेलन को कामरेड रामएकबाल, अनुज कुमार दास, नागेन्द्र प्रसाद, बिजेंद्र मिश्र आदि ने भी संबोधित किया।

## वार्ड सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में दिया धरना बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

बनियापुर (सारण)। वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष छोटू ठाकुर की अध्यक्षता में दर्जनों वार्ड सदस्यों ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुँच नलजल योजना की समस्याओं को लेकर धरणा प्रदर्शन किया।वार्ड सदस्यों का कहना है कि अबतक महज 30 प्रतिशत वार्ड सदस्यों के खाते में ही नलजल योजना के रख-रखाव के लिये राशि का भुगतान किया गया है।जबकि बहुत सारे वार्ड सदस्यों को अबतक पुराने वार्डो द्वारा नलजल टावर की चाभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है।वही कई वार्ड सदस्यों का अबतक खाते में




नाम तक नही जुड़ पाया है।जिस वजह से सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ लोगों को नियमित रूप से नही मिल पा रहा है।ऐसे में वार्ड सदस्यों की मांग है कि वर्तमान वार्ड सदस्यों की देखरेख में तकनीकी गड़बड़ी को दूर कर नलजल योजना की जिम्मेवारी सौंपी जाए।ताकि आमलोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।बाद में वार्ड सदस्यों ने बीडीओ कपूर्री ठाकुर को अपने मांगो के समर्थन में एक ज्ञापन भी सौंपा।बीडीओ श्री ठाकुर ने बताया कि लगभग 70 प्रतिशत वार्डो में रख रखाव की राशि भेजी जा चुकी है।वही शेष वार्डो में भी एक दो दिनों में राशि पहुँच जायेगी।वार्ड सदस्यों की अन्य मांगो पर न्यायसंगत कारवाई की जा रही है।मौके पर वार्ड संघ के प्रखंड अध्यक्ष छोटू ठाकुर,उपाध्यक्ष श्री प्रकाश पांडेय,सचिव सुनील राय सहित दर्जनों वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## पांचवी पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी दरोगा राम।

**दैनिक समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण, जिला संवाददाता,औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 25 अगस्त 2022 :- औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के आदर्श ग्राम उब निवासी " समाजसेवी " दरोगा राम की पुण्यतिथि मनाई गई काफी संख्या में बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधियों नें उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया । दरोगा राम विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे, वे सदैव समाज कल्याण में लगे रहे एवं युवाओं को शिक्षा, विकास एवं आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रोत्साहित करते रहे।

## अमनौर के किसान यूरिया नहीं मिलने से परेशान

**दैनिक समाज जागरण**


दिघवारा (सारण)। अमनौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आजकल अन्नदाता काफी परेशान है किसान यूरिया की भारी किलर से परेशान है। जहां एक तरफकिसान मौसम की मार झेल रहे हैं वहीं दूसरी तरफ खाद की परेशानी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान अपनी फसल को सही समय पर सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं। जहां एक तरफ किसान नीलगाय और आवारा पशुओं से परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ मौसम की मार झेल रहे हैं। वहीं तीसरी तरफ खाद की किल्लत से किसान परेशान हो रहे हैं कितने किसान खेती छोड़ने पर विवश है। कभी खाद की किलर तो कभी मौसम की मार तो कभी आवारा पशुओं की मार झेल रहे हैं। किसानो सुधि लेने वाला शायद कोई नहीं

## बिजली करंट की चपेट उतरी उमगा, पंचायत के वर्तमान सरपंच आलोक कुमार का मौत।

## विभागीय खामियों व कमियों के कारण जिले में बिजली करंट से लगातार हो रहे हैं मौत

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव संवाददात्ता, औरंगाबाद ( बिहार)**

देव (औरंगाबाद):- जिला के मदनपुर प्रखंड के उतरी उमगा, पंचायत के वर्तमान सरपंच आलोक कुमार का मौत करंट लगने हो गयी है ।ग्रामीणों ने बताया कि उत्तरी उमगा पंचायत के वर्तमान सरपंच आलोक कुमार करंट के चपेट में आने से मौत हो गई है। वह अपने अंजना गांव स्थित नहर के पास बने घर पर घरेलू कार्य से गये थे, उसी दौरान



करंट के चपेट में आ गये। गांव के लोगों ने सरपंच आलोक कुमार को बिजली के तार में लिपटा हुआ देखा। ग्रामीणों ने किसी तरह बिजली को तार को काटकर हटाया और परिजन आनन-फानन में मदनपुर सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया।औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचते ही आलोक ने दम तोड़ दिया।

निधन की सूचना पाते ही मात्मी सन्नाटा छा गया और परिजनों की हलात रो-रोकर बुरा है। निधन की सूचना पर जिला पार्षद शंकर, मदनपुर के पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद ,राजद नेता अवधेश कुमार यादव, घटराइन पंचायत के मुखिया संजय कुमार यादव राजू कुमार पहूँचे और शोक व्यक्त किया है।

## गुरुग्राम में मॉल मेरा निकला तो आधा मीडिया को लिख देंगे, आधा गरीब व सीबीआई में बांट देंगे: तेजस्वी

**दैनिक समाज जागरण**

दिघवारा/छपरा (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश के कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रेस वार्ता करते समय आरजेडी नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि सीबीआई छापे में सूत्रों के हवाले से गुरुग्राम में उनका एक मॉल होने की खबर फैलाकर उनकी छवि खराब करने की साजिश चल रही है। सूत्रों के हवाले से इस तरह की खबर दिखाने वाली मीडिया चैनलों की चुटकी लेते हुए कहा कि अगर यह मॉल मेरा निकला तो आधा मॉल मीडिया वालों को दे देंगे और आधा गरीब लोगों के बीच बांट देंगे। कुछ बचेगा तो सीबीआई को दे देंगे।

राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में सीबीआई ने आरजेडी सांसद फैयाज अहमद, अशफाक करीम, एमएलसी सुनील सिंह और पूर्व विधान पार्षद सुबोध राय के कई ठिकानों पर छापा मारा था। सूत्रों ने कहा कि यह छापा लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के केस के सिलसिले में मारे गए। छापों को लेकर समाचार चैनलों पर दिनभर सूत्रों के हवाले से कई दावे किए गए। तेजस्वी ने ये प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन दावों को लेकर ही किया था। कुछ समाचार चैनलों पर खबर चली कि छापे में करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं और 200 जमीनों के कागजात मिले हैं। तेजस्वी ने इन सब का खंडन किया और कहा कि छापे में ना तो इतना पैसा मिला और ना जमीन के कागज उनके हैं। उन्होंने कहा कि 50 से ज्यादा जगह रेड हुआ, इसलिए 200 जमीन का कागज मिलना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन कोई भी जमीन उनकी नहीं है।

**तेजस्वी यादव द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई मुख्य बातें:**

सीबीआई रेड उस दिन पड़ा जिस दिन हमारी सरकार को विधानसभा में बहुमत सिद्ध करना था। लालू यादव 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे 90000 करोड का मुनाफा दिया। कई कारखाने दिए। मैनेजमेंट गुरु के नाम से जाना गया। सीबीआई 18 मई 2022 की तारीख में नौकरी के बदले जमीन का एफ आई आर करती है। 13 साल बाद जागी है। यह सब राजनीतिक विद्वेष का केस है। सूत्रों के हवाले से कुछ चैनलों ने चलाया कि गुड़गांव के सेक्टर 71 में वाइटलैंड कंपनी है।उसका मॉल बन रहा है, सूत्रों के हवाले से चला कि यह तेजस्वी का है, इसमें तेजस्वी शेरहोल्डर हैं।

इस मॉल या कंपनी से मेरा कोई लेना देना नहीं है। हमने पता किया किसका मॉल है, किसकी कंपनी है। कंपनी के कागज की जांच की कंपनी 12 फरवरी 2021 को बनी डायरेक्टर दो हैं वीरेंद्र मेहता और कृष्ण कुमार दोनों हरियाणा के हैं। शेयर होल्डर में मेरा




नाम नहीं है। जब कंपनी बनी तब भी और अभी मैं इसका शेयर धारक नहीं हूं। सबसे ज्यादा शेयर नवनीत के हैं।

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर गुरुग्राम के बीजेपी सांसद और बीजेपी की मेयर भिवानी के बीजेपी सांसद वाइटलैंड के प्रोग्राम में थे। सब ने कंपनी की तारीफ की। सीबीआई को चुनौती देता हूं कि दम है तो खट्टर पर छापा मारे बीजेपी के सांसद पर छापा मारे, किसका मॉल है।

हमारी छवि को नुकसान पहुंचा रहा है मीडिया। मानहानि का केस करने बैठे तो रोज केस करना होगा। हम यह सब नहीं करते क्योंकि हम प्रतिशोध में से कुछ नहीं करते। देश की सबसे बड़ी एजेंसी सीबीआई का जांच कैसा होता है वह देख लीजिए। भाजपा के मॉल की जांच करने गए और मेरा मॉल बताया जा रहा है इसलिए मैंने कहा भाजपा के जमाई है ईडी इनकम टैक्स और सीबीआई।

मेरा मॉल निकला तो आधा मीडिया को दे देंगे, आधा गरीब को जो बचेगा व सीबीआई को दे देंगे। 2005 में जो बहाल हुआ वह 2015 में जमीन बेचता है तो उसको आरेस्ट करके पीटा जा रहा है। लालू यादव को गाली दी जा रही है। जिनके यहां कल रेड हुआ उनको कहा गया कि लालू यादव से संबंध रखोगे तो आरेस्ट कर लेंगे, ऊपर से आर्डर है।

200 डीड मिला। 50 जगह रेड होगा तो 200 डीड नहीं मिलेगा तो क्या मिलेगा। कहां जा रहा है कि लालू परिवार का है 200 डीड, तेजस्वी का एक भी डीड नहीं है उसमें ,मेरे पास जो भी है वह मैंने चुनाव के शपथ पत्र में बता रखा है।

कुछ सूत्र कह रहे हैं कि भोला यादव ने बताया यह ब्लफ बाजी है। हमारा परिवार और जांच एजेंसी को सहयोग कर रहा है। हर न्यायालय के आदेश मान रहा है । ढाई दशक से देख रहे हैं यह रेड और जांच। असली दौड़ 2024 का है। एक पार्टी को छोड़कर सब एक हो गए हैं। 40 का 40 सीट महागठबंधन जीतेगा। लेकिन ये इतनी बेशर्मी पर आ गए हैं कि यह सिलसिला चलता रहेगा। यह बिहार है डरा कर कोई काम नहीं होगा। बिहार सब कुछ ठीक कर देता है। कहा गया है कि सुनील सिंह के यहां करोड़ों निकला है। नोट गिनने की मशीन आ रही है। कुछ नहीं मिला। 2017 में मुझ पर आईआरसीटीसी का मामला आया, क्या हुआ उसका। जांच एजेंसी गुंडा और भाजपा का प्रकोष्ठ बन गई है।

